
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-346 ❒ मंगलवार, 20 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



अंडमान और निकोबार द्वीप समूह जैव विविधता की एक जीवंत प्रयोगशाला है, जहां अत्याधुनिक विज्ञान को संरक्षण और सतत आजीविका के साथ मिलकर काम करना होगा। **डॉ. जितेंद्र सिंह**

मोदी की पहल ने पूर्वोत्तर के युवाओं के नये अवसर पैदा किये : जयंत 11

मुख्य सचिव ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की 'डेडलाइन' की तय 12

## संक्षेप

### एक दिन की यात्रा पर पहुंचे संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति, मोदी ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान एक दिन की आधिकारिक यात्रा पर सोमवार शाम यहां पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हवाई अड्डे जाकर स्वयं उनका स्वागत किया। शेख नाहयान की अब से कुछ देर बाद श्री मोदी के साथ वार्ता होगी जिसके बाद संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति आज ही स्वदेश लौट जायेंगे। शेख नाहयान की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद यह उनकी भारत की तीसरी आधिकारिक यात्रा होगी, और पिछले एक दशक में यह उनकी भारत की पांचवीं यात्रा होगी। यह यात्रा हाल ही में हुए उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान से मिली मज़बूत गति पर आधारित है, जिसमें सितंबर 2024 में अबू धाबी के शहजादा शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की यात्रा और पिछले वर्ष अप्रैल में अमीरात के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री तथा दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की यात्रा शामिल है।

### मानहानि मामले में बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे राहुल गांधी

**सुलतानपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मामले में सोमवार को सुल्तानपुर के एमपी,एमएएल कोर्ट में सुनवाई हुई। श्री गांधी के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल आज केरल में हैं और इस कारण यहां नहीं आ सके। कोर्ट ने अंतिम अवसर देते हुए 20 फ़रवरी की तारीख नियत की है। इस दिन राहुल गांधी को अपना बयान दर्ज कराना है। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी शुक्ला ने बताया कि नियत तारीख पर राहुल गांधी के आने की संभावना है। ज्ञातव्य है कि कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने अक्टूबर 2018 में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

### उप्र और उत्तराखंड के लिए अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती रैली 18 फरवरी को लखनऊ में

**लखनऊ/ देहरादून।** रिक्रूटिंग ज़ोन उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (हेडक्वार्टर), लखनऊ के तहत लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में महिला मिलिट्री पुलिस अग्निवीर भर्ती रैली 18 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह रैली उत्तर प्रदेश में होने वाली रैलियों की सीरीज़ की छठी रैली होगी और यह एक दिन चलेगी। इसमें वे अभ्यर्थी शामिल होंगे जिन्होंने जुलाई 2025 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास किया है। इस रैली में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों से लगभग 1,000 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। ऑनलाइन सीईई पास करने वाले और उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी अभ्यर्थियों को अलग से एडमिट कार्ड जारी किए गए हैं।

# नितिन नबीन चुने गए भाजपा अध्यक्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हो गये। पार्टी सूत्रों के अनुसार मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में श्री नबीन को पूर्णकालिक स्थायी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी।

इस संबंध में भाजपा मुख्यालय में सबसे युवा अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर मंगलवार को होने वाले कार्यक्रम के लिये तैयारियां तेज हो गयी हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार नितिन नबीन के आधिकारिक घोषणा के अवसर पर पार्टी मुख्यालय में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत भारी भीड़ का अनुमान है।

चुनाव अधिकारी डॉ के. लक्ष्मण ने इस चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के



❒ प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में सौंपी जायेगी पूर्णकालिक जिम्मेदारी


बाद एक विज्ञप्ति में घोषणा की कि इस पद के लिए केवल श्री नबीन का पर्चा भरा गया और वह वैध पाया गया। इसके साथ ही मतदान प्रक्रिया की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती।श्री नबीन के पक्ष में नामांकन पत्र के 37 सेट जमा किये गये थे, जो जांच के उपरांत वैध पाये गये। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी ने पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ निर्वाचन अधिकारी डॉ के लक्ष्मण को श्री नबीन के नाम के प्रस्ताव का पर्चा सौंपा। उनके साथ केंद्रीय मंत्री किरन रिजीजू, धर्मेंद्र प्रधान , भूपेन्द्र यादव, हरदीप सिंह पुरी समेत कुछ अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता भी थे। डॉ. लक्ष्मण के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया 36 प्रदेशों में ● शेष पेज 11 पर

# मुलायम के दूसरे पुत्र प्रतीक पत्नी अपर्णा को देंगे तलाक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के पुत्र प्रतीक यादव पत्नी अपर्णा यादव से तलाक लेंगे। उन्होंने सोमवार की सुबह अपने अधिकृत अकाउंट इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी साझा की। अपर्णा की ओर से कहा गया कि प्रतीक का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया है। ऐसी कोई बात नहीं है। हालांकि, प्रतीक की ओर से हैक होने की बात नहीं की गई। प्रतीक ने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर अपर्णा की तस्वीर लगाते हुए लिखा कि 'मैं इस स्वार्थी औरत से जल्द से जल्द तलाक लेने जा रहा हूं। इसने मेरे पारिवारिक रिश्ते बर्बाद कर दिए। इसका एकमात्र लक्ष्य है मशहूर और प्रभावशाली बनना।

❒ इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी स्वयं दी इसकी जानकारी



❒ प्रतीक का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया था ऐसी कोई बात नहीं : अपर्णा

इस समय मेरी मानसिक स्थिति बहुत खराब है। इसे कोई परवाह नहीं। इसे सिर्फ अपनी ही चिंता है। मैंने कभी ऐसी बुरी आत्मा नहीं देखी। मेरा दुर्भाग्य था कि मैंने इससे शादी की।' उनकी ओर से पोस्ट की गई यह बात देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। इसकी पुष्टि के लिए लोग इधर-उधर पूछताछ करने लगे। प्रतीक के बारे में बताया जा रहा है कि वो इस समय विदेश में हैं। अपर्णा यादव ने स्वयं भी सामने आकर इस बात को खारिज नहीं किया, लेकिन उनके परिवार की ओर से यह जरूर कहा गया कि प्रतीक का अकाउंट हैक हो गया है और ऐसी कोई बात नहीं है। प्रतीक मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के पुत्र हैं। प्रतीक की दो बेटियां हैं। अपर्णा का पूरा परिवार मूल रूप से उत्तराखंड का रहने वाला है। उनकी मां अंबी बिष्ट नगर निगम सेवा की अधिकारी रही हैं और लखनऊ विकास प्राधिकरण में काफी समय पर संपत्ति अधिकारी के पर कार्यरत थीं। अपर्णा वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव से पहले अचानक सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुई थीं। वह ● शेष पेज 11 पर

# संवाद, विमर्श और निष्पक्षता से ही लोकतंत्र होगा सशक्त : बिरला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी विधानसभा में आज से शुरु हुए 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदनों में लोकतांत्रिक पद्धतियां और मूल्य हमारी सभ्यतागत चेतना में विद्यमान हैं, लेकिन कई बार सदन की कार्यवाही को नारेबाजी, तख्तियां दिखाने और कागज फाड़ने और फेंकने तथा नियम विरुद्ध आचरण से बाधित किया जाता है, जो निराशाजनक है और इससे बचना चाहिए।

सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत के विधायी निकायों के सभी अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के साथ, पीठासीन अधिकारियों के इस सम्मेलन की स्वेच्छा से मेजबानी का दायित्व उठाने के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति को बधाई। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि आज आर्थिक मोर्चे पर उत्तर प्रदेश राज्य की स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में, राज्य पिछड़े राज्यों की श्रेणी से अब भारत के सबसे तेजी से विकसित होते राज्यों में से एक बन गया है और हमारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान कर रहा है। 24 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ, जो हमारी कुल आबादी का लगभग 17 प्रतिशत है, राज्य ने पिछले दशक में अभूतपूर्व प्रगति की है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय एक दशक से भी कम समय में दोगुनी हो गई है। यह 2016-17 के 54,564 रुपये से बढ़कर 2024-25 में 1,08,572 रुपये हो गई है। लोकसभा अध्यक्ष ने महाकुंभ के सफल आयोजन की चर्चा करते हुए इसके लिए राज्य सरकार की सराहना की और कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने से इस राज्य का गौरव बढ़ गया है ।

लोकसभा अध्यक्ष ने सम्मेलन के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 1921 में पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन की शुरुआत की गई थी । समय के साथ-साथ, यह सम्मेलन संसदीय कार्यप्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के अलावा सदन में अनुशासन और मर्यादा सुनिश्चित करने; विधायिका और न्यायपालिका के बीच सौहार्दपूर्ण सम्बन्धों की स्थापना करने, संसदीय निगरानी को मजबूत बनाने, विभागों से संबद्ध स्थायी समितियों के कार्यकरण आदि जैसे मुद्दों पर विचार विमर्श करने का एक सक्रिय मंच बन गया है। ओम बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक पद्धतियां और मूल्य हमारी सभ्यतागत चेतना में विद्यमान हैं, लेकिन कई बार सदन की कार्यवाही को नारेबाजी, तख्तियां दिखाने और कागज फाड़ने और फेंकने तथा नियम विरुद्ध आचरण से बाधित किया जाता है जो कि निराशाजनक है। कई राज्य विधानमंडलों और हमारी संसद में कुछ सदस्यों का किया गया इस तरह का व्यवहार, नेताओं और निर्वाचित प्रतिनिधियों की छवि को नकारात्मक बना देता है और इससे ● शेष पेज 11 पर



**सम्मेलन**

❒ सदनों में लोकतांत्रिक पद्धतियां और मूल्य हमारी सभ्यतागत चेतना में विद्यमानः ओम बिरला

❒ 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को लोकसभा अध्यक्ष ने किया संबोधित

❒ सम्मेलन में संसदीय परंपराओं, सुशासन और विधायी नवाचारों पर चर्चा

### जब कुछ न आये तो नेता बन जाओ का समय गया : सतीश महाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की विधानसभा में आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उप्र की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का शुभारंभ किया। यह सम्मेलन उत्तर प्रदेश में चौथी बार आयोजित हो रहा है। अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का शुभारंभ के मौके पर यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आमतौर पर राज्य की विधानसभा को यह अवसर लगभग 20 साल में एक बार मौका मिलता है। लोकसभा अध्यक्ष ने मेरे आग्रह को स्वीकार किया। इससे पहले 2015 में यूपी विधानसभा ने पीठासीन अधिकारी सम्मेलन की मेजबानी की थी। आज एक बार फिर हमें यह मौका मिला है। महाना ने कहा कि पहले यह कहा जाता था कि जब कुछ न आये तो नेता बन जाएं। अब बदल गया है, अब वही नेता बन सकता है जिसे सब कुछ ● शेष पेज 11 पर

### पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन बहस और लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्साः प्रधानमंत्री

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार से लखनऊ में शुरू हुए 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन और सचिवों के 62वें सम्मेलन पर दिए संदेश में कहा है कि बहस और चर्चा लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पारदर्शिता, निष्पक्षता और अलग-अलग विचारों के प्रति सम्मान व गरिमा को बढ़ावा देते हैं। प्रधानमंत्री ने संदेश में कहा है कि अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी सदन में मर्यादा व शालीनता बनाए रखते हुए विधायी नियमों, प्रक्रियाओं का पालन करते हुए प्रभावी कामकाज करते हैं। निष्पक्ष और व्यवस्थित कामकाज को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह देखकर खुशी होती है कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन हमारे संसद द्वारा आयोजित राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन के समापन के बाद हो रहा है। उन्होंने संदेश में यह भी कहा कि अध्यक्ष ● शेष पेज 11 पर

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत पर योगी सख्त

# तीन सदस्यीय एसआईटी गठित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

एसआईटी में मेरठ मंडलायुक्त, एडीजी जोन मेरठ और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को शामिल किया गया है। टीम को पांच दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। घटना को लेकर सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि पीड़ित परिवार को न्याय मिले और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

इस मामले में युवराज मेहता के पिता राजकुमार मेहता की शिकायत पर नॉलेज पार्क थाना में दो बिल्डरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि निर्माण कार्य और सुरक्षा मानकों में गंभीर



लापरवाही बरती गई, जिसके चलते यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। प्रकरण में विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई की गई है। लापरवाही के आरोपों के चलते संबंधित जूनियर इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि जांच के दौरान यदि अन्य अधिकारियों या कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उनके खिलाफ भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। घटना के बाद से इलाके में आक्रोश का माहौल है। परिजन और स्थानीय लोग दोषियों की गिरफ्तारी और सख्त ● शेष पेज 11 पर

### उन्नाव पीड़िता के पिता की मौत के मामले में कुलदीप सेंगर की जमानत याचिका खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव सामूहिक बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मृत्यु के मामले में कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को बताया कि कुलदीप सिंह सेंगर एवं अन्य को निचली अदालत ने इस मामले में चार मार्च 2020 को दोषी ठहराया था । अदालत ने सेंगर को 10 वर्ष का कठोर कारावास, जुर्माना और मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की सजा सुनाई थी। कुलदीप सिंह सेंगर ने निचली अदालत के आदेश के विरुद्ध अपील दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि जब तक इस आदेश के खिलाफ उसकी अपील लंबित है तब तक सजा को निलंबित किया जाना चाहिए। सीबीआई ने अपीलकर्ता की जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया। उच्च न्यायालय ने कुलदीप सिंह सेंगर द्वारा दायर सजा निलंबन की याचिका को खारिज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नाबालिग लड़की से बलात्कार से संबंधित मामले में उच्चतम न्यायालय ने अभियुक्त को जमानत देने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को निरस्त कर दिया था।

# उत्तर भारत में घना कोहरा, ठंड बढ़ने के आसार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के कई इलाकों में घने कोहरे की संभावना जताई है। राजधानी में अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 8 डिग्री के आस-पास सेल्सियस रहने का अनुमान है।

आईएमडी के अनुसार, सोमवार से दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। हालांकि, यह राहत ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं है। 19 जनवरी से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिसके चलते 23 जनवरी तक कुछ इलाकों में भारी बारिश या बर्फबारी हो सकती है। इस मौसम प्रणाली का असर राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार तक महसूस किया जा सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है



कि अगले दो से तीन दिनों तक उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तर प्रदेश और बिहार के कई हिस्सों में घना कोहरा बना रहेगा। हालांकि शीतलहर की तीव्रता में कुछ कमी आई है, लेकिन ठंड पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी संभव है, फिर भी सर्दी का असर बरकरार रहेगा। 19 से 22 जनवरी के बीच दिल्ली के तापमान में बड़े उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है, लेकिन सुबह और देर रात घने कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है। इसे देखते हुए ● शेष पेज 11 पर

### भारत के पड़ोस में आतंकी ढांचों को किसी भी तरह की मदद न दे : विदेश मंत्री

# पोलैंड आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाए : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने पोलैंड से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि उसे भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं देनी चाहिए। डा. जयशंकर ने भारत यात्रा पर आये पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की के साथ सोमवार को यहां वार्ता के दौरान प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि पोलैंड इस क्षेत्र के लिए कोई अजनबी नहीं हैं और वह सीमा-पार आतंकवाद की लंबे समय से चली आ रही चुनौती से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि पोलैंड को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं करनी चाहिए।

विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा स्वाभाविक रूप से शामिल होगी।

**साझेदारी**

❒ भारत-पोलैंड के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श

❒ द्विपक्षीय व्यापार 7 अरब डॉलर के करीब, भारतीय निवेश 3 अरब डॉलर से अधिक

विशेष रूप से अपने-अपने पड़ोस के संबंध में आकलनों का आदान-प्रदान उपयोगी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष और उसके प्रभावों पर भारत के विचार पहले भी स्पष्ट रूप से साझा कर चुके हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि चुनकर भारत को निशाना बनाना न केवल अनुचित बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। विदेश मंत्री ने कहा कि वह आज एक बार फिर इस बात को दोहरा रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब दुनिया में काफी उथल-पुथल है। उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित हैं जिनकी अपनी-



अपनी चुनौतियां और अवसर हैं इसे देखते हुए विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करना स्वाभाविक रूप से उपयोगी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध भी निरंतर प्रगति कर रहे हैं लेकिन इन पर निरंतर ध्यान दिये जाने की जरूरत है। भारत और पोलैंड के बीच परंपरागत रूप से गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में ये संबंध उच्च-स्तरीय राजनीतिक आदान-प्रदान तथा सशक्त आर्थिक और लोगों के बीच संपर्कों से आगे बढकर मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2024 की पोलैंड यात्रा के दौरान संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किया गया। डा. जयशंकर ने कहा कि दोनों देश बातचीत के दौरान 2024 से 28 तक कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे जिसके माध्यम से हम अपनी रणनीतिक साझेदारी की पूरी क्षमता को साकार करना चाहते हैं। इसके अलावा व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा डिजिटल नवाचार में सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि पोलैंड मध्य यूरोप में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 7 अरब डॉलर है जिसमें पिछले एक दशक में लगभग 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पोलैंड में भारतीय निवेश तीन अरब डॉलर से अधिक हो चुका है, जिससे पोलैंड के नागरिकों के लिए रोजगार के अनेक अवसर सृजित हुए हैं। भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, बड़े बाजार का आकार और निवेश-अनुकूल नीतियाँ वहां के व्यवसायों के लिए अपार अवसर प्रदान करती हैं।

# आस्था और अध्यात्म के साथ कारोबार में भी माघ मेला ने लिखी इबारत

❒ पौष पूर्णिमा से मौनी अमावस्या तक माघ मेला क्षेत्र में 450 करोड़ से अधिक का कारोबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । त्रिवेणी के तट पर चल रहे माघ मेले में लगातार ही रही श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी ने छोटे , मध्यम और बड़े कारोबारियों के कुबेर का खजाना भी खोल दिया है। ट्रेड एंड कॉमर्स से जुड़ी एजेंसियों के अनुमान ने इस माघ मेला को अब तक के सबसे अधिक रोजगार और कारोबार वाले माघ मेले की कतार में खड़ा कर दिया है।

### माघ मेले में 16 दिन में 450 करोड़ से अधिक का कारोबार

संगम तट पर हर साल माघ के महीने में आयोजित होने वाले माघ मेले ने इस साल कई कीर्तिमान दर्ज कर लिए हैं। अपनी बसावट और मेला के बसाने में आवंटित किए गए बजट में बड़ी लकीर खींचने वाले इस माघ मेले ने मेला क्षेत्र में कारोबार में भी बड़ी रेखा खींच दी है। कंफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल का कहना है कि इस बार मात्र 16 दिनों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के फुटफाल ने मेला क्षेत्र में दुकानें लगाए पंजीकृत और गैर पंजीकृत दुकानदारों की पौ बारह कर दी है।

महेंद्र गोयल का कहना है कि मेला प्रशासन का दावा है कि इन 16 दिनों में 10 करोड़ से अधिक लोग मेला क्षेत्र में आए हैं। ऐसे में प्रति व्यक्ति 40 से 50 रुपए मेले में किसी मद में खर्च करता है तो यह आंकड़ा लगभग 450 करोड़ हो जाता है। उनका कहना है कि मेला के समापन तक यह आंकड़ा 1100 करोड़ पार कर सकता है।

### फूड एंड हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में सबसे अधिक कारोबार

माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के सहज आवागमन और उनकी बुनियादी ज़रूरतों के लिए भी माघ मेला प्रशासन मेला क्षेत्र में दुकानों का आवंटन करता है। मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि परेड ग्राउंड में त्रिवेणी बाजार फूड कोर्ट और इंटरटेनमेंट जोन बनाया गया है। मेला क्षेत्र में छोटे बड़े सभी दुकानदारों को इसका आवंटन हुआ है। एक तरफ इससे एक तरफ 30 से 35 हजार लोगों को रोजगार का एक माध्यम मिला है तो वहीं दूसरी तरफ मेला प्रशासन के लिए इससे राजस्व मिला है।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल का कहना है इस बार माघ मेले में फूड और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से ज्यादा आमदनी हुई है क्योंकि ये ऐसी ज़रूरत है जिसे श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र में ही पूरा करने में सुगमता लगती है। इसके अलावा ट्रैवल एक बड़ा सेक्टर है जिसमें श्रद्धालुओं की संख्या से इस क्षेत्र की बड़ी इजाफा हुआ है। परेड के त्रिवेणी बाजार में ब्रेक फास्ट और फास्ट फूट कॉर्नर के मालिक सुभाष केसरवानी बताते हैं कि स्नान पर्व के दिनों उनके यहां इतने ग्राहक आ गए कि सबको सर्व कर पाना भी मुश्किल था।स्नान करने के बाद ज्यादातर लोग नाश्ते और फास्टफूड के लिए उनके यहां आते थे। दोपहर या रात का भोजन भंडारों से उन्हें सहज रूप से मिल जाता है।

## माघ मेला में फिजियोथैरेपिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। फिजियोथैरेपिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश की ओर से माघ मेला 2026 के पावन अवसर पर (अमावस्या स्नान पूर्व) को दोपहर 12:30 बजे से फिजियोथैरेपिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन शिविर, माघ मेला, प्रयागराज में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।यह आयोजन संस्था की जनसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक दायित्व के प्रति सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों एवं जरूरतमंदों ने प्रसाद ग्रहण कर लाभ प्राप्त किया।कार्यक्रम का आयोजन संस्था अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ. त्रिभुवन सिंह, महासचिव डॉ. संतोष पांडेय ,डॉ बिटम सिंह ज्वाइंट सेक्रेटरी सहित संस्था के अनेक वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. धीरज सिंह, डॉ. दिनेश मिश्रा, डॉ. अनुज सैनी, डॉ. दीप्ति योगेश्वर, डॉ. अर्चना पटेल, डॉ. विजय विश्वकर्मा, डॉ. ताजिम तथा फिजियोथैरेपिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अन्य सम्मानित सदस्य शामिल रहे।सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने समर्पण भाव से सेवा कर कार्यक्रम को सफल बनाया। संस्था की ओर से सहयोग देने वाले सभी सदस्यों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया गया।

## जेण्डर रेशियो में सुधार हेतु समीक्षा कर लायी जाये प्रगतिः डीईओ

**रायबरेली , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने महिला वोटर्स की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि शतप्रतिशत महिला वोटर्स को फार्म-06 भरवाकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराया जाये, जिससे जनपद का जेण्डर रेशियों सही हो सके। इसके साथ ही बूथवार जेण्डर रेशियो की समीक्षा कर अध्ययन किया जाए कि किस बूथ पर जेण्डर रेशियो कम है, और उसका क्या कारण है फिर जेण्डर रेशियो में प्रगति लायी जायें। शत प्रतिशत युवा वोटर्स को कवर किया जाए, इसके लिए डिग्री कॉलेजों में एक वोटर्स हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए, जिसमें शत प्रतिशत युवाओं को फार्म 06 भरवाकर मतदाता सूची में शामिल किया जायें। दावें और आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, प्राप्त हो रहे फार्म-06 को प्रतिदिन बी0एल0ओ0 द्वारा डिजीटाइज कराया जायें। बैठक में अधिक से अधिक फार्म-06 भरवाने के निर्देष दिये गये जिससे कि कोई पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से ना छूटें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह, उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, उपजिलाधिकारी लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी डलमऊ सतेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी ऊँचाहार राजेश कुमार, उपजिलाधिकारी विवेक राजपूत, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## नि:शुल्क जनपद स्तरीय संस्कृति उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृतिऽहमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव 2025ऽ26 के तहत प्रयागराज जनपद की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 जनवरी, 2026 को प्रातः 10:30 बजे से विकास भवन स्थित सरस सभागार, प्रयागराज में किया जाएगा। प्रतियोगिता में किशोर वर्ग के पंजीकृत प्रतियोगी कलाकार एवं कलाकार दल प्रतिभाग करेंगे।प्रतियोगिता की विधाओं में गायन (शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, लोक, सुगम संगीत एवं काव्य पाठ), वादन (स्वर वाद्य, ताल वाद्य, जनजातीय/लोक वाद्य) तथा नृत्य (शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, लोक नाट्य) शामिल हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है, जो संस्कृति विभाग के पोर्टल https://upsanskriti.com पर किया जाएगा। आयु सीमा किशोर वर्ग के लिए 14 से 20 वर्ष तथा युवा वर्ग के लिए 21 से 25 वर्ष निर्धारित है। एक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में भाग ले सकेगा एवं वाद्य यंत्रों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।जनपद स्तर पर चयनित विजेताओं को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग का अवसर दिया जाएगा। मंडल स्तर के विजेताओं को लखनऊ में प्रस्तुति हेतु प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। संस्कृति उत्सव 2025ऽ26 का समापन समारोह उत्तर प्रदेश दिवस (24 जनवरी, 2026) को लखनऊ में आयोजित होगा, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।

## राजस्थान अमरूद महोत्सव में दिखा सुर्खा अमरूद का जलवा



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** राजस्थान के सवाई माधोपुर में आयोजित अमरूद महोत्सव कार्यक्रम में प्रयागराज के प्रसिद्ध इलाहाबादी सुर्खा अमरूद ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। अपने बेहतरीन स्वाद, सुगंध और आकर्षक लाल रंग के कारण सुर्खा अमरूद महोत्सव का मुख्य आकर्षण बना रहा, जिसे देखने और चखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।अमरूद महोत्सव में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश सहित देश के लगभग 14 राज्यों से अमरूद के विभिन्न प्रकार के फल, पौधे एवं उनसे तैयार होने वाले अनेक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर आधुनिक बागवानी तकनीक, उन्नत किस्मों और मूल्य संवर्धन से जुड़े उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया, जिससे किसानों और आगंतुकों को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।महोत्सव के समापन सत्र में उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से सुर्खा अमरूद का पौधा एवं फल राजस्थान सरकार के कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किशोरी लाल को मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह द्वारा भेंट किया गया। वहीं, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज के विजय किशोर सिंह द्वारा अमरूद उत्पादन में प्रयुक्त तकनीकों का प्रदर्शन किया गया तथा आगंतुकों को एप्पल अमरूद से संबंधित तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## मौनी अमावस्या पर माघ मेला में खादी प्रदर्शनी की सांस्कृतिक संध्या में गूंजे भजन

प्रयागराज , **कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** संगम में मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगाते नजर आए, वहीं माघ मेला-2026 के अवसर पर परेड ग्राउंड त्रिवेणी रोड पर आयोजित मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक शरद चंद्र व उनके ग्रुप द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में 'वोकल फॉर लोकल' को देश की आर्थिक तरक्की का आधार बताया गया। प्रदर्शनी में कुल 210 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश सहित झारखंड, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों की खादी संस्थाओं द्वारा खादी वस्त्रों और ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रदर्शन व बिक्री की जा रही है।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अनशन जारी, प्रशासन कर रहा मामले की जांच

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अनशन लगातार जारी है। शंकराचार्य प्रोटोकॉल के साथ गंगा स्नान कराए जाने की मांग पर अड़े हुए हैं। बताया जा रहा है कि संगम पर स्नान के दौरान उनके शिष्यों और समर्थकों के साथ धक्कामुक्की हुई थी, जिसके बाद उन्हें वापस लौटा दिया गया। इसी घटना से आहत होकर शंकराचार्य अनशन पर बैठ गए हैं। वहीं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया कि शंकराचार्य बिना अनुमति पालकी के साथ संगम पहुंचे थे, उस समय अत्यधिक भीड़ थी। डीएम ने कहा कि बैरियर तोड़े जाने और पुलिस से धक्का-मुक्की की भी शिकायतें मिली हैं। पूरे मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएमवीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सुख-शांति एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग कक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अयोध्या। अमानीगंज विकासखंड के ग्राम नदौली गाँवमें सुख-शांति, सामाजिक सद्भाव एवं बेहतर स्वास्थ्य के उद्देश्य से योग कक्षा, सुंदरकांड पाठ एवं समरसता सहभोज का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के माननीय मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई।

कार्यक्रम की शुरुआत योग कक्षा से हुई, जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा ग्रामीणों को नियमित योगाभ्यास के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। योग सत्र में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात भक्तिमय वातावरण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिससे पूरे ग्राम नंदुली में श्रद्धा, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।माननीय विधायक जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग, धार्मिक आयोजन एवं समरसता सहभोज जैसे कार्यक्रम समाज में भाईचारे, समानता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने गांव के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया।कार्यक्रम के अंत में समरसता सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के ग्रामवासियों ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिससे सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया।इस अवसर पर हरिहर सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, रणजीत सिंह, वेद प्रकाश, विश्वनाथ गुप्ता, राज नारायण, पप्पू टेलर, गाजी प्रसाद, विजय कुमार, जय सिंह एवं भवानी प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन को लेकर ग्राम नदौली गाँव, अमानीगंज में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला

## एडीएम ने धान क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

❒ एडीएम ने महराजगंज में पानी की लाइन में लीकेज की समस्या को लेकर किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने महराजगंज तहसील में मंडी समिति परिसर में संचालित धान क्रय केंद्रो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायज़ा लिया। अपर जिलाधिकारी ने किसानों से धान खरीद की पूरी प्रक्रिया तौल, गुणवत्ता परीक्षण, रिकॉर्डिंग, बोरे उपलब्धता और केंद्र पर अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने कहा कि किसानों को निर्धारित दर पर तौल हो तथा सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी सुविधाएं बिना किसी अवरोध के उपलब्ध कराई जाए। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीद का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में किसानों के बैंक खातों में पहुँचना चाहिए। इसके पश्चात अपर जिलाधिकारी ने नगर पंचायत महाराजगंज में पानी की लाइन में लीकेज की समस्या के दृष्टिगत निरीक्षण किया। जल निगम एवं जलकल अभियंताओं की टीम ने लीकेज का स्थान पता कर लिया है। लीकेज को सही करने का काम चल रहा है। पानी की सप्लाई को बंद कराकर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में जनउपयोग हेतु उपलब्ध करा दिए गए है। डॉक्टर की टीम द्वारा पूरे क्षेत्र का हाउस टू हाउस सर्वे कर लिया है, कोई भी व्यक्ति पानी की वजह से बीमार नहीं पाया गया है।निरीक्षण के समय एसडीएम महाराजगंज गौतम सिंह, अध्यक्ष नगर पंचायत महराजगंज, जल निगम के अभियंता एवं स्वास्थ्य टीम मौजूद रही।

## गणतंत्र दिवस को जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगाः डीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाये जाने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी को समस्त नगर पालिका, नगर पंचायत व ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाली मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकारी भवनों, स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक भवनों एवं मूर्तियों को प्रकाशित किया जाए। 26 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे समस्त शासकीय भवनों पर झंडारोहण तथा अभिवादन हो और इस अवसर पर राष्ट्रगान के साथ संविधान में उल्लिखित संकल्पों के स्मरण की व्यवस्था की जाए। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रध्वज प्रातः 10 बजे फहराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में निर्धारित समय के अनुसार प्रभात फ़ेरी का आयोजन तथा सभी सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। पुलिस लाइन में परेड का आयोजन के साथ ही तहसील, ब्लाक, गांव में भी कार्यक्रमों का आयोजन करें। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी याद किया जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को सफलतापूर्वक गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। जनपद में साफ-सफाई के साथ ही विद्युत व्यवस्था आदि को भी दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) / उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह, उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, उपजिलाधिकारी लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी डलमऊ सतेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी ऊँचाहार राजेश कुमार, उपजिलाधिकारी विवेक राजपूत सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## नगर निगम ने किसानों के हित में लिया बड़ा फैसला बिचौलिए या अवैध वसूली से मिलेगी मुक्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर निगम ने मलदहिया-इंग्लिशिया लाइन स्थित 'किसान फूल मंडी' को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के बाद किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। अब फूल विक्रेताओं और किसानों को किसी बिचौलिए या अवैध वसूली करने वाले के आगे हाथ नहीं फैलाना होगा। नगर निगम ने अपील की है कि किसान सीधे निगम के साथ अनुबंध करें और वैधानिक रूप से अपना स्थान सुरक्षित करें।?इस नई व्यवस्था के तहत गरीब किसानों के लिए फूल मंडी में आवंटन पूरी तरह निशुल्क रखने की तैयारी है। बिचौलियों को पूरी तरह बाहर कर सीधे निगम और किसानों के बीच अनुबंध कराया जा रहा है। नगर निगम के नायब तहसीलदार स्वयं माला-फूल विक्रेताओं और किसानों से संपर्क कर उन्हें इस पारदर्शी प्रक्रिया से जोड़ रहे हैं। इससे करीब 500 किसानों और छोटे व्यापारियों को शोषण मुक्त व्यापार का अधिकार मिलेगा। यह भूमि रक्षा संपदा विभाग की है और निगम के प्रबंधाधीन है। निगम ने स्पष्ट किया कि मंडी परिसर में नियमों के विरुद्ध कोई भी गतिविधि बर्दाश्त नहीं होगी। यदि भविष्य में किसी ने भी इस सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किया या किसानों को डराने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि मंडी में पूर्व में होने वाली अवैध वसूली को जड़ से खत्म करने के लिए यह पहल की गई है। किसान निगम से सीधे संपर्क करें और अनुबंध कर कानूनी मान्यता प्राप्त करें। इससे वह बिना किसी भय के अपना कारोबार कर सकेंगे और निगम की व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। वहीं ?सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव ने किसानों से अपील की है कि वह अपनी सुरक्षा और वैधानिक मान्यता के लिए जल्द से जल्द अनुबंध की प्रक्रिया पूरी करें। अनुबंध होने के बाद किसी भी किसान को अवैध वसूली का डर नहीं रहेगा। राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों का सत्यापन कर त्वरित गति से कार्रवाई पूरी करें।

## सीडीओ ने उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में की बैठक

रायबरेली । मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने 24-26 जनवरी 2026 तक उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि उत्तर प्रदेश दिवस संस्कृति के साथ आर्थिक विकास को केन्द्र में रखकर शासन की विभिन्न योजनाओं का आमजन तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न सेमिनार/प्रदर्शनी/गोष्ठियां आदि जनपद में आयोजित किये जाये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए जनपद में सभी विभागों द्वारा जो कार्य योजना बनायी गयी है उन सभी को आमजन के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लाभ प्रदान कराया जाए। जनपद में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश दिवस से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन से संबंधित समस्त तैयारियां समय से पूरी कर ली जाये।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | MKG-05 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at MKG station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.02.2026 at 11:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| S. N. | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MANAK NAGAR | Catg-LKO-MKG-SMU-93-24-1 | MKG/PF-1/41/ADDL | 03.02.2026 at 11:30 hrs. | SMU | SC (WOMEN) |

197/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जनता दर्शन : बेघर हुई सीमा को मिला न्याय का भरोसा, जनता दर्शन' में आई महिला ने मुख्यमंत्री को सुनाया दुखड़ा

❒ पुलिस आयुक्त को तत्काल उचित कार्रवाई का निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए हर फरियादी की समस्या सुनी और निराकरण के लिए अफसरों को निर्देश दिया। इस दौरान लखनऊ निवासी महिला सीमा ने मुख्यमंत्री से आर्थिक विपन्नता का जिक्र किया और पति द्वारा घर से निकाले जाने की शिकायत की। आग्रह किया कि उन्हें घर में रहने की जगह दिलाई जाए।

इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस आयुक्त को तत्काल उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।लखनऊ निवासी सीमा अपनी दो बच्चियों को लेकर सोमवार को 'जनता दर्शन' में पहुंची। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि ससुर का निधन हो गया है। पति व ससुराल वालों ने उन्हें घर से निकाल दिया। दो छोटी बच्चियों को लेकर वह भटक रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से उन्हें वापस ससुराल में भिजवाने तथा वहां रहने देने के लिए गुहार लगाई। महिला ने बच्चों के लालन-पालन के लिए आर्थिक सहायता की मांग करते हुए मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस आयुक्त को मामले में तत्काल उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में अपने माता-पिता के साथ आए सभी बच्चों को चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। इस दौरान मां सीमा के साथ दो साल की नन्ही अनन्या भी आई थी। मुख्यमंत्री ने उसे भी चॉकलेट दी और दुलार किया। चॉकलेट पाकर बच्ची खिलखिला उठी। जब मुख्यमंत्री ने उससे चॉकलेट मांगी तो उसने बड़ी मासूमियत से चॉकलेट वापस सीएम की तरफ बढ़ा दी। यह देखकर मुख्यमंत्री का बालप्रेम उमड़ पड़ा। इस दौरान नन्ही बच्ची की भाव भंगिमा और मुख्यमंत्री का संवाद देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति भाव-विभोर हो गया।'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस, बिजली विभाग के साथ ही आर्थिक सहायता से जुड़े प्रकरण भी आए। मुख्यमंत्री ने सभी से मिलकर उनका प्रार्थना पत्र लिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर प्रकरण की जांच कराकर फरियादियों की समस्याओं को हल कराएं। इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने आए फरियादियों से अस्पताल से एस्टिमेट मंगाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर सुख दुःख में प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। सरकार आपकी हर उचित समस्या का निदान कराएगी।

# भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में के.पी. गार्डन का जलवा

❒ क्वार्टर फाइनल और लीग मैच में विरोधियों को रौंदा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्षेत्र के टोल प्लाजा के समीप मैदान में आयोजित भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें संस्करण में के.पी. गार्डन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला क्वार्टर फाइनल और सातवां लीग मुकाबला एकतरफा अंदाज में जीतकर अपनी ताकत का एहसास करा दिया। टीम की जबरदस्त जीत से मैदान पर मौजूद दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

आयोजक अनमोल तिवारी ने बताया कि पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में के.पी. गार्डन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए शकील रायबरेली की 33 गेंदों में 87 रनों की विस्फोटक पारी और 2 विकेट की बदौलत निर्धारित 15 ओवर में 214 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में एन.जे.एस क्रिकेट क्लब की टीम के.पी. गार्डन के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम मात्र 83 रन पर सिमट गई। इस तरह के.पी. गार्डन ने यह मुकाबला 132 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया।? इसके बाद खेले गए सातवें लीग मैच में सुदौली इलेवन की टीम भी के.पी. गार्डन के गेंदबाजों के आगे बेबस नजर आई और 12 ओवर में 49 रन पर 9 विकेट गंवा बैठी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी के.पी. गार्डन की टीम ने महज 2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। इस मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए वकार हैदर को मैन ऑफ द मैच चुना गया।? लगातार दो बड़ी जीत के साथ के.पी. गार्डन की टीम ने भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में खिताब की प्रबल दावेदारी पेश कर दी है।

# नगराम कंकाल कांड का खुलासाः शादी की रंजिश में पड़ोसी ने की थी युवती की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

❒ पुलिस आयुक्त लखनऊ के निर्देशन में चल रही विवेचना के तहत सोमवार को हत्या की गुत्थी सुलझाईं गई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नगराम, लखनऊ। थाना नगराम क्षेत्र में गुमशुदा युवती पूनम की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए आरोपी पड़ोसी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस आयुक्त लखनऊ के निर्देशन में चल रही विवेचना के तहत सोमवार को हत्या की गुत्थी सुलझाईं गई। पुलिस के अनुसार बीते 7 जनवरी को ग्राम कुबहरा स्थित सरसों के खेत में एक अज्ञात महिला का कंकाल मिलने की सूचना पर थाना नगराम पुलिस मौके पर पहुंची। कंकाल अत्यधिक क्षत-विक्षत अवस्था में था, जिससे पहचान संभव नहीं हो पा रही थी। घटनास्थल के पास मिली साड़ी के आधार पर मृतका की पहचान ग्राम कुबहरा निवासी पूनम (30) के रूप में हुई, जो 12 दिसंबर 2025 से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट व फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन किया गया। पोस्टमार्टम के बाद मृतका के पिता की तहरीर पर थाना नगराम में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्य, स्थानीय जानकारी और मुखबिर खास की सूचना पर थाना प्रभारी विवेक चौधरी व पुलिस टीम ने सोमवार को आरोपी आशीष कुमार, निवासी ग्राम कुबहरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मृतका का पड़ोसी था और पूनम ने उसकी शादी अपनी बड़ी बहन की बेटी से कराने का आश्वासन दिया था। बाद में शादी कहीं और तय हो जाने से वह खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगा और रंजिश पाल बैठा। इसी रंजिश में आरोपी ने 12 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 9:30 बजे एक बगिया में विवाद के दौरान पूनम की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को छिपाने के उद्देश्य से रात करीब 10 बजे सरसों के खेत में फेंक दिया गया। आरोपी ने मृतका के गले से मंगलसूत्र और पैरों से एक जोड़ी पायल उतार ली थी, जिन्हें बाद में उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया गया। बरामद आभूषणों की पहचान मृतका के परिजनों ने की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# हर पात्र नागरिक बने मतदाता : शैलेन्द्र मौर्य फैजुल्लागंज में भाजपा का सघन सम्पर्क अभियान




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । भाजपा पदाधिकारियों ने रविवार को फैजुल्लागंज प्रथम एवं चतुर्थ वार्ड में घर-घर जनसंपर्क कर पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने अथवा आवश्यक सुधार के लिए फार्म 6 भरने हेतु जागरूक किया। कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए समयबद्ध रूप से आवेदन भरने के लिए प्रेरित किया।भाजपा उत्तर-4 के मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिन पात्र व्यक्तियों का नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे शीघ्र फार्म 6 भरकर अपना नाम जुड़वाएं ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी मतदाता सूची के निर्माण में सभी के सहयोग का आह्वान किया।इस दौरान महानगर प्रतिनिधि नम्रता सिंह श्रीनेत, मण्डल महामंत्री विनोद अवस्थी, मंत्री गीतेश मिश्रा राहुल, राम दुलारी गुप्ता तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनीत तिवारी मौजूद रहे।

## पुलिस की सक्रियता से चोरी का खुलासा, आरोपी राहुल गिरफ्तार

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना नगराम क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए सोमवार को आरोपी राहुल निवासी रसूलपुर पुर मजरा समेसी को चोरी किए गए सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के अनुसार, वह 13 जनवरी को अपने घर को बंद कर थाना निगोहां क्षेत्र के गांव राती गई हुई थी। इसी दौरान घर सूना पाकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने छत तोड़कर घर में घुसते हुए नकदी, चांदी के कुंडल, पीतल का करवा और पानी की मोटर चोरी कर ली थी। घटना की सूचना मिलने पर थाना नगराम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जहां से उसे जेल भेजा गया ?।

## पिकअप और ऑटो ई-रिक्शा की भिड़ंत, सात घायल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित मलिहाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार को पिकअप वाहन और ऑटो ई-रिक्शा में टक्कर हो गई। हादसे में सात लोग घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।मलिहाबाद थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि लक्की धर्म कंाटा के पास महिंद्रा पिकअप (डाला) वाहन संख्या (यूपी 30 बीटी 0474), जिसमें लकड़ी के प्लाईबोर्ड लदे थे, अनियंत्रित होकर पलट गया। उसकी चपेट में ई-रिक्शा संख्या (यूपी ठ्ञ32 क्यूटी टी 1544) आ गया। दुर्घटना में ऑटो ई-रिक्शा में सवार कई लोग घायल हो गए। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल एम्बुलेंस से प्राथमिक उपचार के? लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मलिहाबाद भिजवाया।घायलों में मलिहाबाद निवासी शहाबुद्दीन, श्याम किशोर, अशर्फी लाल, दानिश अली, उन्नाव निवासी उमर, खुशबू और नूरजहां शामिल हैं। इन सभी का इलाज चल रहा है। मौके से पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर आवागमन सामान्य करा दिया है।

## दो स्कूली बच्चे रहस्यमय ढंग से लापता, गांव में मचा हड़कंप



**निगोहां , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रामदासपुर गांव से सोमवार सुबह दो स्कूली बच्चों के रहस्यमय ढंग से लापता हो गए । लापता बच्चों में यश तिवारी (कक्षा 7) पुत्र सुमित तिवारी और सत्यम उर्फ अतुल मिश्रा (कक्षा 8), पुत्र अनिल मिश्रा शामिल हैं। दोनों लवल गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र हैं।परिजनों के अनुसार दोनों बच्चे सुबह टहलने जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटे। ग्रामीणों ने उन्हें आखिरी बार लालपुर पेट्रोल पंप के पास देखा था। इसके बाद से बच्चों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।घटना की सूचना निगोहा थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस संभावित स्थानों पर तलाश कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। परिजन बच्चों को लखनऊ व रायबरेली जनपद में तलाश रहे है। जानकारी देने वाले को इनाम देने की घोषणा भी की गई है।

## शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गांव भवनियापुर में 17 वर्षीय नाबालिक युवती को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोसाईगंज क्षेत्र के गांव भवनियापुर में एक 17 वर्षी नाबालिक युवती को गांव जौरास ,थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी निवासी जयसिंह ने 1 जनवरी को नाबालिक को बहला फुसला कर भाग ले गया था। बताया जा रहा है कि अभियुक्त द्वारा नाबालिक लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए थे। पीड़िता के पिता द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए गोसाईगंज पुलिस की दो टीमें लगाकर तलाश कर रही।

## आप का विरोध प्रदर्शन आज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्देशन में, काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने के गंभीर मामले के खिलाफ आप द्वारा आज विरोध प्रदर्शन सुनिश्चित किया गया है। पार्टी द्वारा सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह विरोध आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के सम्मान की लड़ाई है। विकास के नाम पर धार्मिक स्थलों से की गई छेड़छाड़ को स्वीकार नहीं किया जाएगा और इसकी जवाबदेही तय कराई जाएगी।

# बहुत धीमी गति से चल रहा है ओवर ब्रिज निर्माण कार्य



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। गोसाईगंज में मोहनलालगंज मार्ग पर रेलवे लाइन होने वाले ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है तो सुल्तानपुर रोड पर मलौली की पुलिस से होते हुए गोमती नदी के निकट स्थित ड्रीम बैली तक सड़क की सड़क की सड़क चौड़ी की जानी चाहिए। ये दोनों काम नहीं हो रहे है। यह बात आज गोसाईगंज बस स्टैंड पर सम्पन्न एक चाय पार्टी में विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के पूर्व विधायक अम्बरीष पुष्कर की ओर से कही गई। पूर्व विधायक ने कहा कि इसी मार्ग पर पड़ने वाले गांव मीसा में सड़क भी की चौड़ाई बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस बस स्टैंड पर बैठे हुए है वहां पर कही भी पानी पीने की व्यवस्था नहीं है तो शौचायल और मंत्रालय भी नहीं है। लोगों को जरूरत पड़ने पर इधर उधर भटकना पड़ता है।बस स्टैंड हुई चाय पार्टी में सांसद आर के चौधरी के अलावा स्थानीय लोगों में सुबोध सिंह यादवपूर्व प्रधान मलौली राम प्रकाश वर्मा किसान नेता, राज नारायण मोहन प्रधान, शकील नेता, संतोष नेता, व अन्य लोग मौजूद रहे।

# खिचड़ी का पर्व भारतीय समाज में एक पारंपरिक, धार्मिक एवं सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण हैः कुलपति केजीएमयू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । केजीएमयू परिसर स्थित सरस्वती मंदिर प्रांगण में खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केजीएमयू के बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। लगभग 700 लोगों ने सामूहिक रूप से खिचड़ी भोज का प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि खिचड़ी का पर्व भारतीय समाज में एक पारंपरिक, धार्मिक एवं सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण संस्कार माना जाता है, विशेषकर उत्तर भारत में।

उन्होंने कहा कि खिचड़ी समारोह केवल भोजन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह परंपरा, आस्था, सादगी और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो सकारात्मक ऊर्जा के साथ किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत का माध्यम बनता है।कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर को भी उपस्थित होना था, किंतु भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से संबंधित कार्य के कारण उन्हें अचानक दिल्ली जाना पड़ा। उन्होंने इस आयोजन के लिए कुलपति को संदेश भेजकर बधाई दी तथा केजीएमयू के निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में विशेष रूप से कौशल किशोर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद, मलिहाबाद (लखनऊ); जय देवी, एमएलए, मलिहाबाद; योगेश शुक्ला, एमएलए, बख्शी का तालाब अमरेश कुमार, एमएलए, मोहनलालगंज; श्री रामचंद्र प्रधान, एमएलसी, लखनऊ; तथा डॉ. नीरज बोरा, विधायक, उत्तरी लखनऊ, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण अभियान, 33 हजार रुपये जुर्माना वसूला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात अवरोधों पर सख्ती दिखाते हुए सोमवार को व्यापक एवं बहुस्तरीय प्रवर्तन अभियान चलाया। यह अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर संचालित किया गया।

कार्रवाई का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, चौराहों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम और सुरक्षित आवागमन सुविधा उपलब्ध कराना रहा। नगर निगम के जोन-1 क्षेत्र अंतर्गत जोनल अधिकारी ओ.पी. सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन विभाग (296) एवं ईटीएफ टीम द्वारा बासमंडी चौराहे से लालकुआं पुल के नीचे होते हुए राणा प्रताप चौराहा, हुसैनगंज, कालीदास मार्ग से 1090 चौराहे तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया गया।

इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी 22 गाड़ियों पर जैमर लगाए गए तथा 33,000 रुपये का जुर्माना वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराया गया। इसी क्रम में जोन-6 क्षेत्र में भी प्रभावी कार्रवाई की गई। वार्ड लालजी टंडन में प्राप्त शिकायत के आधार पर प्रेरणा स्थल चौराहे एवं पार्क के आसपास निरीक्षण किया गया। दुबग्गा चौराहे से एचडीएफसी बैंक तक अवैध रूप से किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाते हुए 15 ठेले, 3 मुर्गा जालियां एवं 20 अस्थायी दुकानें हटवाई गईं। इसके साथ ही 2 प्लास्टिक कुर्सियां और 1 लकड़ी का तख्त जब्त किया गया। अभियान के दौरान जोनल अधिकारी अमरजीत यादव, कर अधीक्षक विजय शंकर, कर निरीक्षक धर्मदेव एवं प्रवर्तन टीम उपस्थित रही। अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## आज चन्दर नगर सीडब्ल्यूआर की होगी सफाई, कई इलाकों में शाम की जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ के जलकल विभाग द्वारा शहरवासियों को सूचित किया गया है कि जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जोन-5 के अंतर्गत आने वाले चन्दर नगर सी.डब्ल्यू.आर (ओवरहेड टैंक) की नियमित सफाई का कार्य मंगलवार, 20 जनवरी 2026 को किया जाएगा। यह सफाई कार्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है, जिससे भविष्य में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जलकल विभाग के अनुसार, चन्दर नगर, ओमनगर, जयप्रकाश नगर (आंशिक) रामनगर, अमरुदहीबाग, भिलावां, शक्तिनगर, कुरियाना, अर्जुननगर, पूरननगर (आंशिक), ऋषिनगर (आंशिक), पुराना सरदारीखेड़ा सहित आसपास के अनेक क्षेत्रों में जलापूर्ति की जाती है। टैंक की सफाई के कारण इन क्षेत्रों में 20 जनवरी को सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

# स्कूटी को टक्कर मारने वाले स्कॉर्पियो चालक को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल, वाहन सीज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बंथरा, लखनऊ । राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरौनी मार्ग पर ग्राम रामगढ़ी के पास हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो चालक को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर लिया है। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक और एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिनों वाहन संख्या यूपी32 पीपी 8020 स्कॉर्पियो के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रही स्कूटी संख्या यूपी 32 पी.ई.8850 को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार अर्पित त्रिवेदी पुत्र अवधेश कुमार त्रिवेदी तथा काजल रावत पुत्री शिव शंकर रावत, निवासी सहजनपुर पोस्ट हरौनी, थाना बंथरा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के संबंध में थाना बंथरा में स्कॉर्पियो चालक बलवीर यादव पुत्र राजवीर यादव, निवासी ग्राम मिर्ज़ापुर, लखनऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने चश्मदीद गवाहों के बयान, घटनास्थल से मिले साक्ष्य और अन्य तथ्यों के आधार पर पाया कि चालक नशे की हालत में अत्यधिक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 जनवरी 2026 को आरोपी चालक बलवीर यादव (उम्र करीब 25 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। स्कॉर्पियो वाहन को सीज कर दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## गंदगी फैलाने पर किंग ऑफ चाट समेत दो दुकानों का काटा गया चालान, वसूला गया 15 हजार रुपये का जुर्माना

लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम लखनऊ द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जोन-1 क्षेत्र में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। जोन-1 में यह कार्रवाई जोनल सेनेटरी ऑफिसर के नेतृत्व में एसएफआई सुनील वर्मा द्वारा की गई। अभियान के दौरान प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और व्यस्त मार्गों का निरीक्षण किया गया, जहां गंदगी फैलाने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। निरीक्षण के दौरान महात्मा गांधी मार्ग स्थित किंग ऑफ चाट की दुकान के आसपास गंदगी पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालक के विरुद्ध 10,000 रुपये का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र के गेट नंबर-6 के पास स्थित एक समोसे चाय की दुकान के बाहर भी खुले में कचरा एवं गंदगी फैलाने का मामला सामने आया। इस पर नगर निगम की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान संचालक नरेश पर 5,000 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया।

# समाधान दिवस पर तहसील पुवायां में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

❐ 96 शिकायतों में कुल तीन का मौके पर निस्तारण, कानूनगो व लेखपाल की शिकायत मिलने पर निलम्बन के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने तहसील पुवायां में फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना। इस दौरान राजस्व, पुलिस, विकास और समाज कल्याण आदि से संबंधित प्राप्त 96 शिकायतों में कुल 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया शेष शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

तहसील दिवस में डीएम ने भूमि की पैमाइश न करने और अंश निर्धारण की कार्रवाई के लिए पैसे लेने की शिकायत मिलने पर कानूनगो अनूप सक्सेना और लेखपाल अखिलेश का निलम्बन करने के निर्देश एसडीएम पुवायां को दिए। डीएम ने कहा कि जिस किसी भी कानूनगो, लेखपाल अथवा अन्य कर्मचारी की काम न करने या पैसे लेने की शिकायत मिलेगी। उसके खिलाफ तत्काल निलम्बन की कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने निर्देश दिए कि भूमि पर कब्जा दिलाने के बाद अगर दोबारा अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए जेल भेजा जाएगा। कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पुवायां चित्रा निर्वाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोबाइल टावरों से लीथियम बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

❐ चार गिरफ्तार,10 लाख 80 हजार रुपए की 18 लीथियम बैटरी व एक ईको कार बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम ने मोबाइल टावरों से लीथियम बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 18 लीथियम बैटरी और एक ईको कार बरामद की। बरामद बैटरी की कीमत करीब 10 लाख 80 हजार रुपए बताई जा रही है।

बीती 28 नवम्बर 2025 और 17 जनवरी 2026 को थाना रोजा क्षेत्र के ग्राम सिसौआ में मोबाइल टावर से लीथियम बैटरी चोरी कर ली गई थीं। इस मामले में थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दीवान जागराज निवासी अमित कुमार तिवारी की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए टीमें गठित की। इसी क्रम में एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम ने मुकरमपुर से उदियापुर जाने वाले रोड पर नेकनामपुर नहर के पास से मोबाइल टावरों से लीथियम बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 18 लीथियम बैटरी और एक ईको कार बरामद की। बरामद बैटरी की कीमत करीब 10 लाख 80 हजार रुपए बताई जा रही है। पकड़े गए अभियुक्त थाना जलालाबाद क्षेत्र के ग्राम नौगवां निवासी रामतीरथ पुत्र रतीराम, ग्राम सराय साधौं का आजाद यादव पुत्र सत्यपाल, थाना रोजा क्षेत्र के ग्राम तुर्कीखेड़ा का हरिओम यादव पुत्र इन्द्रपाल और जनपद खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव खजुआ का विमलेश पुत्र बाबूराम है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दो बार में उन्होंने 22 बैट्रियां और 02 सोलर पैनल चोरी किए थे। जिन्हें कबाड़ में बेच दिया है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों पर थाना रोजा और जलालाबाद सहित जनपद बरेली, बदायूं और फिरोजाबाद के कई थानों में चोरी, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, गैंगस्टर, शस्त्र अधिनियम आदि के एक दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, रोजा पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए चारों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

# स्काउट, गाइड का त्रिदिवसीय प्रथम सोपान शिविर सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




खैराबाद, सीतापुर । उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड संस्था सीतापुर द्वारा पंजीकृत शिक्षण संस्थान स्टडी प्वाइंट इण्टर कालेज खैराबाद में स्काउट, गाइड, कब और बुलबुल का त्रिदिवसीय प्रथम सोपान का प्रशिक्षण शिविर सकुशल सम्पन्न हो गया। उक्त प्रशिक्षण शिविर में स्टडी प्वाइंट इण्टर कालेज खैराबाद, सीतापुर के 36 स्काउट्स, 35 गाइड्स, 52 कब्स एवं 35 बुलबुल तथा अमन पब्लिक स्कूल नेवादा खैराबाद के 32 स्काउट्स एवं 32 गाइड्स ने कुल मिलाकर 222 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

शिविर का आयोजन उ0प्र0 भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स सीतापुर के निर्देशानुसार एवं जिला मुख्यायुक्त श्री रमेश बाजपेयी के निर्देशानुसार शिविर के मुख्य संचालक मंगली प्रसाद, लीडर ट्रेनर (स्काउट) के नेतृत्व में श्रीमती नीरज पाण्डेय, सहायक लीडर ट्रेनर (गाइड), विनय कुमार शुक्ल हिमालय उड बैज (कब) एवं पुष्पा राज आर्य (फ्लाक लीडर) बुलबुल, अजय सिंह (कब मास्टर) आदि ने अपने कुशल अनुभव से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। बच्चों ने बड़े उत्साह एवं रुचि के साथ प्रथम सोपान के पाठ्यक्रम को सीखा। जनपद सीतापुर का प्रथम सोपान का यह एक ऐसा अनोखा शिविर रहा जिसमें सभी प्रतिभागियों ने सम्पूर्ण वर्दी में प्रशिक्षण को प्राप्त किया जिसकी स्काउट एण्ड गाइड संस्था सीतापुर के समस्त पदाधिकारियों ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की और कालेज के प्रबन्ध तंत्र को बधाई दी। स्टडी प्वाइंट इण्टर कालेज के यशस्वी एवं उदार ह्रदय प्रबन्धक श्री आमिर रिजवी जी एवं श्रीमती लुबना रिजवी जी, प्रधानाचार्य श्री अमी किरन अवस्थी ने उक्त शिविर सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी कालेज के ही नवनियुक्त जन सम्पर्क अधिकारी एवं स्काउट गाइड संस्था सहायक जिला आयुक्त स्काउट एण्ड गाइड सीतापुर अशोक प्रजापति को सौंपी। प्रजापति ने दिये गये दायित्व का निर्वहन कालेज के उपप्रधानाचार्य के0 वी0 श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ के असीम सहयोग से बखूबी निभाकर प्रशिक्षण को सफल बनाया। तृतीय दिवस शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी खैराबाद के ही श्री राम सुमिरन शर्मा ने अपने उदबोधन में खैराबाद में पहली बार सम्पूर्ण वर्दी में आयोजित शिविर की प्रशंसा की तथा बच्चों को अगले शिविर के माध्यम से राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। इसी के साथ ऐसे विद्यालय को आगे ले जाने की प्रेरणा देकर कालेज के प्रबंध तंत्र की सराहना करते हुए कहा कि योग्य शिक्षकों के माध्यम से बच्चों को दी जा रही शिक्षा अतुलनीय होगी।

## राजीव नाम बताकर किशोरी को किया गुमराह, विरोध करने पर छेड़खानी, गिरफ्तार

शाहजहांपुर। बीती शाम थाना कोतवाली क्षेत्र में हनुमत धाम पर दूसरे समुदाय का एक युवक 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ घूम रहा था। लोगों ने उन्हें देखकर हिंदू जागरण मंच के प्रांत विधि प्रमुख राजेश अवस्थी को सूचना दे दी। सूचना पर पहुंचे राजेश अवस्थी ने अपने साथियों की मदद से नाबालिग किशोरी और दूसरे समुदाय के युवका को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अफजल पुत्र फाजिल निवासी मोहल्ला दलेलगंज तारापाठक स्कूल के पीछे थाना रामचन्द्र मिशन बताया। इसके बाद किशोरी के पिता को मौके पर बुलाया। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को आरोपी अफजल ने अपना नाम बदलकर अफजल बताया और उससे दोस्ती की। उसे हनुमतधाम पर बुलाया। जानकारी मिलने उसकी पुत्री ने विरोध जताया, तो आरोपी ने उससे छेड़छाड़ की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अफजल के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अफजल को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# सूखे कुएं में मिले आधार कार्ड के मामले में जांच तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैमिषारण्य, सीतापुर। औरंगाबाद चौकी क्षेत्र के परसपुर गांव के निकट एक सूखे कुएं और झाड़ियों में भारी मात्रा में आधार कार्ड मिलने के मामले में पुलिस और प्रशासन अब सख्त रुख अख्तियार कर रहा है। सोमवार को इस मामले में नया मोड़ तब आया जब पुलिस ने उन डाक कर्मियों और वितरण एजेंसियों की सूची तैयार करनी शुरू की, जिनके पास इन क्षेत्रों की जिम्मेदारी थी।

बीते दिन भैरमपुर-औरंगाबाद मार्ग पर ग्रामीणों ने दर्जनों आधार कार्ड लावारिस हालत में पड़े देखे थे। इसकी सूचना परसपुर के प्रधान कुलदीप यादव ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी प्रशांत सिंह ने करीब 31 आधार कार्ड बरामद किए, जो डेंगरा, अमरेखा, रामपुर बेहड़ा, जमालपुर और केसुवामऊ जैसे गांवों के निवासियों के थे। यह डाक विभाग की बड़ी लापरवाही मानी जा रही है। सवाल उठ रहे हैं कि सरकारी दस्तावेज लाभार्थियों के घरों तक पहुंचने के बजाय कुएं में कैसे पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, पुलिस उन लोगों के बयान दर्ज करने की योजना बना रही है जिनके नाम के आधार कार्ड बरामद हुए हैं, ताकि यह पता चल सके कि क्या उन्होंने पहले कभी कार्ड न मिलने की शिकायत की थी।

### चौकी प्रभारी का कथन

''हमने सभी 31 आधार कार्डों को कब्जे में लेकर सुरक्षित कर लिया है। यह भी जांच का विषय है कि ये यहां फेंके किसने? दोषियों को चिह्नित कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।''

प्रशांत सिंह, चौकी प्रभारी

### ग्रामीणों में आक्रोश

क्षेत्रीय निवासी सौरभ, निर्मल और भानु जैसे लोगों का कहना है कि कुएं में आधार मिलने से अब यह स्पष्ट हो गया है कि यह डिजिटल इंडिया की महत्वपूर्ण कड़ी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## रालोद के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान द्वारा समर सता खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

कसमंडा, सीतापुर । कमलापुर नव वर्ष व मकर संक्रांति पर लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार पुरातन छात्रों द्वारा समर सत्ता खिचड़ी भोज कार्यक्रम रविवार को किया गया कार्यक्रम के आयोजक पूर्व छात्र नेता लखनऊ विश्वविद्यालय व रालोद प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान द्वारा कोठी ढाबा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया आए हुए सम्मानित अतिथियों का आरपी सिंह चौहान द्वारा अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया गया आरपी सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समर सत्ता खिचड़ी भोज कार्यक्रम पुरानी यादों को ताजा करने के लिए एक दूसरे से मिलकर मुलाकात करने के लिए तथा छात्र जीवन की उन स्मृतियों को ताजा करने के लिए किया गया है जब छात्रावास में रहते हुए जाति धर्म दल से ऊपर उठकर सच को सच कहना और गलत का विरोध करना हर छात्र का नैतिक दायित्व होता था और जिसे वह निभाता था आज इस कोठी ढाबा पर साथियों से मिलकर नई प्रेरणा और साहस का संचार हुआ है यह दिन अपनी स्मृतियों में ताजा रखेंगे/कार्यक्रम के अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान विधायक सिधौली मनीष रावत पूर्व एमएलसी राकेश सिंह पूर्व विधायक महोली अनूप गुप्ता पूर्व विश्वविद्यालय महामंत्री वीरू सिंह पवन उपाध्याय कांग्रेस प्रवक्ता अंशु अवस्थी जगदीश सिंह विशाल प्रदुमन वर्मा राकेश चौधरी नितिन वर्मा अंकित त्रिवेदी अमरेश पाल सिंह गुड्डू शरद पांडे विजय शुक्ला सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधि तथा तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव 2026 संपन्न नई कार्यकारिणी घोषित

❐ चुनाव परिणामों के अनुसार महेंद्र पाल सिंह को जिला अधिवक्ता संघ का अध्यक्ष चुना गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिला अधिवक्ता संघ 2026 के बहुप्रतीक्षित चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गए। मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा की, जिस पर अधिवक्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई।

चुनाव परिणामों के अनुसार महेंद्र पाल सिंह को जिला अधिवक्ता संघ का अध्यक्ष चुना गया। वहीं मथुरा प्रसाद अवस्थी ने महामंत्री पद पर जीत दर्ज की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार सिंह, जबकि कनिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में रणवीर सिंह निर्वाचित हुए।कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मोहनलाल मौर्य को सौंपी गई, वहीं संयुक्त मंत्री के रूप में देवव्रत पांडेय चुने गए। इसके अलावा गवर्निंग काउंसिल (कनिष्ठ) सदस्य के रूप में विशाल गुप्ता ने जीत हासिल की।चुनाव परिणाम घोषित होते ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ता हितों की मजबूती से पैरवी करेगी, न्यायिक कार्यों में सुधार लाएगी और बार एवं बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगी।नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ की एकता, अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान और न्यायिक गरिमा को बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। महामंत्री मथुरा प्रसाद अवस्थी ने भी विश्वास दिलाया कि सभी को साथ लेकर संघ को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।चुनाव के सफल आयोजन पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं निर्वाचन समिति की भूमिका की भी सराहना की गई।

# गेहूं के खेत में निकला 7 फ़ीट लंबा अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव कटठैहा में रविवार दोपहर उस समय दहशत का माहौल बन गया, जब गांव के पास स्थित गेहूं के खेत में करीब 7 फ़ीट लंबा विशालकाय अजगर निकल आया। खेत में रोज़मर्रा की तरह काम कर रहे मजदूरों की नजर जैसे ही अचानक इस अजगर पर पड़ी, वे घबरा गए और अपनी जान बचाने के लिए खेत छोड़कर भाग खड़े हुए। कुछ ही पलों में यह खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई।अजगर देखे जाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। खेत के चारों ओर लोगों की भीड़ जमा हो गई, हालांकि भय के चलते कोई भी व्यक्ति पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षित करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।वन विभाग की टीम को अजगर को पकड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि वह गेहूं की फसल के बीच छिपा हुआ था। सावधानी और विशेषज्ञता के साथ टीम ने अजगर को सुरक्षित तरीके से काबू में लिया। रेस्क्यू के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।वन दरोगा आकाश बाबू एवं राजेश कुमार ने बताया कि रेस्क्यू किया गया अजगर पूरी तरह स्वस्थ है। प्राथमिक जांच के बाद उसे वन विभाग की निगरानी में सुरक्षित रूप से अंतर्वेद जंगल में छोड़ दिया गया, ताकि वह अपने प्राकृतिक वातावरण में बिना किसी खतरे के रह सके।अजगर को जंगल में छोड़े जाने के बाद गांव के लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने वन विभाग की तत्परता और कार्यकुशलता की सराहना की। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को यह भी सलाह दी गई कि यदि भविष्य में इस प्रकार कोई वन्यजीव दिखाई दे तो घबराएं नहीं, उससे दूरी बनाए रखें और तुरंत वन विभाग या पुलिस को सूचना दें।

## काम हो या न हो पर अपनी जेब भरी हो



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड गोंदलामाऊ की ग्राम पंचायत बिजन ग्रंट के लोहनपुर में बने पूर्व माध्यमिक विद्यालय में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। बताते चलें जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार ग्राम पंचायतो में विकास के लिए गंगा जमुना की तरह पैसा लूटा रही है तो वही ग्राम पंचायत प्रधान व सेक्रेटरी की मिली भगत से जमकर भ्रष्टाचार किया गया प्रधान द्वारा विद्यालय में बनवाए गए दिव्यांग शौचालय में पानी की वायरिंग तो करवा दी गई परंतु टंकी का कहीं पता नहीं वही तथा खाना पूर्ती के लिए पल्ले लगवा दिए विद्यालय के बाहर बने शौचालय की मरम्मत केवल कागज पर हुई शौचालय की स्थिति यह है कि शौचालय के अंदर जंगल जमा हुआ है और सबसे अहम बात या की विद्यालय में बनी रसोईया बिल्कुल जर्जर पड़ी है जिस कमरे में बच्चों को शिक्षा मिलनी चाहिए उसे कमरे में खाना बनाया जाता है कुछ समय पहले ही विद्यालय की बाउंड्री का निर्माण कराया गया था परंतु आज की पोजीशन या है की पूरी बाउंड्री चिटक चुकी है इससे यह प्रतीत होता है कि मानक विहीन सामग्री का इस्तेमाल किया गया है वहीं प्राथमिक विद्यालय लोहमपुर पश्चिमी में एक तरफ टूटी बाउंड्री जो किसी भी समय गिरने से कोई हादसे की तरफ इशारा कर रही है एवं दूसरी तरफ टूटी बाउंड्री साफ-साफ बता रही है कि प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों को कई बार ग्रामीणों द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से तथा प्रार्थना पत्र देकर जांच करने का अनुरोध किया गया परंतु विडंबनात्मक बात तो यह है की जांच भी जांच करता वही बैठ-बैठ कर लेता है आखिर इस प्रधान को किसका संरक्षण प्राप्त है ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, खंड विकास अधिकारी गोंदलामाऊ , प्रमुख सचिव ग्राम विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर, जिला पंचायत राज अधिकारी विकास भवन सीतापुर को डाक द्वारा 29/12/2025 को ग्रामीणों द्वारा प्रार्थना पत्र भेजा गया जो कि कई समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हुआ परंतु अभी तक किसी तरह की कोई जांच नहीं हुई अब देखना यह है या फिर ठंडा बस्ती में दफन होगा प्रार्थना पत्र यह अभी आने वाले भविष्य के गर्भ में है ।

## प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ की जाए कार्रवाई: डीएम



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में नारकोटिक्स विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत की गई कार्यवाहियों और अवैध शराब सहित अन्य अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अवैध एवं कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाई जाए। प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सतत एवं प्रभावी अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनहित में सख्त प्रवर्तन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी अधीक्षक राजेश द्विवेदी, एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार, एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## यातायात नियमों का पालन करने वाले चालकों को गुलाब देकर किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सड़क सुरक्षा माह के तहत आज जीईसी चौराहे पर मेरा युवा भारत के तत्वावधान और मानवता वेलफ़ेयर सोसायटी के संयुक्त सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चला रहे चालकों को गुलाब का फलू देकर सम्मानित किया गया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की गाड़ियों पर स्टीकर लगाकर उन्हें नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। इस दौरान नवीन यातायात प्रभारी बच्चू सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों में नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित की जा रही है। नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है।

# मोहम्मदी पुलिस ने चोरी की 6 मोटरसाइकिलों सहित 2 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मोहम्मदी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने विभिन्न चोरी के अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए चोरी की गई 6 मोटरसाइकिलें बरामद कर 2 वांछित और शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी के नेतृत्व में दिनांक 19 जनवरी 2026 को की गई। थाना मोहम्मदी पर पंजीकृत कई चोरी के मामलों में लंबे समय से वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी, जिनका खुलासा करते हुए पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार उर्फ अन्ना पुत्र स्व. बाबूराम गौतम, निवासी ग्राम बहादुरनगर थाना भीरा, तथा राजेश कुमार पुत्र रामविलास लोनिया, निवासी ग्राम मुरगहा थाना मझगई, जनपद खीरी हैं। दोनों अभियुक्त मोटरसाइकिल चोरी के अभ्यस्त हैं और चोरी की गई मोटरसाइकिलों की पहचान छिपाने के लिए कूटरचित नंबर प्लेटों का इस्तेमाल करते थे। चोरी के बाद इन वाहनों को बेचकर अवैध रूप से धन अर्जन किया जाता था।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से पैशन प्रो, बजाज एट्ठ100, बजाज प्लेटिना और स्प्लेंडर प्रो सहित कुल 6 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जो विभिन्न थानों में दर्ज चोरी के मामलों से संबंधित हैं। जांच में सामने आया है कि अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिससे इनके शातिर अपराधी होने की पुष्टि होती है।

# गौ सेवा में समर्पित रिंकू पांडे ने किया कौड़िया गौशाला का निरीक्षण

❐ निरीक्षण के दौरान गौशाला में रह रही गौवंश के लिए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। आज दिनांक 19 जनवरी 2025 को जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक निघासन अंतर्गत स्थित कौड़िया गौशाला का निरीक्षण भारतीय हिंदू परिषद अखंड भारत गौ रक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गौ रक्षक रिंकू पांडे द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में रह रही गौवंश के लिए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया।

निरीक्षण में पाया गया कि गौशाला में हरे चारे, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और देखभाल की अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक स्थिति में हैं। गौवंश स्वस्थ नजर आए और उनके रहने की व्यवस्था भी उचित पाई गई। इस दौरान गौरक्षक रिंकू पांडे ने गौशाला के संचालन और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान राजकुमार की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधान द्वारा गौवंश के संरक्षण और सेवा के लिए सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं, जो अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।निरीक्षण के दौरान गौरक्षक रिंकू पांडे ने बताया कि वह पिछले करीब 10 वर्षों से लगातार गांव-गांव भ्रमण कर गौ माता की सेवा में लगे हुए हैं। कहीं भी गौवंश के घायल, जख्मी, बीमार या दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही वह अपनी मोटरसाइकिल से तुरंत मौके पर पहुंचते हैं। चाहे पैर टूटने का मामला हो, गहरा जख्म हो या बुखार जैसी बीमारी, वह पूरी तरह निशुल्क उपचार कर गौवंश की सेवा करते हैं।उन्होंने बताया कि गौ सेवा को वह अपना कर्तव्य मानते हैं और इसके लिए दिन-रात तत्पर रहते हैं। पूरे जिले में निरंतर भ्रमण करते हुए 24 घंटे गौ सेवा के कार्यों में सक्रिय रहते हैं। उनके इस निःस्वार्थ सेवा भाव की आमजन द्वारा भी व्यापक प्रशंसा की जाती है।निरीक्षण के अंत में गौरक्षक रिंकू पांडे ने गौशाला समिति और ग्राम पंचायत से आग्रह किया कि गौवंश की सेवा, संरक्षण और देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए, ताकि गौ माता सुरक्षित और स्वस्थ रह सके।

## एनकेबीएमजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, चंदौसी की छात्रा डॉली का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

बहजोई। चंदौसी के एनकेबीएमजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्रा डॉली ने जूडो खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉली ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए नॉर्थ ईस्ट ज़ोन जूडो चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल में प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता 15 जनवरी से 18 जनवरी तक लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी (ख्रघ्ठ), फगवाड़ा में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में डॉली ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 12वां स्थान प्राप्त किया और इसके साथ ही उनका चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हो गया है। यह उपलब्धि कॉलेज सहित पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कोच एकांश गुप्ता ने बताया कि डॉली सम्भल रोड, बहजोई की निवासी हैं और उन्होंने एसबीएम जूडो अकादमी, बहजोई में नियमित अभ्यास कर यह सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। कॉलेज प्रशासन, जूडो अकादमी एवं क्षेत्रवासियों ने डॉली को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बदायूँ के 4521 शहरी गरीब परिवारों को मिली अपने पक्के घर की पहली सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। शहरी गरीबों को पक्के आवास का सपना साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 2 लाख से अधिक लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2000 करोड़ रूपये से अधिक की अनुदान राशि का बटन दबाकर अंतरण किया। इसी क्रम में जनपद बदायूँ के 21 नगरीय निकायों में चयनित 4521 लाभार्थियों के बैंक खातों में योजना की रूपये एक लाख प्रति लाभार्थी की प्रथम किस्त सफलतापूर्वक हस्तांतरित की गई। यह राशि लाभार्थियों को उनके पक्के आवास के निर्माण की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण ऑडीटोरियम, बदायूँ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा सिंगल क्लिक से धनराशि अतरंण के पश्चात लाभार्थियों के चेहरों पर आज खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि योजना एक मकान नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के लिए सुरक्षित भविष्य, सम्मान और आत्मनिर्भरता की नींव है। उन्होंने वाराणसी, चित्रकूट, लखीमपुर खीरी, अलीगढ़ व अयोध्या के लाभार्थियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें शुभ कामनाएं दी व अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया। लखनऊ के कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य तथा ऊर्ज़ा मंत्री मनोहर लाल ने भी अपने सम्बोधन में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया तथा प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि जनपद गाजियाबाद विश्व के पचास स्वच्छ शहरों में शामिल हुआ है। केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री ने जब अपना पदभार ग्रहण किया तब अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों व युवाओं को समर्पित है। उन्होंने कहा कि गरीब व कम आय वर्ग के लोगों को आवास देकर सरकार सर पर अपनी छत के गरीबों के सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की कथनी व करनी में अन्तर नहीं है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार की 100 से अधिक व प्रदेश सरकार की 125 से अधिक विभिन्न जनकल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के पात्रों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार जाति, धर्म, वर्ग व वर्ण के आधार पर भेदभाव नहीं करती है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास के आधार पर आगे बढ़ते हुए आमजन के कल्याणार्थ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र व प्रदेश सरकार के नेतृत्व में देश व प्रदेश की बहनें व महिलाएं सुरक्षित हैं तथा महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पहचान हर गरीब को पक्का मकान के उद्देश्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है व उसको मूर्त रूप देने का कार्य कर रही है। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि अच्छा सोंचो तो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार केन्द्र व प्रदेश सरकार कार्य कर रही है उससे स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि भारत एक दिन विश्व गुरू बनेगा। जिलाधिकारी अवनीश राय ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया तथा उपस्थित लाभार्थियों व जनपद वासियों से सरकार की विभिन्न कल्याणकारी व लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ लेकर अपना आर्थिक व सामाजिक उत्थान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डा0 वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी (न्या0)/परियोजना अधिकारी, डूडा कल्पना जायसवाल, जिला राजस्व अधिकारी राजेश कुमार सिंह, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चन्दोला, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## हर साल बसंत पंचमी के मौके पर लगने वाले प्रसिद्ध बाबा ओरीदास मंदिर के मेले की तैयारियां पूरी हो गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




❐ सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई

महराजगंज,रायबरेली। ब्लॉक क्षेत्र में हर साल बसंत पंचमी के मौके पर लगने वाले प्रसिद्ध बाबा ओरीदास मंदिर के मेले की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस बार आयोजक मंडल के अध्यक्ष ग्राम प्रधान श्याम कला और उनके प्रतिनिधि अमरेश कुमार इसे और भी बड़े स्तर पर लगाने की तैयारी में है। सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। आपको बता दें कि, क्षेत्र के मोन गांव स्थित ओरीदास मंदिर में बसंत पंचमी के दिन ओरी दास मंदिर मेले की शुरूआत होगी। मेला कमेटी के अध्यक्ष ग्राम प्रधान श्याम कला ने बताया कि, यह मेला करीब 250 सालों से निरंतर लग रहा है। हर साल कुछ न कुछ नया करने की कोशिश होती रही है। इस बार भी ऐसा ही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम और दंगल मेले का मुख्य आकर्षण होंगे। इसके अलावां सर्कस, झूले बच्चों का ध्यान खीचेंगे। दुकानदारों को हर सुविधा मुहैया कराने की कोशिश होगी। बिजली, पानी और सफाई के इंतजाम के लिए स्थानीय प्रशासन से भी सहयोग मांगा जा रहा है। सुरक्षा के लिए भी पुलिस की मदद ली जाएगी। अलग-अलग लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। वैसे तो हर साल मेला लगता है। मगर, बिजली की समस्या से दुकानदारों को जूझना पड़ता था। क्योंकि पूरे मेला मैदान में बिजली की लाइन नहीं बिछी थी। सिर्फ कुछ हिस्से तक ही बिजली दुकानदारों को मिलती थी। शेष दुकानदार जनरेटर के सहारे रहते थे। लेकिन पिछले कई सालों से ऐसा नहीं है। पूरे मैदान में बिजली के खंभे लगाए जा रहे हैं। जिसका फायदा दुकानदारों को मिलेगा। आपको यह भी बता दे कि, रायबरेली के महराजगंज में महर्षि बाबा ओरीदास तपोस्थली पर हर साल बसंत पंचमी के अवसर पर एक बड़ा तीन दिवसीय मेला लगता है, जो श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और 120-150 सालों से चला आ रहा है, जहाँ दूर-दराज से भक्त आकर मन्नतें मांगते हैं और भंडारे व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं; यह मेला आध्यात्मिक महत्व रखता है और 2026 में बसंत पंचमी 23 जनवरी को है, इसलिए मेले की शुरुआत भी इसी समय होगी।

# जल निगम के द्वारा जो सड़के तोड़ी गई है उनको गुणवत्तापूर्ण ठीक करना सुरक्षित करें : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई )। आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश द्वारा पूर्व में की गयी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उनके अनुपालन के विषय में अवगत कराया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने जल निगम विभाग के कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशित किया उन्होंने कहा कि जल निगम के द्वारा जो सड़के तोड़ी गई है उनको गुणवत्तापूर्ण ठीक करना सुरक्षित करें। जनपद में हेलमेट वितरण को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद में नये चैक पोस्ट को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी । स्कूली वाहनों के फिटनेस ,नो हेलमेट नो फ्यूल,जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक समीक्षा ई- रिक्शा आदि बिन्दुओं पर भी चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क के किनारे जो वाहन खड़े रहते हैं उनको प्रत्येक दशा में चेक किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में परिवहन समिति की बैठकर कराई जाए उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के नियमों के विषय में स्कूलों के बच्चों को शत प्रतिशत जागरूक करें। जिलाधिकारी ने यातायात नियमों के जागरूक के विषय में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया उन्होंने ने कहा कि कोहरे की दृष्टिगत 112 की गाड़ियां सही स्थान पर रहे। जिलाधिकारी ने ट्रैक्टर ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने की कार्रवाई के विषय में जानकारी प्राप्त की उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रिफ्लेक्टर लगवाने की कार्रवाई सुनिश्चित कि जाए। जिला रोल आउट मैनेजर सचिन कुमार के द्वारा आई रैड पोर्टल के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। और जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में ग्राम घासीपुर में आदर्श गौशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे संबंधित सड़क निर्माण के विषय में कहा कि सड़क को देख लिया जाए और उसका निर्माण कार्य शुरू करना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत नारकोटिक्स एनकॉर्ड से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत संबंधित अधिकारी के द्वारा बैठक के प्रमुख बिन्दुओं के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित विभाग की जो भी आवश्यक कार्रवाई है वह अपने स्तर से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त स्कूलों में एक युद्ध नशा के विरुद्ध से संबंधित शपथ एवं रैलिया का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलेक्टर विकास चंद्र, क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश, एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र की बैंक से नकदी–जेवर चोरी करने का एक आरोपी गिरफ्तार, 1.5 करोड़ रुपये का सोना बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। महाराष्ट्र के सांगली स्थित बैंक में हुई करोड़ों रुपये की चोरी की घटना के तार बदायूं जिले से जुड़े निकले। महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर स्थानीय पुलिस ने ककराला निवासी युवक को गिरफ्तार किया है। उससे 1.5 करोड़ रुपये का सोना बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। महाराष्ट्र के सांगली स्थित बैंक से सोने-चांदी के आभूषणों समेत करोड़ों रुपये की चोरी करने के एक आरोपी को बदायूं पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिले की अलापुर थाना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। बदायूं के एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया 1.168 किलोग्राम सोना बरामद हुआ है। एसएसपी ने बताया कि महाराष्ट्र के जनपद सांगली के आटपाड़ी क्षेत्र में सात जनवरी की रात बैंक कार्यालय की खिड़की काटकर निजी लॉकर में रखे गए सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना आटपाड़ी में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस घटना के तार बदायूं से जुड़े पाए गए। बदायूं पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस से संपर्क कर संयुक्त ऑपरेशन चलाया। पुलिस टीम ने रविवार की रात गांव गभियाई से ईकरी जाने वाले मार्ग पर राजकीय इंटर कॉलेज के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम राहुल शर्मा बताया। वह अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा ककराला का निवासी है। आरोपी के कब्जे से सोने के दो बिस्किट (कुल वजन 1.168 किलोग्राम) बरामद किए गए। इसकी कीमत 1.5 करोड़ रुपये बताई गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की साजिश रची थी। दिल्ली से सेकेंड हैंड स्कॉर्पियो खरीदकर वह साथियों के साथ महाराष्ट्र के जनपद सांगली पहुंचा, जहां किराए पर कमरा लिया गया। सात जनवरी की रात बैंक में घुसकर लगभग 30 किलो चांदी, 5.5 से 6 किलो सोना और करीब 4.5 लाख रुपये नकद चोरी किए गए थे। आरोपी ने हिस्से में आए सोने के आभूषणों को पिघलाकर बिस्किट बनवाया गया था, जिसे वह बेचने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है, ताकि ट्रांजिट रिमांड पर महाराष्ट्र ले जाकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा सके। अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है।

## पुराने भूमि विवाद में सुलहनामा की अवहेलना कर जबरन कब्जा

महराजगंज,रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुराने भूमि विवाद में सुलहनामा की अवहेलना कर जबरन कब्जा व गाली गलौज करने के मामले में एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज। कोतवाली क्षेत्र के बारी गोहन्ना गांव निवासी जागेश्वर की पत्नी पूजा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका गांव के ही राम सुमिरन से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें 7 जनवरी को दोनों पक्षों के बीच यह सुलहनामा लिखा गया कि जबतक मामला न्यायालय में विचाराधीन है तब तक कोई भी पक्ष उक्त भूमि पर हस्तक्षेप नही करेगा। मामले में सोमवार को राम सुमिरन अपने भाइयों व पत्नी के साथ पहुंचकर गाली गलौज व जबरन कब्जा करने का प्रयास करने लगे गांव के लोगों के द्वारा बीच-बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में कोतवाली पुलिस ने राम सुमिरन, राम शरन, बिन्धा, मीरा समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया केस दर्ज किया गया है कार्यवाही की जाएगी।

## संगठन की एकजुटता दिखाने का सुनहरा मौका : प्रकाश पाल

कानपुर। बैठक में स्वागत कार्यक्रम से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए तय किया गया कि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का यह प्रथम आगमन है, जिसे हर दृष्टि से ऐतिहासिक बनाया जाएगा। निर्णय लिया गया कि रोड शो के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष प्रत्येक कार्यकर्ता से संवाद करेंगे और संगठन की एकजुटता एवं ऊर्ज़ा का संदेश देंगे। यह बातें सोमवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के 22 जनवरी को प्रस्तावित जनपद आगमन को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से आज सर्किट हाउस में एक बृहद तैयारी बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की, प्रदेश महामंत्री एवं क्षेत्रीय प्रभारी अनूप गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं स्वागत व्यवस्था में लगे कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इसके पूर्व सुबह नौ बजे प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित शिवराम सिंह, क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी ने जाजमऊ से लेकर कानपुर विश्वविद्यालय तक प्रस्तावित मार्ग का जायजा लिया।

# सौ दिवसीय अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने बाल विवाह मुक्ति रथ को किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल । बाल विवाह मुक्त भारत के सौ दिवसीय अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने ''बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में सम्भल जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को गति प्रदान करते हुए यह रथ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था प्रयत्न तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है। बाल विवाह मुक्ति रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता, लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराने और इसे पूर्ण रूप से रोकने का संदेश देगा। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार कानून अपराध है। अधिनियम के अन्तर्गत बाल विवाह के किसी भी आयोजन में सहयोग देने वाले पंडित, मौलवी, नाई, हलवाई, बैंड पार्टी, टेंट व्यवसायी या कोई भी व्यक्ति जो इसमें शामिल पाया गया, तो उसे 2 वर्ष तक की कैद या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की, कि यदि उन्हें कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत निम्नलिखित नंबरों पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 112, 181, जस्ट राइट्स हेल्पलाइन 18001027222 सूचना दे, सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। यह अभियान सम्भल जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत संकल्प है, जो न केवल कानून का पालन सुनिश्चित करेगा बल्कि समाज में लड़कियों के बेहतर भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा भी करेगा। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार आदि ने बाल विवाह न होने सम्बन्धी शपथ पर हस्ताक्षर करते हुये यह संकल्प लिया कि बाल विवाह से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव से आम जनमानस को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, बाल कल्याण समिति से गौरव गुप्ता, गौरव शर्मा, नीलम राय, नूतन चौधरी, चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रज्ञा शर्मा, शुमलेश, शिवकुमार, राजीव कुमार, मिशन वात्सल्य से नीरज कुमार, मुन्ना सिंह, प्रियंका सिंह, आकांक्षा शर्मा, श्रीमती दुर्गेश, श्री त्रिमल, उमेश यादव, उमेश शर्मा, वन स्टाप सेन्टर से बबीता रानी, पूजा सिंह, मधु यादव, अनीता, राजेश, राकेश, खुशबू वर्मा, एएचटी प्रभारी मेघपाल सिंह तथा प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी सहित जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार बंधु के साथ-साथ आम जनमानस विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## अनुवादित न्यायिक निर्णय अब ऑनलाइन उपलब्ध

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ शिव कुमारी ने सभी जनसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली व उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुपालन में एवं मा0 जनपद न्यायाधीष/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के आदेशानुक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ द्वारा आम-जनमानस इस निर्णय अनुवाद का अधिक से अधिक लाभ उठायें अब हर व्यक्ति निर्णय को अच्छे से पढ़ और समझ सकेगा साथ ही ग्रामीण समुदायों, हाशिए पर स्थित समूहों और स्वयं प्रतिनिधित्व करने वाले वादियों को लक्षित करते हुए अनुवादित निर्णयों जो मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर अनुवादित निर्णयों की प्रति उपलब्ध जिसे आसानी से मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट से जनसाधारण देख व प्राप्त कर सकते है।

## ड्राइविंग लाइसेंस आवेदन में ऑफलाइन मेडिकल प्रमाण-पत्र मान्य नहीं

बदायूँ। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) बदायूँ ने जनसामान्य को सूचित करते हुए बताया कि उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय बदायूँ में विभिन्न प्रकार के ऐसे ड्राईविंग लाइसेंस आवेदन जिसमें मेडिकल प्रमाण पत्र की अनिवार्यता है। आवेदन पत्रों के साथ में लगने वाले मेडिकल प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से फार्म-1ए में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूँ द्वारा नामित चिकित्सक के द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से जारी किये गये मेडिकल प्रमाण पत्रों के आधार पर ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा। किसी भी प्रकार का ऑफलाइन मेडिकल प्रमाण पत्र अस्वीकार्य होंगे।

## कोषागार बदायूँ में भौतिक स्टाम्प पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने सभी जनसाधारण एवं जनपद बदायूँ के स्टाम्प वेण्डरों को सूचित करते हुए बताया कि कोषागार बदायूँ में धनराशि रू0 50, 100, 500, 1000 एवं 5000 तक के जनरल भौतिक स्टाम्प पर्याप्त मात्रा में बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि किसी भी कार्यदिवस में कोषागार बदायूँ में खुले कैश काउण्टर के माध्यम से स्टाम्प का क्रय नियमानुसार प्रातः 10:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक किया जा सकता है।

## डीएम ने मौनी अमावस्या के दृष्टिगत अधिकारियों संग किया कछला घाट का निरीक्षण

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अवनीश राय ने रविवार को अधिकारियों के साथ मौनी अमावस्या के दृष्टिगत कछला घाट पर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कछला घाट के पुल से की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मौनी अमावस्या का धार्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व है और यह धार्मिक आस्था का प्रतीक भी है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं शासन की मंशा के अनुरूप व धर्म लाभ प्राप्त कर रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत की जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, एसडीएम सदर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बैठक का आयोजन

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2026 की तैयारियों के अन्तर्गत अनन्तिम निर्वाचक नामावली 2025 में समान रूप से प्रदर्शित हो रहे मतदाताओं के नामों का सत्यापन तथा मतदान केंद्र/स्थलों के यथा आवश्यक स्थानांतरण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। डुप्लीकेट मतदाता का मौके पर जाकर चिन्हांकन, सबसे अधिक डुप्लीकेसी विकासखण्ड वार को लेकर चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीएलओ की सूची जो काम नहीं कर रहे हैं तथा जो बीएलओ काम कर रहे हैं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की गयी तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डुप्लीकेट मतदाता का सत्यापन किया जाए। मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर भी समीक्षा की गयी तथा जो स्कूल जर्जर घोषित किये गये हैं उनकी सूची को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीएलओ के एकाउंट नंबर एवं फॉर्म 6 को लेकर चर्चा की गयी संबंधित को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा , उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलक्टर विकासचन्द, एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम प्रशासन ने किया नगर पंचायत महराजगंज का निरीक्षण, परखी हकीकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ अधिकारियों के दावों के बाद भी निगरानी के सख्त निर्देश, जनता ने ली राहत की सांस

महराजगंज,रायबरेली। नगर पंचायत क्षेत्र में दूषित पेयजल की शिकायतों को लेकर बीते कई दिनों से नागरिकों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल बना हुआ था। घर-घर से आ रही शिकायतों और जनदबाव को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को अपर जिलाधिकारी (एडीएम प्रशासन) सिद्धार्थ कुमार ने स्वयं नगर पंचायत क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। एडीएम के निरीक्षण को प्रशासन की बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान एडीएम सिद्धार्थ कुमार ने नगर पंचायत की पूरी जल आपूर्ति व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने जल टंकियों, पाइपलाइन, पंपिंग स्टेशन और सप्लाई नेटवर्क का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। जल निगम की टीम द्वारा किए गए परीक्षण के आधार पर अधिकारियों ने बताया कि पेयजल की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाई गई है और फिलहाल किसी भी प्रकार की गड़बड़ी सामने नहीं आई है।

एडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा मामला किसी भी हालत में लापरवाही का शिकार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही अभी व्यवस्था सामान्य पाई गई हो, लेकिन भविष्य में किसी भी तरह की समस्या से निपटने के लिए विभागों को पूरी तरह सतर्क रहना होगा। जल की नियमित जांच, सप्लाई की सतत निगरानी और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान उप जिलाधिकारी गौतम सिंह, जल निगम की तकनीकी टीम और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल के नमूनों की समय-समय पर जांच की जा रही है और किसी भी संदिग्ध स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक सक्रियता पर संतोष जताया। नागरिकों का कहना है कि एडीएम द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने से लोगों का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति लगातार बनी रहेगी।

कि जनता से जुड़ी बुनियादी समस्याओं पर अब किसी भी प्रकार की अनदेखी नहीं की जाएगी वहीं मौजूद चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने उपस्थित पत्रकारों को बताया कि लगातार टीम गठित कर पाइपलाइन की पाइपलाइन की जांच कराई जा रही है। पैगम्बर नगर में एक पाइपलाइन लीकेज पाई गई है जिसको सही करवाया जा रहा है। जल्द ही साफ सुथरा पानी नगरवासियों को पीने को मिलेगा वहीं मौजूद अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि पैगंबर नगर में पानी की समस्या को देखते हुए 03 टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट पेयजल लगवाकर वार्ड में पानी की समस्या को दूर किया जाएगा जब तक कई पानी टैंकरों को लगाकर

स्वच्छ पानी वार्डों में दिया जा रहा है तथा नगर पंचायत के कर्मचारी लगातार डोर टू डोर जाकर लीकेज की जांच कर रहे इस मौके पर उपजिलाधिकारी गौतम सिंह नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा नगर पंचायत प्रतिनिधि प्रभात साहू सी एच सी अधीक्षक गणनायक पांडे , सभासद धर्मेन्द्र वर्मा ,नूरल हसन, विनीत वैश्य, सभासद प्रतिनिधि अलीम समाजसेवी शब्बीर, विजय धीमान पूर्व सभासद, आदि लोग मौजूद रहे।

## फुलवासा चौकी के दोनो पक्षों में हुई मारपीट

महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के थुलवासा चौकी क्षेत्र के गोलहा मजरे थुलवासा गांव निवासी रतीपाल की पत्नी बिटाना ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार शाम करीब छः बजे वह अपने घर पर बैठी थी तभी पडोस की ही रहने वाली श्रीमती व उनकी पुत्री पुष्पा ने आकर उसके साथ गाली गलौज करने लगी। मना करने पर उसको पीटना शुरू कर दिया। घटना में उसका सर फट गया। अन्य पड़ोसियों के बीच बचाव करने पर उसकी जान बची। उसकी बेटी ने डायल पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। मामले में पुलिस ने मां बेटी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया दो महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है कार्यवाही की जाएगी।

# गोंडा से दिल्ली तक गूंज, आशा बहु की दलाली और सिस्टम पर बड़ा सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिला महिला अस्पताल से आएदिन ऐसी खबर आती है,कि ऐसे उस भरोसे की कहानी है जो एक माँ अपने बच्चे के जन्म के समय सिस्ट म पर करती है उस उम्मीद की कहानी है जो एक गरीब परिवार सरकारी जिला महिला अस्पताल के दरवाजे पर लेकर आता है। और यह उस टकराव की कहानी है, जिसने पूरे जिले से लेकर राजधानी दिल्ली तक बहस छेड़ दी है, आज हम बात कर रहे हैं गोंडा जिले के महिला अस्पताल की, जहाँ हाल ही में जो हुआ, उसने पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर सवाल खड़े कर दिए हैं यहाँ मामला सिर्फ नियमों का नहीं,बल्कि इंसानियत, भरोसे और पारदर्शिताका है बताते है कि जिला

महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह ने कुछ आशा बहुओं पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि कुछ आशा कार्यकत्री गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराने के बजाय उन्हें निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों की ओर भेज रही है जहाँ से उन्हें कथित तौर पर मोटा कमीशन मिलता था।इस आरोप के बाद प्रशासन ने स ख्त कदम उठाया और कुछ आशा बहुओं के अस्पताल परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई यह फैसला सामने आते ही अस्पताल में हंगामा हुआ,बहस हुआ और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।जिला महिला अस्पताल में आने वाले उस परिवार की सोचिए,जो अपनी गर्भवती बेटी, बहू या पत्नी को लेकर अस्पताल पहुँचता है।उनके मन में सिर्फ एक सवाल होता है – ळ्सब ठीक हो जाएगा ना....?.......लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला महिला अस्पताल में इलाज सस्ता होना चाहिए, लेकिन कई बार दवाइयों, जांचों और बाहरी खर्चों के कारण उनकी जेब पर भारी पड़ता है।कुछ परि वारों ने यह भी बताया कि डिलीवरी के समय उन्हें इतना पैसा खर्च करना पड़ा कि उन्हें कर्ज लेना पड़ा या अपनी जमापूंजी खर्च करनी पड़ी।




### जनता पूछ रही है सवाल..?

जनता सवाल पूछ रही हैकि सरकारी अस्पताल गरीबों के लिए है तोफिर इलाज के समय इतनी परेशानी क्यों...?....अगर आशा बहुएं मदद के लिए हैं तो उन पर दलाली के आरोप क्यों....? और अगर सिस्टम सही है,तो फिर यह विवाद बार–बार क्यों सामने आता है..?

आशा बहू की हकीकत आशा बहु वह सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता है ये वही महिलाएँ हैं जो गाँव–गाँव जाकर टीकाक रण गर्भावस्था देखभाल,परिवार नियोजन और स्वास्थ्य जागरूकता का काम करती हैं।कोरोना महामारी के समय इन्हीं आशा बहुएं ने बिना रुके सेवा की।मास्क बाँटे, मरीजों की जानकारी जुटाई और जान जोखिम में डालकर गाँवों तक पहुँचीं।लेकिन दूसरी तरफ आशा बहुओं को ब हुत कम मानदेय मिलता है। कई जगहों पर वे लंबे समय से वेतन, बीमा और स्थायी दर्जे की मांग कर रही हैं।कई बार आशा कार्यकर्ता बार–बार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुकी हैं।सवाल यह उठता है कि क्या कम वेतन और असुरक्षा की वजह से कुछ लोग गलत रास्ते पर जा रहे हैं..?.या फिर पूरे सिस्टम में ही कहीं न कहीं बड़ी खामी है..? मामला सिर्फ गोंडा तक सीमित नहीं रहा। सोशल मीडिया के जरिए यह खबर लखनऊ और दिल्ली तक पहुँची। कुछ आशा बहुओं ने तो यहाँ तक कहा कि वे अपनी बात प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुँचाएंगी। यह एक जिले की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के स्वास्थ्य तंत्र की जड़ से जुड़ा मुद्दा है।जिला महिला अस्पताल में जब एक महिला प्रसव पी ड़ा में अस्पताल पहुँचती है, तो वह यह नहीं सोचती कि कौन सही है और कौन गलत।वह सिर्फ यह चाहती है कि उसका बच्चा सुरक्षित पैदा हो।लेकिन जब सिस्टम कर्मचारी और प्रशासन के बीच टकराव होता है,तो सबसे ज्यादा असर उसी माँ और उसके परिवार पर पड़ता है जो अब जिला महिला अस्पताल में जो हुआ वह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है।

## पुलिस ने 75 गुम मोबाइल किये बरामद, 22 लाख से अधिक की रिकवरी

कानपुर। जनपद की कमिश्नरेट दक्षिण जोन की सर्विलांस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जनपद सहित अन्य जनपदों और राज्यों से कुल 75 गुम अथवा खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कुल कीमत 22,32,700 रुपये आंकी गयी है। सभी मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किये गए। पुलिस आयुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने सोमवार को बताया कि विभिन्न तिथियों में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर सर्विलांस सेल को मोबाइल बरामद करने का निर्देश दिया गया था, जिसके तहत टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए यह सफलता प्राप्त की। दिन रात की कड़ी मेहनत से जनपद व गैर जनपदों व दूसरे प्रान्तों से खोजकर मोबाइल फोन सम्बंधित धारकों को सौंपे गए हैं। वहीं इस सराहनीय कार्य के पुलिस उपायुक्त द्वारा सर्विलांस टीम को 25 हजार रुपये का नगद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी गुम मोबाइल की बरामदगी के लिए अभियान जारी रहेगा।

## सुलहवार्ता के माध्यम से वादों का होगा निस्तारण

बहराइच। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में में 01 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक त्रैमासिक विशेष मध्यस्थता अन्तर्गत द्वितीय चरण का अभियान संचालित कर राष्ट्र हित में सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण कराया जायेगा। अभियान अन्तर्गत निस्तारित होने वाले वादों से वादी व प्रतिवादी दोनों पक्ष लाभान्वित होंगे। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने बताया कि तीन महीने तक चलने वाले विशेष मध्यस्थता अभियान अन्तर्गत 01 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक पत्रावलियों को चिन्हित कर मध्यस्थता केन्द्र भेजा जाएगा। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि मध्यस्थता केन्द्र में वैवाहिक विवाद के मामलें, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउन्स, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, सम्पत्ति के बंटवारे, बेदखली, भूमि अधिग्रहण, उपभोक्ता फोरम सहित अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को अधिकाधिक संख्या में चिन्हित कर उन्हें मध्यस्थता हेतु मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र में संदर्भित किया जाएगा जिससे कि सुलह समझौता केन्द्र में कार्यरत मध्यस्थ द्वारा पक्षकारों के मध्य सुलहवार्ता के माध्यम से सन्दर्भित मामलों का निस्तारण कराया जा सके।

## खंड विकास अधिकारी ने सचिव के साथ की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। पंडरी कृपाल ब्लॉक परिसर में सोमवार को प्रभारी सहायक विकास अधिकारी सुभाष चंद्र पांडे ने सचिवों के साथ एक बैठक की। यह बैठक जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और मुख्य विकास अधिकारी अंकित जैन के दिशा-निर्देशों पर आयोजित की गई।बैठक का उद्देश्य ब्लॉक स्तरीय ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा करना था। इनमें अनाराम क्रॉप सर्वे,फार्मर रजिस्ट्री, मुख्य मंत्री आवास योजना (जिनके खाते में पैसा गया है), मेरा गांव मेरी धरोहर का सर्वे, मनरेगा के तहत चल रहे कार्य, ग्राम चौपाल और ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम शामिल थे।प्रभारी सहायक विकास अधिकारी सुभाष चंद्र पांडे ने बताया कि बैठक में इन सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।उन्होंने जिलाधि कारी और मुख्य विकास अधिकारी के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।इस दौरान सचिव रजनीश कुमार, सज्जाद, सुनील कुमार, विनय कुमार भारती, आलोक सिंह, सरिता शुक्ला, लेखाकार अरविंद कुमार सिंह और वरिष्ठ लिपिक के.के.राव सहि त ब्लॉक के अन्य कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में जांच करने आई टीम को निरीक्षण के दौरान नहीं मिले चूहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। मेडिकल कॉलेज वार्ड में ऑक्सीजन के पाइप पर चूहों के वायरल वीडियो मामले में गठित उच्च स्तरीय जांच समिति ने अपनी रिपो र्ट में दावा किया है कि निरीक्षण के दौरान उन्हें कहीं भी चूहे नहीं मिले।समिति की अध्यक्ष औ र चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशक डॉ. संदीपा श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी है।बीते दिनों गोंडा मेडिकल कॉलेज से चूहों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इसके बाद शासन ने मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कि या था।जांच टीम ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर नए और पुराने दोनों भवनों के सभी वार्डों का गहन निरीक्षण किया है।डॉ.संदीपा श्रीवास्तव ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उन्हें पुराने वार्डों या नई बिल्डिंग में कहीं भी कोई चूहा नहीं मिला। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी मरीज ने उनसे चूहों के मिलने की शिकायत न हीं की।डॉ.श्रीवास्तव ने बताया कि जांच टीम में दो मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और चिकि त्सा शिक्षा निदेशालय के डॉक्टर शामिल थे। उन्होंने कहा कि टीम को शासन के आदेश पर यहां जांच के लिए भेजा गया था।निरीक्षण के दौरान समिति को कहीं भी चूहों से संबंधित को ई बात नहीं मिली है।समिति अपनी जांच रिपोर्ट शासन को सौंपेगी जिसके बाद शासन के निर्दे शानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नई बिल्डिंग को काफी अच्छा बताया है।दरअ सल बीते दिनों गोंडा जिलाधिकारी प्रियंका निरं जन ने भी नई और पुरानी दोनों बिल्डिंगों का निरीक्षण किया था और पुरानी बिल्डिंग के स भी वार्ड को नई बिल्डिंग में 15 दिन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे।ऐसे में शासन स्तर द्वारा गठित कमेटी ने भी इस बात की जांच की है की नई बिल्डिंग में पुरानी बिल्डिंग के वार्ड को शिफ्ट किया जाना कितना ठीक रहेगा।

## जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर जिलाधिकारी ने किया रवाना




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेश को वर्ष 2027 तक तथा आकांक्षी जनपद बहराइच को वर्ष 2026 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के संकल्प को धरातल पर कार्यान्वित करने के उद्देश्य से अमजनमानस में जनजागरूकता लाये जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विकास भवन परिसर से बाल श्रम उन्मूलन अभियान जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## बैठक में सम्भाषण प्रतियोगिता सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। हिन्दी साहित्य सुरभि संस्थान की मासिक बैठक बाबू कृष्ण कुमार सभागार नानपारा में कविवर एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रजनी कान्त मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। पिछ्ली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के उपरान्त संस्थान के रिनीवल पत्रावली डा असीम शुक्ला को देने का निर्णय लिया गया जिससे माह फरवरी 2026 में रिनीवल करवाया जा सके।बैठक में दयानन्द विद्यालय को सम्भाषण प्रतियोगिता में सम्मिलित करने हेतु पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। आगामी 24 जनवरी 2026 को सम्भाषण प्रतियोगिता का आयोजन श्री शंकर इण्टर कॉलेज नानपारा के सभागार में 12 बजे किये जाने का निर्णय लिया गया।सभी विद्यालय में पत्र प्रेषित किये जाने का बात हुई। हिन्दी साहित्य सुरभि संस्थान नानपारा क्षेत्र के बच्चो को उचित प्लेटफार्म प्रदान करने का निर्णय लिया गया। मासिक बैठक में धर्मेन्द्र कान्त श्रीवास्तव, प्रेमनाथ मिश्र, उमेश चन्द्र शाह, अभिलाष श्रीवास्तव, जसवंत मिश्रा, सुरेश चौधरी, राजेन्द्र मित्तल, अजय अग्रवाल, स्वेता सिंह, डॉ वीरांगना कान्त की उपस्थिति में बैठक के अन्त में काव्य गोष्ठी में सत्यनारायण सिंह, डॉ अशोक गुप्ता, डा दिनेश चंद्रा आदि ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का सुभारम्भ सरस्वती पूजन व वन्दे मातरम गीत से व समापन राष्टगान के साथ हुआ।

### रेलवे रोड निर्माण को लेकर महिला व्यापार मंडल ने शुरु किया धरना

फरुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद में महिला व्यापार मंडल की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने सोमवार को चौक बाजार में रेलवे रोड का निर्माण कर शुरू कराने के लिए धरना शुरू कर दिया। यहां व्यापारी एक दूसरे के प्रभाव को दो खेमों में बंट गए हैं। धरने पर बैठने के लिए चौक बाजार रेलवे रोड पर टेंट और गद्दे बिछाए गए हैं। सोनी शुक्ला के साथ व्यापारी नेता अंकुर श्रीवास्तव सौरभ शुक्ला, संडे व्यापार मंडल के अध्यक्ष नितिन गुप्ता केशव पांडे, मुन्ना भाई ,रामू कश्यप, श्यामू शर्मा, आशु भारद्वाज, निहाल, मोहक अग्रवाल आदि धरने पर बैठे। धरना स्थल पर बैनर लगाया गया। जिस पर सोनी शुक्ला, अंकुर श्रीवास्तव एवं राकेश सक्सेना के फोटो देखे गए। बैनर पर लिखा गया कि मानक बताओ रोड बनाओ। उल्लेखनीय है कि धरने पर मायूस दिख रहे व्यापारी नेता सौरभ शुक्ला, जिला उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने अपने दायित्व का पालन नहीं किया और वे अपनी कमेटी के अन्य पदाधिकारी के साथ नहीं पहुंचे। जबकि धरना स्थल से चंद कदम दूर ही उनका प्रतिष्ठान है। पूर्व एमएलसी एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की बीती रात रविवार को बैठक में सदानंद शुक्ला एवं फ़ेडरेशन व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा आदि व्यापारी शामिल हुए थे। गुटबाजी के कारण इस बैठक में महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला एवं चर्चित व्यापारी नेता अंकुर श्रीवास्तव को नहीं बुलाया गया।

### डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध दम्पत्ति की मौत

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अन्तर्गत सोमवार को डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध दम्पत्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है। वहीं डंपर को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में लिया है। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अंतर्गत प्रोफ़ेसर कॉलोनी निवासी रघुवीर सिंह (70) रेलवे स्टेशन रोड स्थित केके इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य थे। वह सेवानिवृत्त हो चुके थे। वह सोमवार को अपनी पत्नी कमला देवी (65) के साथ स्कूटी पर सवार होकर कहीं जा रहे थे।

## महिलाओं को न्याय का भरोसेमंद मंच बना मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को आयोजित विशेष महिला जनसुनवाई में अपर आयुक्त न्यायिक मीनू रा णा ने महिलाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई कुल 12 महिलाओं ने अपनी व्यक्तिगत,पारिवारिक, राजस्व, पुलिस एवं भूमि विवाद से जुड़ी सम स्याएं अपर आयुक्त न्यायिक के समक्ष प्रस्तुत कीं।जनसुनवाई के दौरान महिलाओं ने पारिवा रिक विवाद, भूमि पर अवैध कब्जा से जुड़े माम लों सहित अन्य मामलों से सम्बन्धित समस्या ओं को अपर आयुक्त के समक्ष रखा।अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा ने सभी प्रकरणों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित मामलों की वस्तुस्थिति की जानकारी ली और स्पष्ट किया कि महिलाओं की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी समाधान शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण में लापर वाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनसुनवाई में थाना इटियाथोक क्षेत्र के ग्राम अयाह निवासी धनपता पत्नी रामधीरज ने बैनामा की भूमि पर फर्जी दानपत्र कराने का आरोप लगाया। प्रार्थि नी ने बताया कि वर्ष 2019 में उन्होंने विपक्षी से 0.081 हेक्टेयर भूमि का विधिवत बैनामा कराया था और वह भूमि पर वैध रूप से काबिज हैं।आरोप है कि विपक्षी ने उसी भूमि का कूटरचित तरीके से दान-पत्र अपनी पत्नी के नाम पंजीकृत करा लिया।पीड़िता के अनुसा र 29 अक्टूबर 2025 को जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया तथा गाली-गलौज व जा न से मारने की धमकी दी गई।उन्होंने मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की।इसी क्रम में थाना खरगूपुर क्षेत्र के ग्राम परसा फरेंदा शुक्ल निवा सी जैनब पत्नी लतीफ ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई और अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप लगाया। पीड़िता ने बताया कि खेत में बकरियां घुसने को लेकर हुए विवाद के बाद डायल 112 पर सूचना देने पर चौकी पिपरा बाजार पुलिस ने उन्हें बुलाकर शांति भंग की एकतरफा कार्र वाई की।आरोप है कि चौकी प्रभारी द्वारा गाली गलौज किए जाने से उन्हें मानसिक पीड़ा हुई। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। मनकापुर के ग्राम सैदापुर जमालजोत निवासी ऊषा देवी पत्नी देवेंद्र प्रसाद ने चकरोड संख्या 404 पर लगे पेड़ों के कारण आवागमन बाधित होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि चकरोड पर पेड़ों के कारण खेती-बाड़ी प्रभावित हो रही है। वन विभाग द्वारा मूल्यांकन कर आख्या तहसीलदार को भेजे जाने के बावजूद कटान न होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। उन्होंने चकरोड खाली कराने की मांग की।तरबगंज के ग्राम गढ़ी निवासी कबूतरा पत्नी गोपी ने पट्टा भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि विपक्षी जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं तथा विरोध करने पर जान-माल की धमकी दी जा रही है। प्रार्थिनी ने आयुक्त से विपक्षीगण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि विपक्षीगण उनकी भूमि पर कब्जा न कर सके जनसुनवाई के उपरांत अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद महिलाओं को न्याय दिलाने का एक प्रभावी और भरोसेमंद मंच बनकर उभर रहा है।

## अमेठी में उत्तर प्रदेश दिवस व गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




❒ जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी उत्तर प्रदेश दिवस एवं गणतंत्र दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने दोनों आयोजनों को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि जनपद में चौबीस जनवरी से छब्बीस जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जायेगा।इस अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा। कार्यक्रम का उदघाटन चौबीस जनवरी को प्रातः ग्यारह बजे डीपीआरसी हाल में किया जायेगा। साथ ही लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया जायेगा। बैठक में गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि इस दिन प्रभात फ़ेरी, ध्वजारोहण, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, वृक्षारोपण तथा अन्य विविध आयोजन किये जाएंगे। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने कार्यालयों में साफ सफाई सुनिश्चित करें तथा महापुरुषों की प्रतिमाओं की रंगाई पुताई एवं स्वच्छता समय से पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस को राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ मनाने की अपील करते हुये कहा कि राष्ट्रीय ध्वज साफ सुथरा, निर्धारित आकार का तथा सही क्रम में फहराया जाए, जिसमें ऊपर केसरिया, बीच में सफ़ेद और नीचे हरा रंग रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी कार्यक्रमों का बेहतर, भव्य एवं सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए तथा तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, डिप्टी कलेक्टर नितेश राज, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, जिला पर्यटन अधिकारी पारिजात पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोकशी का आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार, दारोगा-सिपाही निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कानून-व्यवस्था को चुनौती दे रहे गोकशो ने रघुनाथपुर के एक बाग मे गौवंश पशुओं की हत्या कर छोटे छोटे टुकड़े कर दिए गौकशी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं कभी खेतों में, कभी बागों में और कभी गांव की सीमा से सटे इलाकों में गोवंश के अवशेष मिलना अब आम बात होती जा रही है सवाल यह नहीं है कि गौकशी हो रही है, सवाल यह है कि इतनी सख्ती वाले कानून के बावजूद यह अपराध रुक क्यों नहीं रहा गौकशी की घटनाओं का बार-बार सामने आना यह संकेत देता है कि कहीं न कहीं कानून के क्रियान्वयन में गंभीर चूक हो रही है इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए आरोपी के पुलिस हिरासत से फरार होने पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 12 बजे रघुनाथपुर निवासी अरुण वर्मा ने गांव से कुछ दूरी पर स्थित अमन वर्मा के बाग में संदिग्ध हलचल देखी उन्हें लगा कि शायद लकड़ी चोर बाग में घुसे हैं। अरुण ने तुरंत बाग मालिक अमन वर्मा को सूचना दी अमन अपने करीब आधा दर्जन साथियों के साथ मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि बाग में गौवंश का वध किया जा रहा था वहां एक या उससे अधिक गौवंश के मांस के टुकड़े किए जा चुके थे और उन्हें पन्नियों मे भरकर बेचने की तैयारी चल रही थी ग्रामीणों को आता देख वहां ग़ौकश भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर ग्रामीणों ने एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया ग्रामीणों ने पकड़े गए आरोपी के हाथ-पैर बांधकर उसे बाग में बैठा दिया उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने जब आरोपी को अपनी हिरासत में लिया और जैसे ही आरोपी के हाथ-पैर खुलवाए, वह पुलिस को चकमा देकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया ग्रामीणों का कहना है कि जब आरोपी के हाथ-पैर बंधे थे और वह पुलिस के घेरे में था, तो वह भागने में सफल कैसे हुआ वही एडिशनल एसपी विक्रम दहिया ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और पुलिस टीम को जांच कर साक्ष्य जुटाने का आदेश दिया आरोपीयो की तलाश जारी है जल्द ही गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी वही पुलिस की गश्त पर सवाल और स्थानीय संलिप्तता की आशंका है अधिकांश घटनाएं गांव की सीमा से कुछ ही दूरी पर, सुनसान खेतों या बागों में होती हैं इसका अर्थ साफ है कि अपराधियों को इन स्थानों की भौगोलिक जानकारी है और उन्हें यह भरोसा भी है कि रात के समय न तो गश्त होगी और न ही तत्काल कार्रवाई पुलिस गश्त बीट व्यवस्था और स्थानीय खुफिया तंत्र की कमजोरी अपराधियों का मनोबल बढ़ा रही है और स्थानीय लोगो के इस अवैध धंधे में शामिल होनी की ओर भी इशारा करता है बिना स्थानीय सहयोग के न तो जगह का चयन संभव है और न ही मांस की तस्करी यदि समय रहते इस पहलू पर गंभीर जांच नहीं हुई तो यह अपराध जड़ पकड़ता जाएगा राष्ट्रीय बजरंग दल के गौ रक्षा प्रमुख शिवम भदौरिया ने गौकशी की लगातार हो रही घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि ल्ययदि पुलिस वास्तव में गौकशी की घटनाओं पर रोक लगाने में सक्षम नहीं है, तो बजरंग दल को खुली छूट दी जाए। फिर देखा जाएगा कि कसाई गाय को हाथ भी कैसे लगाते हैं गौ माता की रक्षा के लिए बजरंग दल हर स्तर पर तैयार है।ङ्कउन्होंने आगे कहा कि बार-बार घटनाएं होना और आरोपियों का बच निकलना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होंगे वही भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा की ओर से तहरीर दी गई जिसमें एक गौकश का नाम भी शामिल है घटनास्थल पर पहुंचे एडिशनल एसपी विक्रम दहिया ने विभागीय कारवाही करते हुऐ पीआरवी के हल्का दरोगा और हैड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया

## चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर हिन्दू महासभा ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद में प्रतिबंधित एवं जानलेवा चाइनीज माझे की विक्री और प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर सोमवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन संगठन के युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा एवं युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें जनहित एवं जनसुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि जनपद पीलीभीत में प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर चड़े पैमाने पर पतंगबाजी की जाती है। वर्तमान में भी पतंगबाजी का दौर शुरू हो चुका है, जिसके साथ ही बाजारों में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की खुलेआम बिक्री और प्रयोग किया जा रहा है यह स्थिति आमजन, राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों, बुजुगों के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनान द्वारा पूर्व में ही चाइनीज मांझे के निर्माण, बिक्री एवं प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा चुका है ज्ञापन में चाइनीज मांझे की विकी एवं भंडारण पर पूरी तरह से रोक लगाने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई, बाजारों, दुकानों एवं गोदामों पर नियमित छत्पेमारी कर मांझा जब्त करने, तथा आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, महामंत्री आयुष सक्सेना, युवा जिला उपाध्यय कृष्णा साहनी, युवा जिला उपाध्यक्ष राहुल राठौर, युवा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य, युवा जिला सचिव चेतन श्रीवास्तव, युवा नगर मंत्री सुनील कुमार, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, युवा नगर मंत्री राहुल, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश आदि लोग शामिल थे।

## पुलिस ने रास्ता भटक गये आठ वर्षीय बालक को परिजनों के सुपुर्द किया

अमेठी । कालर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये यूपी-112 पीआरवी पुलिस द्वारा रास्ता भटक गये आठ वर्षीय बालक को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। रविवार को कालर द्वारा सूचना दी गई कि एक अन्जान लड़का जिसकी उम्र लगभग आठ वर्ष है रानीगंज चौराहे पर खड़ा है पुलिस सहायता चाहिये उक्त सूचना पर पीआरवी 4997 थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बालक से नाम पता पूंछा गया तो अपना नाम लवकुश बताया पिता का नाम व पता नही बता पा रहा था।पीआरवी स्टाफ द्वारा बच्चे को साथ लेकर लोगों से पूंछतांछ करते हुये सत्थिन चौकी थानाशुकुल बाजार पहुंचकर वहां के लोगों से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि वह लड़का ग्राम देवकली का रहने वाला है। पीआरवी द्वारा ग्राम देवकली पहुंचकर लोगों से जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि वह लड़का अपने ननिहाल देवकली में रहता है। बच्चे के मामा राधिका प्रसाद पुत्र रामजस निवासी ग्राम देवकली थाना जगदीशपुर को उक्त बच्चे को सकुशल सुपुर्द कर किया गया।बच्चे के परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा यूपी 112 पीआरवी कमांडर वंश बहादुर व चालक मोहम्मद असलम व अमेठी पुलिस की सराहना की गयी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस पर ब्लैक आउट

## मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पीलीभीत जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस पर ब्लैक आउट मॉक ड्रिक की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई बैठक में उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर ने अवगत कराया गया कि नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जायेगा। नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा डी0डी0एम0ए0, एस0डी0आर0एफ0, अग्निशमन, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के साथ सम्मिलित रूप से ब्लैक आउट मॉक ड्रिल दिनांक 23.01.2026 को सांय 6 बजे ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कालेज में आयोजित की जायेगी जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मॉक ड्रिल में स्वयसेवकों, आपदा मित्रों आदि को सम्मिलित किया जाये। हवाई हमले के चेतावनी हेतु सायरन ध्वनित किया जाना (2 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में), सायरन ध्वनित होते ही सभी निर्धारित क्षेत्रों/स्थलों की विद्युत व्यवस्था बाधित कर ब्लैक आउट करना, सायरन ध्वनित होने पर नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थान/शेल्टरों में शरण लेना, हवाई हमला का खतरा समाप्त होने पर ऑल किल्यर ध्वनि में सायरन ध्वनित करना व हमले की चेतावनी समाप्त होने के उपरांत नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग बुझाने हेतु फायर एक्सटिंगुशर का प्रयोग करना तथा फायर सर्विस द्वारा बड़ी आग बुझाने हेतु फायर टेंडर वेहिकल का प्रयोग करना, हमले के दौरान घायल हुए लोगों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना, ध्वस्त/क्षतिग्रस्त बिल्डिंगों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना, गम्भीर रूप से घायल लोगों को एम्बुलेंस से अस्पताल तक पहुंचाना व मॉक ड्रिल समाप्ति की घोषणा सहित अन्य कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेंगे बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्टेट, उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी सहित समस्त सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे है।

## ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता



लंभुआ/सुलतानपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय लंभुआ में ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ एवं खंड शिक्षा अधिकारी लंभुआ द्वारा मुख्य अतिथि सीताराम वर्मा को बैज अलंकरण माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विधायक लंभुआ ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा करते हुए डी बी टी ऑपरेशन कायाकल्प जैसी योजनाओं के लाभ के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम के संचालन के क्रम में ब्लॉक प्रमुख लंभुआ कुंवर बहादुर सिंह द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के विकास में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों एवं समुदाय का सकारात्म सहयोग आवश्यक है। नगरपंचायत लम्भुआ के चेयरमैन प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में कराए गए कार्यों की सराहना करते हुए ग्राम पंचायत प्रधानों एवं सभासदों को धन्यवाद दिया उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लम्भुआ के अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कार्यक्रम के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के सकारात्मक विकास के लिए बच्चे के नामांकन के साथ साथ उपस्थिति एवं ठहराव में परिवार के साथ साथ समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ राम सागर गुप्ता ने विभाग की योजनाओं पर चर्चा करते हुए बताया कि नियम भारत योजना डीबीटी, एसएमसी बैठक आदि के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों के साथ साथ समुदाय के भी योगदान की आवश्यकता होती है। संतोष सिंह प्रतापगढ़ी ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर याद करते हुए उनके महावीरता के सम्बन्ध में दो पंक्तियां सभा में प्रस्तुत की। सभी कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय प्रताप सिंह संतोष कुमार सिंह केदार नाथ दुबे सुचित्रानंद चतुर्वेदी ज्ञानेंद्र सिंह जितेंद्र कुमार तिवारी राम प्रवेश सिंह राम मिलन कैलाश चंद्र दुबे प्रसून मालवीय देवी सिंह रामपाल यादव प्रीति मौर्य क़दम लाल सोनी रामकेश सिंह राधेश्याम विजयप्रकाश श्रीवास्तव इंद्रभान द्विवेदी के साथ साथ ग्राम प्रधान एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने सर्राफा व्यवसाई से छिनैती करने वाले युवक को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने सर्राफा व्यवसाई से छिनैती करने के मामले में वांछित गैरजनपद के एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना मोहनगंज पुलिस ने सर्राफा व्यवसाई से छिनैती करने के मामले में वांछित आकाश निषाद उर्फ गोलू पुत्र जगदीश निषाद निवासी ग्राम कमनगढ़ थाना कोतवाली देहात जनपद सुलतानपुर उम्र करीब बीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर कैमरा लगवायें : एसपी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा सोमवार को पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, बर्तन व सर्राफा व्यवसायियों, पेट्रोल पम्प संचालकों, गेस्ट हाउस संचालकों आदि जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी । बैठक में व्यापारी बन्धुओं को आपरेशन दृष्टि के तहत जागरूक करते हुये सुरक्षा के दृष्टिगत अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु अपील की गई एवं व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया। व्यापारी बन्धुओं को अपने प्रतिष्ठान से बड़ी धनराशि का परिवहन करते समय स्थानीय पुलिस की सहायता लेने हेतु अवगत कराया गया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह मौजूद रहे ।

## बाघ ने युवक को बनाया निवाला

बिजनौर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर वन प्रभाग के बेला बीट क्षेत्र में एक बाघ ने युवक का अपना निवाला बना लिया।घटना की जांच को पहुंची वन विभाग टीम ने जंगल से युवक का सिर बरामद कर लिया है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी हैं।

रामनगर वन विभाग के एसडीओ अंकित बडोला ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह घटना रविवार देर शाम नए बाय पास पुल के पास की है।रामनगर वन प्रभाग के बेला बीट क्षेत्र में बाघ एक युवक को सड़क से उठाकर जंगल के भीतर घसीट ले गया। घटना की जानकारी होते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तलाशी अभियान शुरू किया गया पर अंधेरा अधिक होने के कारण बीच में ही इसे रोकना पड़ा। सोमवार की सुबह दोबारा वन विभाग की टीम ने तलाशी अभियान चलाया। पटाखे की आवाज के बीच बाघ के पदचिन्ह का पीछा करते हुए टीम वन के दो किलोमीटर अंदर पहुंची, जहां युवक का सिर बरामद हुआ। मृतक की पहचान तक नहीं हो पाई है। अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में संपन्न होगी बैठक

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रमुख क्षेत्र पंचायत की स्वीकृति मे मंगलवार को दोपहर 12 बजे मरौरी की बैठक विकास खण्ड सभागार में की जायेगी समस्त सदस्यगणों से अनुरोध है। कि दिनांक 20.01.2026 को क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष सभ्यता वर्मा की अध्यक्षता में आहूत बैठक में प्रतिभाग करें बैठक में स्वच्छ भारत मिशन पर विचार एवं मनरेगा पर विचार, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना पर विचार, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, पेयजल, सहकारिता एवं कृषि की योजना पर विचार, पंचम राज्य वित्त तथा पन्द्रहवां राज्य वित्त में प्राप्त धनराशि से वित्तीय वर्ष 2025–26 में कराये गये तथा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना सम्बन्धित कार्यक्रमों पर विचार एवं स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा तथा विद्युत विभाग से सम्बन्धित योजनाओं पर विचार विमर्श किया जायेगा।

## कोर्ट का आदेश 20 फरवरी को राहुल गांधी हाजिर हो

सुल्तानपुर। एमपी-एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक बार फिर अंतिम अवसर दिया है। कोर्ट ने राहुल गांधी को निर्देश दिया है कि वे 20 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराएं। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने जानकारी दी कि राहुल गांधी 20 फरवरी को एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश होंगे। आज मानहानि मामले में सुनवाई होनी थी, जिसमें धारा 313 के तहत राहुल गांधी का बयान दर्ज किया जाना था। पिछली पेशी के दौरान मामले के गवाह रामचंद्र दूबे ने अपना बयान दर्ज कराया था, जिसके बाद अधिवक्ताओं द्वारा जिरह की गई थी। कोर्ट ने आज की तारीख राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए तय की थी। यह मामला करीब 8 वर्ष पुराना है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी द्वारा अमित शाह पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सुल्तानपुर के बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने एमपी-एमएलए कोर्ट में परिवाद दर्ज कराया था। फिलहाल इस मामले की सुनवाई सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है। राहुल गांधी पहले ही अपना बयान दर्ज करा चुके हैं और इस समय वे जमानत पर हैं।

# तीन–तीन सफाई कर्मचारी हुए नदारत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### जनता का काम नहीं करेंगे सफाई कर्मचारी



अखंड नगर/सुलतानपुर। मामला सुल्तानपुर जिले के तहसील कादीपुर थाना दोस्तपुर ब्लाक अखंड नगर के अंतर्गत पहाड़पुर बस्तीपुर से जुड़ा हुआ है जहां पर हर गांव सभा में एक लेखपाल की तैनाती की जाती है जो राजस्व का काम देखता है वही उनके ऊपर भी आ रही कानूनगो की तैनाती की जाती है। कौन सा लेखपाल कितना काम गांव सभा में किया उसका खाका डाटा रखने के लिए जिम्मेदारी दी जाती है उसके बाद नायब तहसीलदार होते हैं और उनके ऊपर तहसीलदार होते हैं फिर पूरे तहसील का कार्यभार संभालने के लिए उप जिला अधिकारी की नियुक्ति जाती है लेकिन यहां तो उल्टा हो रहा है ग्राम सभा पहाड़पुर बस्तीपुर में लेखपाल का कार्य अब सफाई कर्मचारियों के हाथ में है जिसे ना तो खेत का खसरा पता है और ना ही नक्शा पता है लेकिन फिर भी उनके हाथ में खसरा अपलोड बनाने का काम माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा ऐसे हाथों में दे दिया है जहां जनता का उद्धार करने के बजाय सत्यानाश करने पर तुल गए हैं और पूरी तरह से सफाई करने का इरादा बना लिया है। (1) मंशाराम (2) चन्द्रवती (3) अमृत लाल पहाड़पुर बस्तीपुर में तैनात है और नाले की सफाई करके छोड़ दिया जबकि वही घर के ठीक सामने कचरा पड़ा हुआ है और नाथ बात रिश्तेदार आने वाले है। गजाई पुत्र मुन्नीलाल ग्राम बस्तीपुर में सफाई कर्मचारी की बड़ी लापरवाही आई सामने कल दिनांक 19 1.2026 को बढ़ाओ लेकर आने वाले हैं और घर पर के सामने सफाई कर्मचारियों के द्वारा नाला साफ करके छोड़ दिया गया है लेकिन सूचना देने के बाद भी सफाई कर्मचारियों ने वही ग्रामीणों से बदसलूकी करते हुए कहा कि हम सफाई तो केवल 20 तारीख को ही करेंगे अन्यथा नल की सफाई नहीं की जाएगी और इतना ही नहीं आखिरकार घर वालों ने नाले की सफाई स्वयं किया आखिर सरकार किस लिए वेतन दे रही है और किस लिए गांव सभा में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है जब जनता का ही काम सफाई कर्मचारी नहीं करेंगे तो किस लिए गांव सभा में तैनात किया गया है इन सफाई कर्मचारियों की इन सभी अधिकारियों के आदेश का भी कहने पर भी नहीं सुनते हैं और जनता को ही आंखें दिखाते हैं क्या यही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है के द्वारा साधना आदेश जारी किया गया है कि जनता का काम सफाई कर्मचारी ना करें क्या यही जनता का शासन है या सुशासन व्यवस्था है इस पर सवाल खड़े होते हैं।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट ने किया मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील विशेष अभियान के अंतर्गत सेक्टर मजिस्ट्रेट संतोष कुमार मौर्य ने बूथ बूथ जाकर उनका औचक निरीक्षण किया जिसमे वीएलओ द्बारा मतदाता सूची को पढ़कर वोटरों को सुनाया और एसआईआर में कार्य की प्रगति की रिपोर्ट की सभी वीएलओ के साथ समीक्षा की और इसमे आने बाली समस्या का निराकरण बताया इनके साथ सुपरवाइजर हुकूम सिंह ने अपने आवंटित सभी वीएलओ फॉर्म 6,7,8 और घोषणा पत्र वितरण किए सेक्टर मजिस्ट्रेट ने खण्डेपुर, गढ़ा कला ,मोहनपुर गोविंदपुर,सेहरा मऊ उत्तरी समेत दर्जनों बूथों का निरीक्षण किया और बीएलओ को कार्य में तेजी लाने को कहा इस दौरान सुपरवाइजर हुकूम सिंह सभी बूथों पर साथ रहे हैं।

## कलीनगर में जमीनी विवाद में जेठ पर मारपीट का आरोप, पुलिस से शिकायत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के कलीनगर क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर परिवार के भीतर मारपीट का मामला सामने आया है। सोमवार शाम करीब चार बजे मिली जानकारी के अनुसार कलीनगर निवासी मोहम्मद उमर के परिवार में जमीन पर झोपड़ी डालने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इस विवाद के दौरान मोहम्मद उमर के बड़े भाई ने अपने परिजनों की मदद से छोटी भाभी रीना खानम पत्नी मोहम्मद उमर और उनकी बेटी इरम के साथ मारपीट की। घायल माँ बेटी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## अलाव में गिरने से बुजुर्ग झुलसा, सीएचसी में उपचार जारी

पूरनपुर। विकासखंड के गांव महाराजपुर निवासी वीरपाल पुत्र नत्थू लाल (उम्र लगभग 84 वर्ष) अलाव तापते समय हादसे का शिकार हो गए। रविवार दोपहर एक बजे जानकारी के अनुसार वीरपाल घर के बाहर शनिवार की रात अलाव के पास बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह मुंह के बल जलते अलाव में गिर पड़े, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और आनन–फानन में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। परिजनों ने बताया कि इससे पहले भी वीरपाल आग में गिर चुके हैं, जिसको लेकर परिजन चिंतित हैं। फिलहाल घायल बुजुर्ग का उपचार पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है।

## मंदिर से चोरी मुकुट और खड़ाऊ के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी,थाना जगदीशपुर पुलिस ने प्राचीनतम हनुमान मंदिर में सत्रह जनवरी की रात में हुई चोरी का खुलासा करते हुये चोरी का चांदी का एक मुकुट व एक जोड़ी खड़ाऊ के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने पकड़े गये युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद करते हुये पल्सर मोटर साइकिल को सीजकर दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटर साइकिल सवार अभिषेक यादव उर्फ मोनू पुत्र सोनू उर्फ आनंद कुमार निवासी ग्राम नेम दुबे का पुरवा मजरे माहेमऊ थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब इक्कीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसने बीती सत्रह जनवरी की रात्रि में ग्राम बड़ागांव स्थित हनुमान मंदिर से मूर्ति से एक अदद मुकुट व एक जोड़ी खड़ाऊ चोरी किया था जिसे उसने अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी में छुपा रखा था ।

## मणिकर्णिका घाट पर मंदिर तोड़े जाने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कंग्रेस कार्यकर्ताओं ने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर माता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति और पौराणिक मंदिरों को तोड़े जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। कंग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कुमार हर्ष को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि भाजपा सरकार ने 10 जनवरी 2026 को वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त करा दिया। कंग्रेस का कहना है कि इस घाट का जीर्णोद्धार वर्ष 1791 में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने कराया था और यह स्थल उनसे ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से जुड़ा हुआ है। कंग्रेस नेताओं ने दावा किया कि ध्वस्तीकरण के बाद माता अहिल्याबाई होल्कर की पवित्र और ऐतिहासिक मूर्तियां भी मलबे में दब गईं। जो आस्था और इतिहास दोनों का अपमान है। पार्टी ने इस कार्रवाई को ऐतिहासिक धरोहर की अनदेखी करार दिया है।कंग्रेस ने राज्यपाल से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और मणिकर्णिका घाट के पुनर्निर्माण की मांग की है। साथ ही अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति की पुनः स्थापना और घाटों के सौंदर्यीकरण का कार्य काशी के धर्माचार्यों व स्थानीय निवासियों से परामर्श के बाद करने की मांग रखी गई है। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा न कहा कि माता अहिल्याबाई होलकर की मूर्तियों को खंडित कर मलबे में डाल दिया गया। जिससे सनातन धर्म के अनुयायियों और आम जनता की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। अभिषेक सिंह राणा ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों व जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। शहर अध्यक्ष ने कहा कि मणिकर्णिका घाट पर किसी भी प्रकार का पुनर्निर्माण माता अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति की पुनः स्थापना और घाटों के सौंदर्यीकरण का कार्य काशी के धर्माचार्यों एवं स्थानीय नागरिकों से विचार-विमर्श के बाद ही किया जाना चाहिए। इस मौके पर ओम प्रकाश सिंह, हरीश त्रिपाठी, जफर खान, अपरबल सिंह, निकलेश सरोज, राहुल त्रिपाठी, रंजीत सिंह सलूजा, सुब्रत सिंह, ममनून आलम, सलाहुद्दीन हाशमी, हामिद राईन, मोहसिन सलीम, नंदलाल मौर्य, अम्बरीश पाठक, जाकिर हसन, श्याम किशोर, हौसिला प्रसाद भीम, मनोज तिवारी, मोहित तिवारी, विनोद पाण्डेय, मोहित तिवारी, मो अतीक, देवेंद्र तिवारी, उमाकांत त्रिपाठी, देवेश शुक्ला, राज बहादुर यादव,राम लौट यादव, अनवर हुसैन, इतंजार अहमद, बाबुल खान, संतोष तिवारी, छोटे लाल, अजय मिश्रा, सुरेश चंद्र मिश्रा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## धनाराघाट मार्ग सहित अलग–अलग सड़क हादसों में आठ लोग घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के धनाराघाट सहित अलग–अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में कुल आठ लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पिपरिया संतोष निवासी लालाराम, धर्मपाल, सुशील तथा माधोटांडा निवासी विनोद और निजामपुर लहा निवासी छोटे लाल और उनकी पत्नी गंगा देवी व गुलड़िया भूपसिंह निवासी रामपाल और संदीप घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## 27 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए घर–घर जाकर किया जन संपर्क

पूरनपुर। रामलीला मैदान मे 27 जनवरी को होने वाले सम्मेलन के लिये श्री राम जानकी हिंदू सम्मेलन समिति के संरक्षक हर्ष गुप्ता ने पूरनपुर के गांव खमरिया पट्टी, चाट फिरोजपुर तथा रामपुर कपूरपुर गांव में संपर्क करके 21 जनवरी को होने वाले बाइक रैली तथा 27 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के लिए आमंत्रण पत्र देकर लोगों को हिंदू सम्मेलन में आने के लिए प्रेरित किया ग्राम वासियों का सकारात्मक सहयोग मिला हिंदू सम्मेलन के लिए पड़ोस के गांव के लोग तथा महिलाएं काफी उत्सुक दिखीं संपर्क अभियान में खंड कार्यवाहक विनीत तथा राहुल उपस्थित रहे

## सम्पादकीय

# पाक, चीन और बांग्लादेश की त्रिकोणीय जुगलबंदी

भारत की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने इस समय में अनेक जटिल चुनौतियाँ खड़ी हैं,इनमें सबसे गंभीर चुनौती पड़ोसी देशों के साथ बिगड़ते समीकरण और क्षेत्रीय अस्थिरता से जुड़ी है। भारत देश का पुराना अनुभव रहा है कि परंपरागत रूप से चीन और पाकिस्तान भारत विरोध की धुरी रहे हैं, और अब जिस प्रकार बांग्लादेश के कुछ घटनाक्रम इस धुरी से जुड़ते प्रतीत हो रहे हैं उसने भारत की सामरिक, कूटनीतिक और मानवीय चिंताओं को और गहरा कर दिया है। यह स्थिति केवल सीमा विवाद या कूटनीतिक तनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध क्षेत्रीय शांति, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक स्थिरता से भी गहरे जुड़ा है। चीन की विस्तारवादी नीति के कारण भारत की सीमा पर हमेशा दबाव महसूस किया जाता रहा है। चीन के साथ भारत के संबंध पिछले कुछ वर्षों से लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सेना की गतिविधियाँ, बुनियादी ढांचे का आक्रामक विस्तार और बार-बार होने वाले सैन्य आमने-सामने के घटनाक्रम इस बात के संकेत हैं कि चीन भारत के प्रति पारंपरिक 'शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व' के सिद्धांत से हटकर व्यवहार कर रहा है। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक, चीन की रणनीति धीरे-धीरे यथास्थिति बदलने की रही है। चीन की यह नीति केवल भूभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भारत को सामरिक रूप से घेरने की कोशिश भी कर रहा है। नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और म्यांमार जैसे देशों में चीनी प्रभाव का बढ़ना इसी रणनीति का हिस्सा माना जाता है। ऐसे में चीन पर आवश्यकता से अधिक भरोसा करना भारत के लिए दीर्घकालिक रूप से नुकसानदेह हो सकता है। पाकिस्तान में भारी अस्थिरता के बीच भी भारत का विरोध बदस्तूर जारी है। पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति चाहे जितनी भी कमजोर क्यों न हो, भारत विरोध उसकी विदेश नीति का स्थायी स्तम्भ बना हुआ है। आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद पाकिस्तान का सैन्य प्रतिष्ठान भारत के खिलाफ छद्म युद्ध और आतंकवाद को रणनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। हाल के वर्षों में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं और सिखों के खिलाफ हिंसा, जबरन धर्मांतरण और हत्याओं की घटनाएँ भारत के लिए गंभीर मानवीय चिंता का विषय हैं। यह केवल मानवाधिकार का प्रश्न नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता का भी संकेत है, जिसका प्रभाव अंततः भारत पर ही पड़ता है,चाहे वह शरणार्थी संकट हो या सीमा पार तनाव। बांग्लादेश के बदलते संकेत ने भारत के लिए नई आशंकाएँ बाधा दी हैं। भारत और बांग्लादेश के संबंध लंबे समय तक सौहार्दपूर्ण और सहयोगपूर्ण रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग तक, दोनों देशों के बीच एक मजबूत आधार रहा है। किंतु हाल के समय में बांग्लादेश के भीतर कुछ घटनाक्रम विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा, मंदिरों पर हमले और सामाजिक असुरक्षा भारत के लिए चिंता का कारण बने हैं। इन घटनाओं के पीछे कट्टरपंथी ताकतों का उभार और बाहरी प्रभावों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि बांग्लादेश में भारत विरोधी या कट्टरपंथी शक्तियाँ मजबूत होती हैं और उन्हें चीन या पाकिस्तान का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता है, तो यह भारत के पूर्वी सीमांत के लिए एक नई चुनौती खड़ी कर सकता है। चीन,पाकिस्तान की मित्रता कोई नई बात नहीं है। चीन,पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इस गठजोड़ का ठोस उदाहरण है, जो भारत की संप्रभुता से जुड़े क्षेत्रों से होकर गुजरता है। यदि इस समीकरण में बांग्लादेश का किसी भी रूप में सामरिक या वैचारिक झुकाव जुड़ता है, तो भारत के लिए यह स्थिति और जटिल हो सकती है। यह त्रिकोणीय दबाव केवल सैन्य नहीं, बल्कि कूटनीतिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक भी हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को घेरने की कोशिश, क्षेत्रीय संगठनों में संतुलन बदलने का प्रयास और आंतरिक अस्थिरता को हवा देना, भारत के लिए ये सभी संभावित रणनीतियों के खिलाफ एक नया समीकरण तैयार करने की आवश्यकता होगी।

# 'मनरेगा' और 'विकसित भारत जी राम जी'

भारत में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा मजदूरी के लिए महानगरों की ओर रुख करता है। सड़क के किनारे सोता है। सुबह प्रतीक्षा करता है कि कोई मकान बनाने वाला, दुकान चलाने वाला उसको दिनभर का काम दे दे। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। खेत मजदूर की मोलभाव करने की क्षमता नहीं होती है। बड़े-बड़े महानगरों में मजदूरों के मार्केट लगते हैं। वहां से लोग कम पैसे में तय करके मजदूर लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों की व्यथा सिर्फ आंकड़ों से नहीं जानी जा सकती। ताजा 'वी बी राम जी' योजना ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए सुखद आश्वासन है। भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि अभी भी घाटे का सौदा है। पीछे लगभग 28 वर्षों से किसानों को किसान क्रेडिट योजना के माध्यम से कृषि कार्य के लिए ऋण दिया जाता है। योजना अच्छी है। ऋण लेकर बुवाई आदि के सीजन में खाद-पानी देने के लिए पूँजी उपलब्ध कराने की योजना अच्छी है। तमाम योजनाएं अच्छी तो हैं लेकिन किसानों को उनकी जानकारी नहीं है। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। पढ़े-लिखे युवा भी शहर भागते हैं। रोजगार योजनाओं का इतिहास दिलचस्प है। यह योजना सबसे पहले स्थानीय कठिनाइयों के चलते साल 1970 में महाराष्ट्र में लागू हुई थी। तब इसे 'महाराष्ट्र रोजगार गारंटी योजना' कहा गया। साल 1980 में भारत की पहली केन्द्रीयकृत योजना लागू हुई। भ्रष्टाचार के कारण योजना का लाभ नहीं मिला।

कांग्रेस 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान चला रही है। कंाग्रेस बीते 11 वर्षों से सत्ताहीन है। अच्छी बात है कि कंाग्रेस ने केन्द्र का विरोध करने के लिए सड़क पर आने का निर्णय लिया है। रोजगार योजनाएं गरीबों की आय बढ़ाने की दृष्टि से चलाई गई हैं। कोई भी व्यवस्था जड़ नहीं होती। देशकाल की गति में जीर्ण-शीर्ण और पुराना विस्थापित होता है। नया उसकी जगह लेता रहता है। भाजपा ने कंाग्रेस को विस्थापित किया। वह पुरानी होने के साथ-साथ ध्येयनिष्ठ भी नहीं रही। जन समर्थन घटा। भाजपा ने कंाग्रेस को विस्थापित कर दिया। कंाग्रेस मनरेगा को लेकर अपना रोना रो रही है। मनरेगा में कानूनी तौर पर रोजगार पाने की गारंटी थी लेकिन प्रमुख विपक्षी दल होने के बावजूद वह नए वी.बी.जी राम जी एक्ट का विरोध कर रही है। देखना यह चाहिए कि राजग सरकार द्वारा लाए गए नए अधिनियम की अच्छाइयां बुराइयां क्या हैं? आइए नए अधिनियम वी.बी.जी राम जी की खास विशेषताएं जान लें। इस अधिनियम द्वारा ग्रामीण परिवारों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत कार्य दिवसों को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन प्रतिवर्ष कर दिया गया है। अभी तक लागू कानून में मजदूरी देने की कोई सुनिश्चित अवधि नहीं थी। लेकिन नए अधिनियम में 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान जरूरी बताया गया है। ऐसा न किए जाने पर मजदूरों को पांच प्रतिशत की दर से प्रतिदिन ब्याज मिलेगा। रोजगार प्राप्त करने के 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर भी बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान किया गया है। भारत में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा मजदूरी के लिए महानगरों की ओर रुख करता है। सड़क के किनारे सोता है। सुबह प्रतीक्षा करता है कि कोई मकान बनाने वाला, दुकान चलाने वाला उसको दिनभर का काम दे दे। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। खेत मजदूर की मोलभाव करने की क्षमता नहीं होती है। बड़े-बड़े महानगरों में मजदूरों के मार्केट लगते हैं। वहां से लोग कम पैसे में तय करके मजदूर लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों की व्यथा सिर्फ आंकड़ों से नहीं जानी जा सकती। ताजा 'वी बी राम जी' योजना ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए सुखद आश्वासन है। भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि अभी भी घाटे का सौदा है। पीछे लगभग 28 वर्षों से किसानों को किसान क्रेडिट योजना के माध्यम से कृषि कार्य के लिए ऋण दिया जाता है। योजना अच्छी है। ऋण लेकर बुवाई आदि के सीजन में खाद-पानी देने के लिए पूँजी उपलब्ध कराने की योजना अच्छी है। तमाम योजनाएं अच्छी तो हैं लेकिन किसानों को उनकी जानकारी नहीं है। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। पढ़े-लिखे युवा भी शहर भागते हैं। रोजगार योजनाओं का इतिहास दिलचस्प है। यह योजना सबसे पहले स्थानीय कठिनाइयों के चलते साल 1970 में महाराष्ट्र में लागू हुई थी। तब इसे 'महाराष्ट्र रोजगार गारंटी योजना' कहा गया। साल 1980 में भारत की पहली केन्द्रीयकृत योजना लागू हुई। भ्रष्टाचार के कारण योजना का लाभ नहीं मिला। योजनाओं का धन बिचैलिए मार देते थे। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ आई जवाहर रोजगार योजना। यह भी अपने उद्देश्यों में असफल रही। इसका फिर नाम बदला और इसे 'नरेगा' नाम से जाना गया। फिर साल 2008 में यह 'मनरेगा' हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की योजनाएं इसी तरह असफल होती गईं। भारत की मिट्टी में उपजाऊ शक्ति ज्यादा है। कृषि कार्य में गरीब परिवार जुटे रहते हैं। सभी सदस्य काम करते हैं। तब किसी प्रकार गरीब परिवार चलता है। बुवाई और फसल कटाई के समय के दौरान 60 दिनों का अवकाश रखा गया है। इससे लाभ यह होगा कि कृषि कार्यों के लिए भी श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी। ग्राम सभाएं बुनियादी लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। ग्राम स्वराज गांधीजी का स्वप्न था। भारत की संविधान सभा में ग्राम पंचायत के गठन पर लंबी बहस हुई थी। ज्यादातर सदस्यों ने ग्राम पंचायत को स्वायत्तशासी और आत्मनिर्भर बनाने का आग्रह किया था। डॉ. आम्बेडकर ने कहा था कि, ग्राम पंचायतें मेरे विचार से स्थानीय कलह का अड्डा होंगी। पीछे 10-12 साल में सरकारी स्तर पर



ग्राम पंचायतों को विकसित और समृद्ध बनाने की मद पर भारी व्यय हुआ है। निःसंदेह कहीं-कहीं कुछ ग्राम पंचायतों ने बहुत अच्छा काम किया है लेकिन तमाम ग्राम सभाओं द्वारा विकास कार्यों की धनराशि को हड़पने का भी काम किया है। विकसित ग्राम पंचायत योजना का विकास स्थानीय संस्थाओं द्वारा किया जाना है। ये सब करने के लिए समय-समय पर प्रशासनिक खर्च भी आता है। योजनाओं के ठीक से कार्यान्वयन में व्यय होने वाले धन को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है। वैसे तो इस योजना का उद्देश्य लोगों को रोजगार देना है। गांव में सरकारी स्तर पर सेवा देने वाले कोई कार्यालय नहीं हैं। उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में पंचायत भवन बनाए गए हैं। इसके लिए अलग बजट का प्रावधान करना होता है। ऐसी संपत्ति का निर्माण इसी रोजगार अधिनियम के अंतर्गत चार मुख्य क्षेत्र में केनद्रित किया गया है। रोजगार योजना के धन से ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। खेत मजदूर पलायन नहीं करेंगे और श्रमिकों को रोजगार मिलेगा और इसी धन से जल संरक्षण जैसे कार्य किए जा सकेंगे। जल आपूर्ति को लेकर अक्सर शिकायतें रहती हैं। उत्तर प्रदेश में अनेक जिले प्रदूषित जल के कारण पेयजल संकट में हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद में बलाई, निबई, टिकरी गणेश, आटा, सुपासी, रामचरामऊ, लखापुर, बंथर, अनूपपुर, खटुहा नौगवा, रिठानई, बण्ड हमीरपुर, सलेथू, गढ़ाकोला, कतहर आदि गांवों में सरकार ने स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की है। लेकिन काम अभी बाकी है। जल की आवश्यकता को लेकर ही इंदौर में काफी बवाल हुआ है। कंाग्रेस ने इंदौर में आंदोलन किया। इन पंक्तियों के प्रेस में जाने तक राहुल गाँधी कुछ लोगों के साथ इंदौर में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हर घर नल' नामक महत्वाकांक्षी योजना और उसका क्रियान्वयन किया। जल निकासी की योजना भी इसी धन से बनाई जा सकेगी। जरूरत इस बात की है कि वीबी जी राम जी के ठीक से अनुपालन के लिए विकासखण्ड स्तर पर सक्षम अधिकारियों की टीम गठित की जानी चाहिए। इस टीम को कार्यदायी संस्थाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए। साथ में गलती होने पर चेतावनी और दुरुपयोग पर कार्यवाही भी करना चाहिए। वीबी जी राम जी योजना में जल संरक्षण और जल सम्बन्धी अन्य कार्य होंगे। गांव में स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचा, गांव की सड़क और संपर्क के साधन विकसित करना भी इस योजना का अंग है। पंचायती राज संस्थाएं अपना काम ठीक से नहीं कर पा रही हैं। कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम हैं। कृषकों के पास कृषि कार्य के लिए जरूरी पूंजी का अभाव रहा। सरकारों ने इस समस्या को चिन्हित कर लिया। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव, वोट के बदले नोट योजना में फंसे हैं। क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव में करोड़ों रुपए का लेनदेन होता है। बहुत समय से मांग की जा रही है कि पंचायती राज के चुनाव आम मतदाता से कराए जाएं लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है। जो लाखों करोड़ों रुपए देकर पद पाए हैं या चुनाव जीते हैं, वह उस धनराशि की वसूली भी करते हैं। केन्द्र में योजनाओं के क्रियान्वयन की इच्छाशक्ति है। विश्वास है कि योजना सफल होगी। **-हृदयनारायण दीक्षित**

# सोशल मीडिया पर पुस्तक मेला

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

**यूँ तो अनेक महानगरों में प्रति सप्ताह पुस्तकों के विमोचन समारोह आयोजित होते रहते हैं। लेखक होने का सुख क्या होता है, यह भी विमोचन समारोह में ज्ञात होता है, जब पुस्तक और लेखक की प्रशंसा में अनुप्रास अलंकार युक्त भाषा के स्तुति गान से लेखक स्वयं ही भ्रमित हो जाता है, कि अब से पहले उसे अपनी विशिष्टता का भान क्यों नहीं था।**

प्रति वर्ष विश्व पुस्तक मेले का आयोजन राजधानी में किया जाता है। पुस्तक प्रेमियों के लिए यह वार्षिक पर्व के रूप में मनाया जाने वाला उत्सव है। आठ से दस दिन के आयोजन में पुस्तक प्रेमियों को इससे कितना लाभ होता है, कितना नहीं, यह तो शोध का विषय है, मगर इतना अवश्य है कि पुस्तक मेले में कब के बिछुड़े हुए लेखक आपस में मिल ही लेते हैं। जबसे सोशल मीडिया प्रभावी हुआ है, तबसे पुस्तक मेले का आकर्षण अधिक बढ़ गया है। यह मैं नहीं कहता, सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई अनेक पोस्ट कहती हैं। विभिन्न स्टालों से चाहे एक भी पुस्तक न खरीदी जाए, मगर रील बनाकर गंभीरता से पुस्तकों के कवर पेज देखने के दृश्य बताते हैं, कि भले ही पुस्तक मित्रों की संख्या न बढ़ी हो, मगर फ़ेस बुक पर स्वयं को पुस्तक प्रेमी सिद्ध करने की होड़ अधिक मची रहती है। यूँ तो अनेक महानगरों में प्रति सप्ताह पुस्तकों के विमोचन समारोह आयोजित होते रहते हैं। लेखक होने का सुख क्या होता है, यह भी विमोचन समारोह में ज्ञात होता है, जब पुस्तक और लेखक की प्रशंसा में अनुप्रास अलंकार युक्त भाषा के स्तुति गान से लेखक स्वयं ही भ्रमित हो जाता है, कि अब से पहले उसे अपनी विशिष्टता का भान क्यों नहीं था। इसके उपरांत भी दस बीस प्रति छपवाने वाले लेखक के सामने पुस्तक बिक्री का संकट खड़ा रहता है। वह दो चार पुस्तकें उपहार स्वरूप मित्रों में बांटकर उनसे समीक्षा करने हेतु गुहार लगाता है, मगर निष्कर्ष में कुछ भी नहीं पाता है। पुस्तकों की समीक्षा बैठक में पुस्तक पढने के संकट पर चर्चा होती है। साहित्यकारों का दर्द छलकता है, कि अब पुस्तक पढ़ने वालों का अकाल पड़ गया है। कोई भी पुस्तक पढ़ने में अपना समय नहीं गंवाता। पाठक सोशल मीडिया पर ही आँखे गड़ाए रखता है। पुस्तक पढ़ने में उसकी रूचि नहीं रही। इसके उपरांत भी पुस्तक मेले में भीड़ कहाँ से आ रही है। महिलाएं सोशल मीडिया में विभिन्न प्रतिष्ठित प्रकाशन समूह में बड़े लेखकों के साथ फोटो क्यों खिंचवा रही हैं। जब पुस्तक पढ़ने वालों की संख्या कम हो रही है, तब सैकड़ों प्रकाशन के स्टॉल्स पर नई नई पुस्तकों के विमोचन कैसे हो रहे हैं ? प्रश्न तो उत्पन्न होता ही है। वैसे कुछ फ़ेसबुकियों द्वारा पुस्तक मेले में घूमने का दिन सुनिश्चित करके सार्वजनिक घोषणा करना तथा मेले में घूमने के वीडियो पोस्ट करने से ऐसी फीलिंग आना स्वाभाविक है, कि किसी भी लेखक को प्रमाणित लेखक सिद्ध होने के लिए पुस्तक मेले में हाजरी लगाना अनिवार्य हो। वैसे एक बात तो है, कि भले ही पुस्तकों की बिक्री न हो, पुस्तक लेखक पुस्तक प्रकाशन के बाद रॉयल्टी न मिलने का दिन रात रोना रोते रहें, लेकिन प्रकाशकों की संख्या दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढ़ती ही जा रही है। उनके द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पुस्तकों की संख्या भी नियमित रूप से बढ़ रही है। यदि पाठकों की कमी के चलते भी प्रकाशन संस्थान बढ़ रहे हैं, पुस्तक मेले में पाठकों व लेखकों की भीड़ बढ़ रही है, तब यह संसार का आठवाँ आश्चर्य नहीं तो क्या है?

## सेहत मंत्र

# मीठी तुलसी से मिलते हैं कई फायदे

तुलसी के औषधीय गुणों के बारे में तो आपने यकीनन सुना ही होगा। आमतौर पर लोग घरों में तुलसी का पौधा लगाकर ना सिर्फ उसका सेवन करते हैं, बल्कि उसकी पूजा भी करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी मीठी तुलसी और उससे मिलने वाले फायदों के बारे में सुना है। स्टीविया जिसे मीठी तुलसी के नाम से भी जाना जाता है, इसका स्वाद चीनी से भी 300 गुना मीठा होता है और यह सेहत के लिए भी उतनी ही गुणकारी है। स्टीविया वास्तव में सूरजमुखी परिवार के लगभग 240 प्रजातियों में पाया जाने वाला एक जीनस है, जो मुख्य रूप से अमेरिका के अलग-अलग भागों में पाया जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि इसका इस्तेमाल सालों से एक स्वीटनर के रूप में किया जाता रहा है। वैसे यह मधुमेह रोगियों के लिए बेहद ही लाभकारी है। ग्लूकोज रक्त पर स्टीविया का प्रभाव नग.य होता है, यहां तक कि ग्लूकोज सहनशीलता को यह बढ़ाता है, इसलिए, यह नेचुरल स्वीटनर के रूप में मधुमेह रोगियों और कार्बोहाइड्रेट नियंत्रित आहार पर रहने वाले अन्य लोगों के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट का यह भी मानना है कि स्टीविया यानि मीठी तुलसी आपके शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाती है और ऐसा इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स के कारण होता है। गौरतलब है कि स्टीविया में फलेवोनोइड्स, टैनिन, ट्राइटरपेन्स, कैफीनोल, कैफिक एसिड और क्वेरसेटिन जैसे कई एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। जो हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप अपना वजन नेचुरली कम करना चाहते हैं तो ऐसे में स्टीविया को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। दरअसल, यह एक नेचुरल स्वीटनर है, जिसके कारण इसे प्रोसेस्ड नहीं किया जाता। रिसर्च से भी यह साबित हुआ है कि स्टीविया में मिठास चीनी से कहीं ज्यादा होता है, लेकिन इसमें कैलोरी की मात्रा बहुत ही कम होती है। ऐसे में अगर आप अपने स्वाद से समझौता किए बिना वजन को नियंत्रित रखना चाहते हैं तो मीठी तुलसी यकीनन इसमें आपकी मदद करेगी।

## धर्म मंत्र

# सबकुछ दिलाता है 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजन

महालक्ष्मी के पूजन का यह सोलह दिवसीय अनुष्ठान भाद्रपद शुक्ला अष्टमी से प्रारम्भ होकर आश्विन कृष्णा अष्टमी को पूर्ण होता है। धनधान्य की देवी महालक्ष्मी को प्रसन्न करने हेतु सोलह दिन तक लगातार व्रत और उनकी पूजा तो की ही जाती है सोलह धागों से बना हुआ सोलह गांठयुक्त एक धागा भी हाथ में बांधा जाता है। अंतिम दिन पूजा करते समय इस धागे को उतार कर किसी सरोवर अथवा नदी में विसर्जित कर दिया जाता है। अनुष्ठान के एक दिन पूर्व सूत के सोलह धागों का एक डोरा बनाकर उसमें सोलह गांठें लगाई जाती हैं। फिर उसे हल्दी में रंग कर सुखा लेते हैं। व्रत और पूजा करने वाली स्त्रियां प्रतिदिन प्रातः काल किसी नदी या सरोवर में स्नान करके सूर्य को अर्घ्य देती हैं। सुहागिन स्त्रियां चालीस अंजलि और विधवा सोलह अंजलि अर्घ्य देती हैं। इसके बाद घर आकर एक चौकी पर डोरा रखकर लक्ष्मीजी का आह्वान करती हैं और डोरे का पूजन करती हैं। फिर सोलह बोल की यह कहानी कहती हैं? 'आमोती?दमोती रानी, पोला?परपाटन गांव, मगरसेन राजा, बंभन बरूआ, कहे कहानी, सुनो हे महालक्ष्मी देवी रानी, हम कहते तुमसे, सुनते सोलह बोल की कहानी।' इसी प्रकार आश्विन कृष्णा अष्टमी तक सोलह दिन व्रत और पूजा की जाती है। आश्विन कृष्णा अष्टमी अर्थात क्वार के प्रथम पक्ष की आठे को एक मंडप बनाकर उसमें लक्ष्मी जी की मूर्ति, डोरा और एक मिट्टी का हाथी रखकर पूजा की जाती है और फिर सोलह बार उपरोक्त कहानी कहकर अक्षत छोड़ती हैं। पूजा के लिए सोलह प्रकार के पकवान बनाये जाते हैं और पूरे धूमधाम से पूजा की जाती है। सोलह ब्राह्मणियों को भोजन कराकर पूजा की सभी वस्तुएं उन्हें दे दी जाती हैं और डोरे को सिरा दिया जाता है।

## पर्यटन



# ओडिशा में मौजूद हैं भारत की खूबसूरत झीलें

ओडिशा टूरिस्ट के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। भव्य मंदिरों, संग्रहालयों और मठ, समुद्र तट, जंगल और हरी-भरी पहाड़ियों के अलावा यहां पर कुछ बेहतरीन झीलें है। ओडिशा की झीलें प्राकृतिक और मानव र्निमित दोनों हैं और स्थानीय और पर्यटकों दोनों के लिए दर्शनीय स्थल हैं। चिल्का झीलः चिल्का झील सबसे बड़ी और ओडिशा की सबसे लोकप्रिय झीलों में से एक है। भारत में सबसे बड़ी खारे पानी की झील है और दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी है। हर तरफ हरे भरे जंगलों से घिरा, चिल्का झील पर्यटकों को बर्ड वॉचिंग, पिकनिक, बोटिंग और मछली पकड़ने के लिए बेहतरीन है। चिल्का झील झील की यात्रा के लिए नवंबर से मार्च सही समय है क्योंकि साइबेरिया से बहुत से प्रवासी पक्षी यहां आते हैं। अंसुपा झीलः महानदी नदी के किनारे पर स्थित है और सारनदा हिल्स और बिष्णुपुर हिल्स से घिरा हुआ है, अंसुपा झील में अपार प्राकृतिक सुंदरता और विदेशी वनस्पति और जीव हैं। यह तैरते, जलमग्न और उभरते हुए जलीय पौधों और कई जलीय जीवों का घर है। यह झील न केवल वनस्पति विज्ञानियों और प्राणीविदों को आकर्षित करती है, बल्कि इसकी समृद्ध जैव विविधता भी बेहद लोकप्रिय है। आप यहां पर एक बस झील के किनारे बैठकर, शांत वातावरण का आनंद ले सकता है। पाटा झीलः छतरपुर शहर के पास स्थित, पाटा झील ओडिशा में मीठे पानी की झीलों में से एक है, जो साल भर पर्यटकों द्वारा घूमती है। खूबसूरत परिवेश से लेकर अपनी स्फूर्तिदायक ताजगी के लिए, पाटा झील काफी सुंदर जगह है और स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। कंजिया झीलः यदि आप भुवनेश्वर में हैं, तो कांजिया झील को अपनी सूची में जरूर रखें। शहर के बाहरी इलाके में स्थित, यह झील 66 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है और इसे प्रमुख जल स्रोत माना जाता है। वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध जैव विविधता इसे ओडिशा की एक महत्वपूर्ण झील बनाती है। नंदन कानन जूलॉजिकल पार्क से जाने या वापस आते समय लोग आम तौर पर इस झील का दौरा करते हैं। अपर जोंकः यह जोंक नदी के पास पटोरा गांव में स्थित है।



# बिजनेस/स्पोर्ट्स



### न्यूजीलैंड से मिली करारी हार के बाद युवा खिलाड़ियों पर भड़के सुनील गावस्कर, कहा-

# कोहली से सीख लेने की जरूरत

एजेंसी





नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अच्छी शुरुआत नहीं मिलने के कारण भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा और टीम के बल्लेबाजों को मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते समय पारी को सही ढंग से आगे बढ़ाने के लिए विराट कोहली से सीख लेनी चाहिए। भारत को इंदौर में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में न्यूजीलैंड से 41 रन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह वह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पहली बार वन डे श्रृंखला में हार गया। भारत के प्रमुख बल्लेबाजों में केवल कोहली ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए। उन्होंने 108 गेंद पर 124 रन बनाए। गावस्कर ने जिओस्टार के एक कार्यक्रम में कहा, ''विराट कोहली को पूरा सहयोग नहीं मिलने के कारण भारत के लिए चीजें मुश्किल हो गई। कोहली को बहुत कम सहयोग मिला। इस श्रृंखला में भारत के लिए असली समस्या अच्छी शुरुआत न कर पाना रही है। कहा भी जाता है कि अच्छी शुरुआत का मतलब आधा काम हो गया।'' उन्होंने बताया, ''भारत की शुरुआत कभी अच्छी नहीं रही और यही उसकी हार के मुख्य कारणों में से एक है कि वह बड़े स्कोर का पीछा करने में सक्षम नहीं था।'' भारत के आधे बल्लेबाज 159 रन तक पवेलियन लौट गए थे जिससे टीम की जीत की संभावना को गंभीर झटका लगा था। गावस्कर ने कहा, ''जब आप केएल राहुल जैसे शानदार फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को खो देते हैं और आपके पास नीतीश कुमार रेड्डी हैं, जिन्होंने 53 रन की इस पारी से पहले अपनी क्षमता का सही प्रदर्शन नहीं किया था, और फिर हर्षित राणा हैं, जिनसे आप कभी भी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हो सकते कि वह कैसा प्रदर्शन करेंगे तो लक्ष्य तक पहुंचना बड़ी चुनौती बन जाती है। भारत को ठीक इसी स्थिति का सामना करना पड़ा।'' इस पूर्व बल्लेबाज ने आखिर तक प्रयास करने के लिए कोहली की प्रशंसा की और दूसरों से उनकी मानसिकता और निरंतरता का अनुकरण करने को कहा। उन्होंने कहा, ''उनकी विशेषता यह है कि वे किसी छवि से बंधे नहीं हैं। कई बल्लेबाज और गेंदबाज यह सोचते हैं कि लोग उनके बारे में कैसा सोचते हैं और उन्हें लगता है कि उन्हें अपनी क्षमता पर खरा उतरना होगा। विराट ऐसे नहीं हैं।'' गावस्कर ने कहा, ''वह (कोहली) अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और वह काम है रन बनाना। कभी-कभी इसका मतलब होता है संभलकर खेलना और फिर खुलकर खेलना। कभी-कभी इसका मतलब जल्दी आक्रामक अंदाज अपनाना या फिर परिस्थितियों के अनुसार स्ट्राइक रोटेट करना होता है। कोहली इस बारे में नहीं सोचते कि उनसे किस तरह से खेलने की उम्मीद की जाती है। उन्होंने कहा, ''उनका स्वभाव ही सबसे अहम है। वह यह नहीं सोचते कि 'मुझसे छक्का मारने की उम्मीद की जाती है।' वह परिस्थिति के अनुसार खेलते हैं। वह कभी हार नहीं मानते। उन्होंने आखिर तक प्रयास किया।

# एचआईएल ने मुझे एक बेहतर स्ट्राइकर बनाया: लालरेमसियामी

एजेंसी

नई दिल्ली। श्राची बंगाल टाइगर्स की फॉरवर्ड लालरेमसियामी ने वुमेंस हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 में अपनी टीम के रनर-अप रहने पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे व्यक्तिगत और टीम दोनों स्तर पर सीख से भरा सीजन बताया। उन्होंने भरोसा जताया कि टीम अगले सीजन में एक कदम और आगे बढ़ते हुए खिताब जरूर जीतेगी। लालरेमसियामी ने एक आधिकारिक बयान में कहा हमारे लिए यह सीजन काफी अच्छा रहा। हम जरूर चैंपियन बनना चाहते थे, लेकिन एक टीम के तौर पर हमने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कई बार नतीजे आपके नियंत्रण में नहीं होते, लेकिन इस बार हीरो एचआईएल का अनुभव मुझे बहुत पसंद आया। हमने खेल का आनंद लिया और एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा। श्राची बंगाल टाइगर्स ने टूर्नामेंट में कई मुकाबले खेले, जो पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचे, जिसमें एसजी पाइपर्स के खिलाफ खेला गया फाइनल भी शामिल रहा। इन दबाव भरे मुकाबलों पर बात करते हुए लालरेमसियामी ने कहा कि टीम ने नतीजों से ज्यादा अपने खेल पर ध्यान केंद्रित रखा। उन्होंने कहा, एसजी पाइपर्स के खिलाफ पहले भी हमारे मुकाबले बहुत करीबी रहे थे। एक मैच में आखिरी समय में गोल खाने के बाद शूटआउट हुआ और दूसरे में हम हावी रहे लेकिन गोल नहीं कर सके। हमें लगा कि हम मैच जीत सकते थे। फाइनल से पहले हमारा फोकस सिर्फ अपने खेल और स्किल्स पर था, लेकिन दुर्भाग्य से हम तय समय में जीत हासिल नहीं कर सके। फिर भी यह अनुभव हमारे लिए बहुत अहम रहा। टूर्नामेंट की धीमी शुरुआत के बाद बंगाल टाइगर्स ने लय पकड़ी। लालरेमसियामी ने टीम के माहौल, संवाद और सीनियर खिलाड़ियों की भूमिका की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, हमें कॉम्बिनेशन बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं मिला था, लेकिन खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने एक-दूसरे को समझने में पूरी मेहनत की। टीम का माहौल और कम्युनिकेशन बहुत अच्छा रहा। सीनियर खिलाड़ियों ने युवा खिलाड़ियों को सही दिशा दिखाई, जिसका असर मैदान पर साफ दिखा। व्यक्तिगत तौर पर भी यह सीजन लालरेमसियामी के लिए खास रहा। उन्होंने तीन गोल दागे और टूर्नामेंट की टॉप-5 गोल स्कोरर्स में जगह बनाई। उन्होंने कहा, पिछले सीजन में मैं मिडफील्ड में खेल रही थी, लेकिन इस बार पूरे टूर्नामेंट में स्ट्राइकर की भूमिका में रही। इससे मुझे गोल करने के ज्यादा मौके मिले। मिडफील्ड और डिफेंस के खिलाड़ियों का सपोर्ट शानदार रहा। मैंने इस सीजन को काफी एन्जॉय किया। उन्होंने यह भी माना कि हीरो एचआईएल ने सर्कल के अंदर उनके फैसले लेने की क्षमता को बेहतर किया। उन्होंने कहा, स्ट्राइकर के तौर पर 1फ1 और दबाव की परिस्थितियों में तुरंत फैसला लेना होता है। इस लीग में मुझे ऐसे कई मौके मिले। शुरुआत में कुछ गलत फैसले भी हुए, लेकिन मैच दर मैच मैंने सीखा और अब मेरा डिसीजन मेकिंग काफी बेहतर हुआ है।

# हमें अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा और कैचिंग में सुधार करना होगा: गिल

इंदौर। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में पहली हार न केवल आंकड़ों के लिहाज से एक झटका थी, बल्कि इससे एक असहज स्पष्टता भी उजागर हुई और कप्तान शुभमन गिल ने हार के अंतर या कुछ खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी का बहाना नहीं बनाया। श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय टीम की पराजय के बाद गिल ने एक ऐसे पैटर्न का खुलासा किया, जिसने उनके शब्दों में, ''दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया। गिल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, '' ऐसा नहीं है कि हमने खराब बल्लेबाजी की। बात यह थी कि हम पर्याप्त देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। जब ??बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिलती है और वे उसे बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाते तो स्थिति बहुत मुश्किल हो जाती है। हमारे कम से कम दो बल्लेबाजों को लंबी पारी खेलनी चाहिए थी। यही उनके और हमारे बीच का अंतर रहा। भारत पूरी श्रृंखला में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया जिसमें इंदौर में खेला गया मैच भी शामिल है। इस मैच में विराट कोहली के शतक ने कुछ समय के लिए मैच का रुख पलटने की उम्मीद जगाई थी। गिल बार-बार न्यूजीलैंड के दृष्टिकोण के साथ तुलना का मुद्दा उठाते रहे। उन्होंने कहा, ''जब भी उनके बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की तो वह बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहे। श्रृंखला में इसी ने मुख्य अंतर पैदा किया। पहले दो मैचों में मैं भी जम गया था, लेकिन मैं उसे 100, 120 या 130 रन में नहीं बदल पाया। बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है।'' रविंद्र जडेजा पिछले कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन गिल ने कहा कि हार के लिए सभी खिलाड़ी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, ''जड्डू भाई बल्ले से अच्छी लय में दिख रहे थे।

# पाकिस्तान दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17 सदस्यीय टी20 टीम घोषित, कमिंस-हेजलवुड-डेविड को मिला आराम

एजेंसी



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान दौरे के लिए 17 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान कर दिया है। चोट से जूझ रहे कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड को इस दौरे से आराम दिया गया है, ताकि वे आगामी टी20 वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह फिट हो सकें। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में खेले जाने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण चुना है। बिग बैश लीग (बीबीएल) में शानदार प्रदर्शन के दम पर पर्थ स्कॉर्चर्स के तेज गेंदबाज माहली बीर्डमैन और सिडनी सिक्सर्स के युवा ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ी अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू नहीं कर पाए हैं, लेकिन इससे पहले भारत दौरे के दौरान वे व्हाइट-बॉल स्क्वॉड का हिस्सा रह चुके हैं। ब्रिस्बेन हीट के बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ भी पाकिस्तान के खिलाफ अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के दावेदार हैं। हाल के बिग बैश सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन को इसका इनाम मिला है। रेनशॉ ने पिछले दो बीबीएल सीजन में 604 रन बनाए हैं और उनका औसत 35.53 रहा है। जैक एडवर्ड्स इस समय सिडनी सिक्सर्स के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने मौजूदा बिग बैश में 15 विकेट झटके हैं। वहीं 20 वर्षीय माहली बीर्डमैन ने अपने पहले फुल बीबीएल सीजन में 8 विकेट लेकर पर्थ स्कॉर्चर्स को शीर्ष पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। बीबीएल 15 के फाइनल में खेलने वाले खिलाड़ी टूर्नामेंट खत्म होने के बाद पाकिस्तान में टीम से जुड़ेंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, यह सीरीज उन खिलाड़ियों के लिए शानदार मौका है जो चयन की दहलीज पर हैं। साथ ही कुछ युवा खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप ग्रुप के साथ अनुभव हासिल करने का अवसर मिलेगा।

पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के तीनों टी20 मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में 29 जनवरी, 31 जनवरी और 1 फरवरी को खेले जाएंगे। इस दौरे पर जाने वाले 17 में से 10 खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड का भी हिस्सा हैं।

## मैड्रिड 20 अप्रैल को 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स' की मेजबानी करेगा

मैड्रिड। मैड्रिड लगातार तीसरे वर्ष 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स' की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। पिछले साल की तरह यह पुरस्कार समारोह 20 अप्रैल को सिबेल्स पैलेस में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बयान में कहा, ''मैड्रिड ने 2024 में पहली बार लॉरियस पुरस्कारों की मेजबानी की थी और उसके बाद शहर को 'लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड' से बहुत फायदा हुआ। बयान में कहा गया है, ''2026 में होने वाले पुरस्कार समारोह में एक बार फिर खेलों से जुड़े दिग्गजों के साथ मनोरंजन, संस्कृति और फैशन जगत की कुछ बड़ी हस्तियां भी इसमें शामिल होंगी। सात प्रमुख श्रेणियों में से प्रत्येक में विजेता रहने वाले को प्रतिष्ठित लॉरियस प्रतिमा प्रदान की जाएगी। मैड्रिड समुदाय की प्रमुख इसाबेल डियाज़ आयुसो ने कहा कि वह अपने शहर में खेलों से परिपूर्ण वर्ष की प्रतीक्षा कर रही हैं।

## कोको गॉफ, अनिसिमोवा और मेदवेदेव दूसरे दौर में

**मेलबर्न।** तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह अमांडा अनिमिसोवा और दानिल मेदवेदेव के साथ सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया। गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं। अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा। दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा। डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था। महिला वर्ग के अन्य महत्वपूर्ण मैचों में विश्व रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी और पिछले दो ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली अमांडा अनिसिमोवा ने सिमोना वाल्टरट को 6-3, 6-2 से, नंबर छह जेसिका पेगुला ने अनास्तासिया ज़खारोवा को 6-2, 6-1 से और नंबर 14 क्लारा टौसन ने डाल्मा गाल्फी को 6-3, 6-3 से हराया। इस बीच 27वीं वरीयता प्राप्त और 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन का खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह पहले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स से 6-3, 6-2 से हार गईं। स्टर्न्स का अगला मुकाबला क्रोएशिया की पेट्रा मार्किको से होगा। एम्मा नवारो भी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेटों में हार गईं। पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फ़ेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच बीच में ही छोड़ दिया। दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले इस मैच में तब बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे चल रहे थे।

## एमसीएक्स पर उछला सोना, चांदी और तांबा में भी आई तेजी

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी की कीमत में मामूली गिरावट आने के बावजूद मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर इन दोनों चमकीली धातुओं ने जोरदार तेजी दिखाई है। एमसीएक्स पर सोने का फरवरी वायदा 2,381 रुपये यानी 1.67 प्रतिशत बढ़कर 1,44,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया है। इसी तरह एमसीएक्स पर चांदी का मार्च वायदा 12,586 रुपये यानी 4.37 प्रतिशत उछल कर 3,00,239 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गया है। सोना और चांदी की तरह ही आज तांबा के भाव में भी जोरदार तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। तांबे का जनवरी वायदा 14.50 रुपये यानी 1.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,304.05 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह नेचुरल गैस के भाव में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। नेचुरल गैस का जनवरी वायदा 30.10 रुपये यानी 11.80 प्रतिशत उछल कर 313.50 रुपये के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हालांकि एमसीएक्स पर कच्चे तेल के भाव में आज गिरावट दर्ज की गई है। कच्चे तेल का फरवरी वायदा 24 रुपये यानी 0.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,423 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड के मसले को लेकर यूरोपीय देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन गई है। टीएनवी फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ तारकेश्वर नाथ वैष्णव का कहना है कि जियो पॉलिटिकल टेंशन के कारण वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था में ठहराव आने की आशंका बन गई है। ठहराव की इसी आशंका के कारण निवेशकों ने सोना और चांदी के साथ ही तांबा में भी निवेश बढ़ा दिया है, जिसके कारण इन धातुओं की कीमत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी आ गई है।

## मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स की नजरें वापसी करने पर

वडोदरा। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां जब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना अभियान वापस पटरी पर लाना होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस की टीम ने अब तक पांच मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं। उसके खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर दूसरे मैच में 195 रन का बचाव करते हुए सबसे निचले पायदान पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से करारी शिकस्त दी।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत पर गर्व है: मिचेल

**इंदौर।** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डैरिल मिचेल ने कहा कि भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दबाव में शांति के साथ फैसले लेने और एक दूसरे पर विश्वास करने के कारण मिली।


### यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

**हावड़ा - आनंद विहार (ट.) एवं डिब्रुगढ़ - गोमतीनगर स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिनकी समय-सारणी निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी सं. 13065/13066 हावड़ा - आनंद विहार (ट.) - हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 13065 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 13066 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:10 | हावड़ा | 10:50 | ---- |
| 00:01 | 00:03 | बैण्डेल जं. | 09:05 | 09:07 |
| 01:04 | 01:06 | बर्द्धमान | 07:53 | 07:55 |
| 01:55 | 01:57 | दुर्गापुर | 06:52 | 06:54 |
| 02:26 | 02:28 | आसनसोल जं. | 06:20 | 06:22 |
| 04:00 | 04:05 | धनबाद जं. | 05:00 | 05:05 |
| 04:30 | 04:32 | एनएससी बोस गोमो | 04:25 | 04:27 |
| 04:55 | 04:57 | पारसनाथ | 04:04 | 04:06 |
| 05:55 | 05:57 | कोडरमा जं. | 03:07 | 03:09 |
| 07:25 | 07:30 | गया जं. | 01:45 | 01:50 |
| 08:12 | 08:14 | अनुग्रह नारायण रोड | 00:24 | 00:26 |
| 08:30 | 08:32 | डेहरी ऑन सोन | 00:08 | 00:10 |
| 08:48 | 08:50 | सासाराम | 23:53 | 23:55 |
| 09:25 | 09:27 | भभुआ रोड | 23:24 | 23:26 |
| 10:45 | 10:50 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 22:40 | 22:45 |
| 11:50 | 12:00 | वाराणसी जं. | 21:40 | 21:50 |
| 13:06 | 13:08 | जौनपुर सिटी | 19:26 | 19:28 |
| 14:20 | 14:25 | सुलतानपुर जं. | 18:30 | 18:35 |
| 14:54 | 14:56 | निहालगढ़ | 17:43 | 17:45 |
| 16:50 | 17:00 | लखनऊ जं. | 16:05 | 16:15 |
| 19:56 | 19:58 | शाहजहांपुर जं. | 11:48 | 11:50 |
| 20:58 | 21:00 | बरेली जं. | 10:36 | 10:38 |
| 22:38 | 22:48 | मुरादाबाद जं. | 09:05 | 09:10 |
| 23:30 | 23:32 | गजरौला जं. | 07:27 | 07:29 |
| 00:13 | 00:15 | हापुड़ जं. | 06:44 | 06:46 |
| 01:41 | 01:43 | गाजियाबाद जं. | 06:01 | 06:03 |
| 02:50 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 05:15 |

चलने के दिन: 13065 हावड़ा से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 22.01.2026 से एवं 13066 आनंद विहार (ट.) से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 24.01.2026 से।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 15949/15950 डिब्रुगढ़ - गोमतीनगर - डिब्रुगढ़ अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 15949 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 15950 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:00 | डिब्रुगढ़ | 12:40 | ---- |
| 21:35 | 21:37 | मोराणहाट | 11:00 | 11:02 |
| 22:23 | 22:25 | शिमलगुड़ी जं. | 10:10 | 10:12 |
| 23:15 | 23:25 | मरियानी जं. | 08:40 | 08:50 |
| 00:40 | 00:42 | फरकाटिंग जं. | 08:00 | 08:02 |
| 02:35 | 02:40 | डिमापुर | 06:20 | 06:25 |
| 03:13 | 03:15 | दिफू | 05:30 | 05:32 |
| 04:00 | 04:10 | लामडिंग जं. | 04:35 | 04:45 |
| 05:00 | 05:02 | होजाई | 03:25 | 03:27 |
| 05:35 | 05:37 | चापरमुख जं. | 02:45 | 02:47 |
| 06:03 | 06:05 | जागी रोड | 02:13 | 02:15 |
| 07:35 | 07:45 | गुवाहाटी | 01:05 | 01:15 |
| 08:00 | 08:02 | कामाख्या जं. | 00:45 | 00:47 |
| 08:50 | 08:52 | रंगिया जं. | 23:50 | 23:52 |
| 09:08 | 09:10 | नलबाड़ी | 23:20 | 23:22 |
| 09:44 | 09:46 | बरपेटा रोड | 22:45 | 22:47 |
| 10:30 | 10:40 | न्यू बंगाईगाँव | 22:00 | 22:10 |
| 11:20 | 11:22 | कोकराझार | 21:20 | 21:22 |
| 12:25 | 12:27 | न्यू अलीपुरद्वार | 20:03 | 20:05 |
| 12:45 | 12:47 | न्यू कोच बिहार | 19:40 | 19:45 |
| 15:00 | 15:10 | न्यू जलपाईगुड़ी | 17:30 | 17:40 |
| 15:52 | 15:54 | अलुआबाड़ी रोड | 16:18 | 16:20 |
| 16:20 | 16:22 | किशनगंज | 15:50 | 15:52 |
| 17:20 | 17:22 | बारसोई जं. | 15:08 | 15:10 |
| 19:20 | 19:30 | कटिहार जं. | 14:15 | 14:25 |
| 20:13 | 20:15 | नवगछिया | 12:00 | 12:02 |
| 21:17 | 21:19 | खगड़िया जं. | 10:23 | 10:25 |
| 21:49 | 21:51 | बेगूसराय | 09:31 | 09:33 |
| 22:25 | 22:35 | बरौनी जं. | 09:05 | 09:15 |
| 00:18 | 00:23 | हाजीपुर | 06:55 | 07:00 |
| 00:31 | 00:33 | सोनपुर | 06:41 | 06:43 |
| 02:40 | 02:50 | छपरा | 05:15 | 05:20 |
| 03:45 | 03:50 | सिवान | 04:05 | 04:10 |
| 04:50 | 04:52 | देवरिया सदर | 02:58 | 03:00 |
| 06:50 | 07:00 | गोरखपुर जं. | 01:50 | 02:00 |
| 07:39 | 07:41 | खलीलाबाद | 00:16 | 00:18 |
| 08:13 | 08:16 | बस्ती | 23:47 | 23:50 |
| 09:00 | 09:02 | मनकापुर | 22:56 | 22:58 |
| 10:05 | 10:10 | अयोध्या धाम जं. | 22:00 | 22:05 |
| 10:30 | 10:40 | अयोध्या छावनी | 21:30 | 21:40 |
| 12:36 | 12:38 | बाराबंकी | 19:12 | 19:14 |
| 13:30 | ---- | गोमतीनगर | ---- | 18:40 |

चलने के दिन: 15949 डिब्रुगढ़ से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 30.01.2026 से एवं 15950 गोमती नगर से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.02.2026 से।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

193/2026

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**महत्वपूर्ण सूचना**

हरिद्वार में आयोजित होने वाले अखंड दीप शताब्दी महोत्सव-2026 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

**रेलगाड़ी सं. 04304/04303 हरिद्वार जं.-दिल्ली शाहदरा जं.-हरिद्वार जं. विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04304 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04303 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 14.00 | हरिद्वार जं. | 02.00 | -- |
| 14.55 | 14.57 | रुड़की | 01.01 | 01.03 |
| 15.50 | 16.30 | सहारनपुर जं. | 00.20 | 00.50 |
| 18.05 | 18.07 | मेरठ सिटी जं. | 22.10 | 22.12 |
| 19.20 | 19.22 | गाजियाबाद जं. | 21.30 | 21.32 |
| 20.00 | -- | दिल्ली शाहदरा जं. | -- | 21.00 |

चलने के दिन : 04304 हरिद्वार जं. एवं 04303 दिल्ली शाहदरा जं. से दिनांक 22.01.2026 (वीरवार) को।

स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04306/04305 हरिद्वार जं.-लखनऊ जं.-हरिद्वार जं. विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04306 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04305 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12.55 | हरिद्वार जं. | 08.45 | -- |
| 13.25 | 13.27 | लक्सर जं. | 08.03 | 08.05 |
| 13.53 | 13.55 | नजीबाबाद जं. | 07.20 | 07.22 |
| 14.03 | 14.05 | नगीना | 06.55 | 06.57 |
| 14.20 | 14.22 | धामपुर | 06.38 | 06.40 |
| 14.35 | 14.37 | स्योहारा | 06.20 | 06.22 |
| 15.25 | 15.35 | मुरादाबाद जं. | 05.30 | 05.40 |
| 17.05 | 17.07 | बरेली जं. | 03.53 | 03.55 |
| 18.55 | 18.57 | शाहजहांपुर | 02.59 | 03.00 |
| 19.21 | 19.23 | आंझी शाहबाद | 02.25 | 02.27 |
| 19.53 | 19.55 | हरदोई | 01.55 | 01.57 |
| 20.17 | 20.19 | बालामऊ जं. | 01.20 | 01.22 |
| 23.45 | -- | लखनऊ | -- | 00.20 |

चलने के दिन : 04306 हरिद्वार जं. से दिनांक 22.01.2026 (वीरवार) को एवं 04305 लखनऊ से दिनांक 23.01.2026 (शुक्रवार) को।

स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

201/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत और यूएई ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी से संबंधित रूपरेखा को अंतिम रूप देने के आशय पत्र पर हस्ताक्षर किये

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी से संबंधित रूपरेखा को अंतिम रूप देने तथा अंतरिक्ष क्षेत्र में संयुक्त पहल के बारे में आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने गुजरात के धोलेरा में एक विशेष निवेश क्षेत्र के विकास में यूएई की भागीदारी से संबंधित आशय पत्र पर हस्ताक्षर के साथ यू ए ई द्वारा 5 लाख टन तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के दीर्घावधि समझौते पर भी हस्ताक्षर किये गये हैं। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2032 तक दोगुना कर 200 अरब डालर पहुंचाने का भी लक्ष्य रखा है।

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोमवार को यहां हुई वार्ता के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यहां संवादाता सम्मेलन में बताया कि इन समझौतों पर दोनों नेताओं की मौजूदगी में हस्ताक्षर किये गये। श्री मिस्री ने कहा कि शेख नाहयान की तीन घंटे की यात्रा बेहद सार्थक रही और इसने दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य की दिशा तय करने का मार्ग प्रशस्त्र किया।

शेख नाहयान आज शाम ही भारत की आधिकारिक यात्रा पर आये थे। श्री मोदी ने स्वयं हवाई अड्डे जाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद वह शेख नाहयान को अपने साथ कार में अपने आवास लेकर आये। प्रधानमंत्री ने शेख नाहयान और उनके परिवार को पारंपरिक भारतीय उपहार भी भेंट किये। श्री मोदी के साथ वार्ता के बाद यूएई के राष्ट्रपति स्वदेश रवाना हो गये। विदेश मंत्री एस जयशंकर उन्हें विदा करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे।

श्री मिस्री ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी और मैत्रीपूर्ण माहौल में बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी के लिए एक रूपरेखा समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में कार्य करने के लिए दोनों पक्षों के बीच एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने कहा कि साथ ही अंतरिक्ष क्षेत्र में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र और यूएई अंतरिक्ष एजेंसी के बीच अंतरिक्ष अवसंरचना विकास और उसके व्यावसायीकरण के लिए एक संयुक्त पहल के संबंध में भी आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

श्री मिस्री ने कहा कि इस विशेष पहल के अंतर्गत नए प्रक्षेपण परिसरों की स्थापना, उपग्रह निर्माण सुविधाएं, संयुक्त मिशन, अंतरिक्ष अकादमी तथा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने पर विचार किया जाएगा।



विदेश सचिव ने कहा कि गुजरात के धोलेरा में एक विशेष निवेश क्षेत्र के विकास में यूएई की भागीदारी से संबंधित एक आशय पत्र पर भी हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने कहा कि यह एक मेगा साझेदारी पहल है, जिसके अंतर्गत एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, पायलट प्रशिक्षण स्कूल, एमआरओ सुविधा, ग्रीनफील्ड बंदरगाह, स्मार्ट शहरी टाउनशिप, साथ ही रेलवे संपर्क और ऊर्जा अवसंरचना से जुड़ी परियोजनाओं की स्थापना पर कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच यूएई से पांच लाख टन तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के दीर्घावधि समझौते पर भी हस्ताक्षर किये गये हैं।

श्री मिस्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच अभी 100 अरब डालर का द्विपक्षीय व्यापार है और दोनों ने इसे वर्ष 2032 तक दोगुना कर 200 अरब डालर पहुंचाने का भी लक्ष्य रखा है।

सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने गाजा की शांति योजना से संबंधित हाल के घटनाक्रम , ईरान की स्थिति और पिछले एक महीने के यमन के घटनाक्रम पर भी बात की।

श्री मिस्री ने कहा कि दोनों नेताओं ने सीमा-पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा को दोहराया और इस बात पर बल दिया कि कोई भी देश आतंकवादी कृत्यों के वित्तपोषण, योजना, समर्थन या उन्हें अंजाम देने वालों को सुरक्षित पनाह नहीं दे। उन्होंने आतंकवादी वित्तपोषण का मुकाबला करने और धन शोधन रोधी प्रयासों को मजबूत करने के लिए वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) के ढांचे के अंतर्गत सहयोग जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

विदेश सचिव ने कहा कि दोनों नेताओं ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को मजबूत करने का निर्णय लिया। भारत में एक सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर की स्थापना में सहयोग के निर्णय का स्वागत करते हुए, उन्होंने भारत में डेटा सेंटर स्थापित करने में सहयोग की संभावनाओं का भी अन्वेषण करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने अपनी टीमों को परस्पर मान्यता प्राप्त संप्रभुता व्यवस्थाओं के अंतर्गत यूएई और भारत के बीच 'डिजिटल दूतावास' स्थापित करने की संभावना पर विचार करने का निर्देश दिया। श्री मोदी और शेख नाहयान ने द्विपक्षीय ऊर्जा साझेदारी की मजबूती पर संतोष व्यक्त किया और भारत की ऊर्जा सुरक्षा में यूएई के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और एडीएनओसी गैस के बीच वर्ष 2028 से प्रति वर्ष 0.5 मिलियन टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए हस्ताक्षरित 10-वर्षीय एलएनजी आपूर्ति समझौते का स्वागत किया।

दोनों नेताओं ने अपनी-अपनी टीमों को दोनों देशों के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्रों को आपस में जोड़ने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। इस संदर्भ में, उन्होंने मध्य पूर्व, पश्चिम एशिया, अफ्रीका और यूरेशिया क्षेत्र में एमएसएमई उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'भारत मार्ट', 'वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर' और 'भारतऽअफ्रीका सेतु' जैसी प्रमुख पहलों के त्वरित कार्यान्वयन का आह्वान किया।

उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि वर्ष 2024 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संधि ने दोनों देशों में अनेक क्षेत्रों में निवेश प्रवाह को और मजबूत किया है। उन्होंने गुजरात के धोलेरा में विशेष निवेश क्षेत्र के विकास के लिए संभावित यूएई साझेदारी पर हुई चर्चाओं का स्वागत किया। पहले एनआईआईएफ अवसंरचना फंड की सफलता को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने यूएई के संप्रभु संपत्ति कोषों को वर्ष 2026 में प्रारंभ होने वाले दूसरे अवसंरचना फंड में भागीदारी पर विचार करने के लिए आमंत्रित किया।

## मूर्तियां तोड़ी जा रही हैं और ये धर्म की राजनीति कर रहे हैं: कांग्रेस

एजेंसी

मथुरा। बनारस के मणिकर्णिका घाट पर माता अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने के विरोध में सोमवार को मथुरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर महानगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। पूर्व विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप माथुर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बनारस में भाजपा के 'अराजक तत्वों' ने प्रशासन के सहयोग से अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति पर बुलडोजर चलवा दिया। माथुर ने कहा, ''जो लोग सनातन और धार्मिक आस्था की दुहाई देते हैं, उनके राज में आज देवी-देवताओं और महापुरुषों की मूर्तियां सुरक्षित नहीं हैं। यह वोटों के ध्रुवीकरण के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने बनारस कॉरिडोर का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां विकास के नाम पर करीब 500 मंदिरों को तोड़ दिया गया। उन्होंने स्थानीय बांके बिहारी कॉरिडोर योजना को लेकर भी सरकार को घेरा। माथुर ने चेतावनी देते हुए कहा की उज्जैन और बनारस की तरह इनकी मंशा बांके बिहारी कॉरिडोर के नाम पर भी विध्वंस की है। यदि यहां कॉरिडोर बना, तो 250 मंदिरों और 500 सेवायत गोस्वामियों के घरों को तोड़ा जाएगा, जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे नेताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर पूरे देश की पूजनीय हैं और उनका अपमान निंदनीय है। एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद माथुर ने स्पष्ट किया कि अगर मूर्तियों और मंदिरों को निशाना बनाना बंद नहीं हुआ।

## मोदी की पहल ने पूर्वोत्तर के युवाओं के नये अवसर पैदा किये : जयंत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं रक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान इस क्षेत्र के युवाओं के लिए नए सिरे से आत्मविश्वास और अवसर पैदा किये हैं।

श्री चौधरी ने आज असम स्थित गुवाहाटी विश्वविद्यालय में पूर्वोत्तर के लिए इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया, जहां पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के युवा 26 कौशलों में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस अवसर पर श्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री का पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान, जो उनकी नियमित यात्राओं और नीतिगत प्राथमिकताओं से स्पष्ट है, ने इस क्षेत्र के युवाओं के लिए नए सिरे से आत्मविश्वास और अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने कहा कि इंडियास्किल्स जैसी पहलें इस दृष्टिकोण को और मजबूत करती हैं, क्योंकि ये राष्ट्रीय मंचों को सीधे इस क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं तक पहुंचाती हैं।

उन्होंने कहा, ''इंडिया स्किल्स महज एक प्रतियोगिता नहीं है; यह उत्कृष्टता, अनुशासन और काम की गरिमा का उत्सव है। पूर्वोत्तर में अपार प्रतिभा और आकांक्षाएं हैं, और यह मंच इस बात पर हमारे विश्वास को दर्शाता है कि इस क्षेत्र के युवा भारत के कुशल कार्यबल का नेतृत्व करने और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार हैं।

शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास के बीच घनिष्ठ समन्वय रोजगार, उद्यमिता और आजीवन सीखने के रास्ते खोलता है, साथ ही युवाओं भविष्य के लिए तैयार करता है।

प्रतियोगिता के अलावा, यह क्षेत्रीय आयोजन स्किल इंडिया मिशन के तहत उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कौशल विकास प्रणाली के निरंतर सुदृढ़ीकरण को दर्शाता है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) सहित प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के संस्थानों के छात्र विभिन्न कौशल श्रेणियों में भाग ले रहे हैं, जो दीर्घकालिक व्यावसायिक शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धी मंचों के बीच बढ़ते तालमेल को प्रदर्शित करता है।

उल्लेखनीय है कि कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ मिलकर, भारत की प्रमुख कौशल प्रतियोगिता को पहली बार उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कर रहा है।

## अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की जैव विविधता, आर्थिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण: डॉ. जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की जैव विविधता पर्यावरणीय और आर्थिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने आज बताया कि डॉ. सिंह ने श्री विजयपुरम में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के अंडमान और निकोबार क्षेत्रीय केंद्र का दौरा करने के बाद कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ''जैव विविधता की एक जीवंत प्रयोगशाला'' है, जहां अत्याधुनिक विज्ञान को संरक्षण और सतत आजीविका के साथ मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जेडएसआई जैसे संस्थान प्रामाणिक वैज्ञानिक आंकड़े उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता और महासागर आधारित आर्थिक विकास पर राष्ट्रीय नीतियों का मार्गदर्शन करते हैं। डॉ. सिंह ने द्वीपसमूह के प्रमुख पर्यटन और शैक्षिक स्थलों में से एक जेडएसआई संग्रहालय का भी दौरा किया जिसमें 22 जीव-जंतु समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 3,500 नमूने रखे गए हैं। उन्हें जन-जागरूकता और शिक्षा के क्षेत्र में संग्रहालय की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई, जहां छात्रों, शोधकर्ताओं और पर्यटकों सहित प्रतिवर्ष 75,000 से 1,00,000 आगंतुक आते हैं। डॉ. सिंह ने द्वीपसमूह के स्थानिक, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जीव-जंतुओं को प्रदर्शित करने वाले संदर्भ संग्रह, नमूनों और प्रदर्शनियों में गहरी रुचि दिखाई। केंद्रीय मंत्री को पोर्ट ब्लेयर स्थित जेडएसआई की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई जो भारत के पहले राष्ट्रीय प्रवाल भित्ति अनुसंधान संस्थान (एनसीआरआरआई) का नोडल केंद्र है।

### विजय शाह मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- मुकदमा चलाने की मंजूरी देनी है या नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि मंत्री विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी पर दो हफ्ते के भीतर फैसला करे। यह मामला कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ उनके आपत्तिजनक बयानों से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा कि विशेष जांच टीम ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अंतिम रिपोर्ट जमा कर दी है। अब राज्य सरकार की मंजूरी का इंतजार है, जो भारतीय दंड संहिता की धारा 196 (साम्प्रदायिक नफरत फैलाना) के तहत कार्रवाई के लिए जरूरी है। एसआईटी ने शाह के अन्य कथित आपत्तिजनक बयानों का भी हवाला दिया है और कोर्ट ने इसके लिए भी रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट में शाह के वरिष्ठ वकील ने कहा कि शाह ने अपनी माफी दर्ज कराई है और जांच में सहयोग कर रहे हैं। हालांकि, कोर्ट ने माफी को रिकॉर्ड पर स्वीकार नहीं किया और कहा कि यह बहुत देर से दी गई है। इससे पहले, कोर्ट ने उनकी सार्वजनिक माफी को 'घड़ियाली आंसू' बताते हुए इसे कानूनी जिम्मेदारी से बचने का तरीका माना था। गौरतलब है कि यह मामला 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उठकर सामने आया, जब शाह ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ विवादित बयान दिए। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए [illegible] दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद शाह ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी और मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने उनके बयानों की निंदा करते हुए [illegible] जांच के आदेश दिए और फिलहाल उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी।

### नक्सल रोधी सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई, जंगल से बरामद हुए 82 बीजीएल सेल

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के संवेदनशील नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे निरंतर अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की संयुक्त टीम ने आदिंगपार-कुमेरादी क्षेत्र के घने जंगलों से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। यह कार्रवाई गोपनीय सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिलने पर रविवार को आईटीबीपी की 53वीं वाहिनी और डीआरजी की संयुक्त टीम ने इलाके में सघन सर्च अभियान एवं एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन शुरू किया। अभियान का नेतृत्व आईटीबीपी आदिंगपार ई समावय के कंपनी कमांडर आज़ाद तथा डीआरजी के सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र ठाकुर ने किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा इस सफलता के बारे में कल देर रात बताया गया, कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक,सर्च के दौरान आदिंगपार एवं कुमेरादी के जंगल क्षेत्र में एक संदिग्ध पॉलीथीन दिखाई दी। इस पर टीम ने मौके पर रुककर पूरे इलाके की गहन तलाशी ली। इस तलाशी के दौरान नक्सली तत्वों द्वारा छिपाकर रखे गए 82 बीजीएल सेल बरामद किए गए। ये सेल गोलाबारी जैसी हिंसक गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले महत्वपूर्ण उपकरण हैं।

### भाजपा सत्ता के केंद्रीकरण के प्रयास में : राहुल

**कोच्चि।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सत्ता को केंद्रीकृत करने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी विकेंद्रीकरण में विश्वास करती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यहां स्थानीय निकाय चुनाव में निर्वाचित हुए कांग्रेस सदस्यों की एक 'महापंचायत' में यह भी कहा कि कांग्रेस त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 73वां और 74वां संवैधानिक संशोधन लेकर आई। राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि संविधान की रक्षा का मतलब जमीनी स्तर पर विकेंद्रीकृत शासन की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध मलयालम लेखिका एम लीलावती ने उन्हें देश भर में फैल रही चुप्पी की बढ़ती संस्कृति के बारे में आगाह किया था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा चाहती है कि लोग चुप रहें ताकि कुछ कॉरपोरेट समूह देश की संपत्ति पर नियंत्रण कर सकें।

## पेज एक का शेष

### नितिन नबीन चुने ...

से 30 प्रदेशों में पार्टी अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात प्रारंभ की गयी, जो न्यूनतम आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक है। निर्वाचन कार्यक्रम 16 जनवरी को जारी किया गया था। नामांकन के लिए आज अपराह्न दो बजे से शाम चार बजे तक का समय निर्धारित किया गया था और शाम चार से पांच बजे के बीच नाम वापस लेने का समय था। श्री नबीन को गत 14 दिसंबर को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये जाने के बाद 16 दिसंबर को बिहार मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। वर्तमान में वह बिहार विधानसभा में बांकीपुर सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा की प्रदेश इकाइयों की ओर से भी श्री नबीन के नामांकन के अनुमोदन के परचे प्रस्तुत किये गये। पार्टी मुख्यालय पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, मनोहर लाल खट्टर, सीआर पाटिल समेत कई प्रदेश वरिष्ठ नेता अपना समर्थन देने पहुंचे। भाजपा अध्यक्ष पद के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच शाम चार से पांच बजे किया गया। किसी दूसरे प्रत्याशी के नहीं होने के कारण मंगलवार 20 जनवरी को मतदान की औपचारिकता नहीं रह गयी। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता पार्टी मुख्यालय पहुंच गये थे। श्री नबीन को भाजपा के संसदीय बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। श्री नबीन का जन्म प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार में एक सितंबर 1980 को पटना में हुआ। उनके पिता, स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ नेता थे और पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे। पिता की राजनीतिक विरासत और जनसेवा की परंपरा ने श्री नबीन को प्रारंभ से ही राजनीति की ओर प्रेरित किया। श्री नबीन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नई दिल्ली के सीएसकेएम पब्लिक स्कूल से प्राप्त की और 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई वहीं से पूरी की। श्री नबीन ने पिता के निधन के बाद वर्ष 2006 में पटना पश्चिम विधानसभा सीट से उपचुनाव जीतकर सक्रिय राजनीति में कदम रखा। परिसीमन के बाद यह सीट बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र बनी। इसके बाद उन्होंने 2010, 2015, 2020 और 2025 के विधानसभा चुनावों में लगातार जीत दर्ज की। इस तरह वे पांच बार के विधायक बन चुके हैं और क्षेत्र में मजबूत जनाधार रखते हैं। श्री नबीन ने बिहार सरकार में कई अहम मंत्रालयों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया । वे पथ निर्माण मंत्री, शहरी विकास एवं आवास मंत्री तथा कानून एवं न्याय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनके कार्यकाल में बुनियादी ढांचे और शहरी विकास से जुड़े कई फैसलों को गति मिली। श्री नबीन की पार्टी संगठन में भी सक्रिय भूमिका रही है। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे। इसके अलावा उन्हें छत्तीसगढ़ में भाजपा का चुनाव प्रभारी भी नियुक्त किया गया था, जहां उन्होंने संगठन को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाई। श्री नबीन को उनकी विनम्रता, जमीनी स्तर से जुड़ाव और मजबूत संगठनात्मक अनुभव के लिए जाना जाता है। पार्टी और सरकार-दोनों स्तरों पर उनका अनुभव उन्हें भाजपा नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण चेहरा बनाता है।

### मुलायम के दूसरे...

सपा के टिकट पर लखनऊ कैंट विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुकी हैं। मुलायम सिंह यादव ने स्वयं कई बार उनका प्रचार किया था। मौजूदा समय वह राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। हाल ही में वह लखनऊ केजीएमयू में हुए हंगामे को लेकर चर्चा में आई थीं।

### संवाद, विमर्श और...

हमारी विधायी संस्थाओं का अपमान होता है। उन्होंने कहा कि नेताओं का आचरण ईमानदारीपूर्ण होना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के रूप में हमारा एक महत्वपूर्ण दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि सदन की कार्यवाही में सार्थक भागीदारी के लिए सभी सदस्यों, विशेषकर नए और युवा सदस्यों को पर्याप्त अवसर दिया जाए। हमें उन्हें स्थापित नियमों और परंपराओं के अनुसार सदन में जन महत्व के मुद्दों को उठाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। विधानमंडल जनता की समस्याओं को उठाने के लिए सबसे स्वाभाविक और प्रभावी मंच के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने प्रतिनिधियों का ध्यान विधायी कामकाज की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि विधानमंडलों की वास्तविक बैठकों की संख्या काफी कम होती हैं। उदाहरण के लिए, अपने पूरे पांच वर्षीय कार्यकाल के दौरान लोकसभा का सत्र लगभग 330 से 355 दिनों तक ही चलता है। इसका मतलब है कि यह एक वर्ष में 100 दिनों से भी कम है। और राज्य विधानमंडलों का सत्र तो इससे भी कम दिनों तक चलता है। इस नाजुक मोड़ पर, जब हमारे पास समय कम है और जनता की अपेक्षाएं तेजी से बढ़ रही हैं, हम एक भी क्षण व्यर्थ नहीं जाने दे सकते। पीठासीन अधिकारियों की भूमिका का उल्लेख पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि विधायिकाओं के संरक्षक के रूप में हमें लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को मजबूत करना होगा। विधानमंडल के सदस्यों के आचरण के माध्यम से, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी विधायी गतिविधियों के केंद्र में जनहित और जनता का कल्याण रहें। ठीक इसी संदर्भ में पीठासीन अधिकारियों का यह अखिल भारतीय सम्मेलन अधिक महत्व रखता है। यह हमें हमारी विधायी संस्थाओं के सामने उभरते मुद्दों और चुनौतियों पर सामूहिक रूप से विचार-विमर्श करने का मंच प्रदान करता है। सम्मेलन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि यूपी देश का हृदय प्रदेश है। काशी, अयोध्या, प्रयाग जैसे स्थल हैं। यूपी नहीं देखा तो भारत नहीं देखा, स्लोगन सटीक बैठता है। उन्होंने यूपी विधानसभा की कार्यप्रणाली और अध्यक्ष सतीश महाना के विभिन्न पहल एवं प्रयोग का उल्लेख करते हुए सराहना की। यूपी विधानसभा की इन पहलों से हम सब भी सीख कर अपनी विधानसभाओं में लागू कर सकते हैं। सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि आज यह प्रदेश ग्रोथ इंजन के रूप में पहचान बनाई है। पहले यह प्रदेश समस्या प्रदेश के रूप में जाना जाता था। इसी प्रदेश ने सबसे पहली महिला मुख्यमंत्री कृपलानी के रूप में दिया है। भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था में अग्रणी हो, इसमें केंद्र सरकार के साथ राज्यों की सरकारों को अहम योगदान निभाना होगा। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने मेरे आग्रह को स्वीकार किया और 2015 के बाद यूपी विधानसभा को यह सम्मेलन की मेजबानी मिली। महाना ने कहा कि पहले यह कहा जाता था कि जब कुछ न आये तो नेता बन जाएं। अब बदल गया है, अब वही नेता बन सकता है जिसे सबकुछ आये। हमारी विधानसभा में डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, प्रोफ़ेसर, किसान, बिजनेसमैन भी चुनकर आये हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने दौरान इस कार्यक्रम के लिए आया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया। उन्होंने सभी अतिथियों का शाल ओढाकर और प्रतीक चिह्रन भेंट कर स्वागत किया। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सम्मेलन में विधायी कार्यो को लेकर उपयोगी मंथन होगा। सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने अपने विचार रखे। देशभर से आए पीठासीन अधिकारियों के इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रदर्शनी का उद्घाटन, समूह चित्र और विभिन्न समितियों की बैठकें होंगी। 20 जनवरी को सत्र के दौरान एजेंडा बिंदुओं पर गहन चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। 21 जनवरी को समापन सत्र होगा। 22 जनवरी को प्रतिनिधि अयोध्या धाम में श्री राम लला के दर्शन करने के साथ ही राम नगरी का भ्रमण करेंगे। 23 जनवरी को प्रतिनिधियों का प्रस्थान होगा। यह सम्मेलन लखनऊ में चौथी बार हो रहा है।

### जब कुछ न आये...

आये। हमारी विधानसभा में डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, प्रोफ़ेसर, किसान, बिजनेसमैन भी चुनकर आये हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी का योगदान है और सबकी अपनी सीमाएं हैं। अगले तीन दिन तक इस विधानसभा में जनता के प्रति जवाबदेही व अन्य विषय पर चर्चा होगी। मुझे विश्वास है कि यहां होने वाली चर्चा देश भर की विधानसभाओं में पहुंचेगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस कार्यक्रम के लिए आया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को प्रतीक चिह्रन भेंट किया। मंचस्थ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति मानवेन्द्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय का शाल ओढ़ा कर प्रतीक चिह्रन भेंट कर स्वागत किया गया। 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। समापन सत्र को 21 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। विधानमंडलीय परंपरा के तहत यह सम्मेलन प्रत्येक वर्ष किसी न किसी राज्य में आयोजित होता है। पिछली बार इसका आयोजन कर्नाटक में हुआ था। उत्तर प्रदेश में यह चौथी बार आयोजित किया जा रहा है, इससे पूर्व वर्ष 2015 में उप्र को इसके आयोजन की जिम्मेदारी मिली थी। इस सम्मेलन के साथ ही आज से ही विधानसभा और विधान परिषद सचिवों का अलग सम्मेलन भी हो रहा है।

### पीठासीन अधिकारियों का...

सदस्यों को बोलने का अवसर देकर, व्यवस्था के बिंदुओं पर निर्णय लेते हैं। सदन की गरिमा को बनाए रखते हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता की रक्षा करते हैं। यह सम्मेलन हमारे संसद और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों को पूरे देश से विधायी प्रथाओं का पालन करने, संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने में अपने दृष्टिकोण एवं अनुभवों को साझा करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करता है। यह उन्हें विधायी दक्षता और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को व बढ़ाने के लिए अवसर भी प्रदान करता है। इस सम्मेलन के लिए चुने गए विषय समयोचित, प्रासंगिक और जन-केंद्रित हैं। आज के डिजिटल युग में, प्रौद्योगिकी एक सिद्ध शक्ति-गुणक है। यह पारदर्शिता, दक्षता और नागरिक केंद्रित विधायी प्रक्रियाओं को मजबूत करने में उतनी ही प्रासंगिक बनी हुई है, जितनी कि विधायकों की क्षमता को अनुकूलित करने और हमारे विधानमंडलों और निर्वाचित प्रतिनिधियों को नागरिकों के प्रति अधिक जवाबदेह और सुलभ बनाने में है।

### तीन सदस्यीय...

सजा की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने लोगों को आश्वासन दिया है कि जांच निष्पक्ष होगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस तरह की घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तर भारत में घना...

आईएमडी ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। आगे देखते हुए, 23 जनवरी तक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कोहरे के साथ हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी की आशंका जताई गई है। लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 जनवरी के बाद मौसम में एक बार फिर बदलाव आ सकता है, जिससे मैदानी इलाकों में तापमान गिरने और ठंड बढ़ने के आसार हैं।

# राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के अवसर पर आयोजित महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुये सीएम नीतीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान पार्षद संजय सिंह के सरकारी आवास 22, स्ट्रैण्ड रोड पर महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में विधान पार्षद संजय सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक उमेश कुशवाहा, विधान पार्षद संजय सिंह, विधान पार्षद रीना यादव, विधान पार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, पूर्व मंत्री सुमित कुमार सिंह, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




# संघ यात्रा के 100 वर्ष : वैचारिक चेतना और राष्ट्रबोध पर केंद्रित रहा 'चेतना' का सेमिनार-75.0

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। चेतना एवं एसआर चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लाला सीताराम गोयल स्मृति सेमिनार-75.0 के भव्य आयोजन का आज रोहिणी स्थित एक होटल में समापन हो गया। यह सेमिनार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा को समर्पित रहा। इस वैचारिक एवं राष्ट्र चिंतनात्मक सेमिनार में देश के प्रमुख संतों, विचारकों, सामाजिक चिंतकों, विद्वानों तथा सार्वजनिक जीवन से जुड़े प्रतिष्ठित वक्ताओं ने संघ की शताब्दी यात्रा के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रनिर्माण से जुड़े आयामों पर गहन विमर्श प्रस्तुत किया। अध्यक्ष राजेश चेतन ने सभी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेमिनार केवल वैचारिक संवाद का मंच नहीं है, बल्कि राष्ट्रचेतना, सांस्कृतिक आत्मबोध और सनातन मूल्यों को समाज से जोड़ने की एक सतत साधना है। सेमिनार में यह भी रेखांकित किया गया कि संघ ने अपने मूल विचारों के अनुरूप समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ जोड़ते हुए राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया को निरंतर दिशा और गति प्रदान की है। सेमिनार में स्वामी चिदानंद सरस्वती, संघ उत्तर क्षेत्र के निवर्तमान संघचालक डॉ. बजरंग लाल गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ रणनीतिकार सुनील विश्वनाथ देवधर, वरिष्ठ प्रचारक गोपाल आर्य, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय, दिल्ली प्रान्त कार्यवाह सीए अनिल गुप्ता, वरिष्ठ सर्जन डॉ. कौशल कांत मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी, एकल अभियान से राजेश गोयल, सेवानिवृत्त आईपीएस जितेन्द्र गोयल, प्रोफ़ेसर दीप्ति धर्माणी तथा राष्ट्रीय कवि संगम से जगदीश मित्तल ने विशेष सहभागिता की।



# उच्च न्यायालय के आदेश पर मोहाली में शुरू की गयी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहाली। पंजाब के मोहाली सिटी में नगर निगम ने पुलिस और ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अधिकरण (गमाडा) के सहयोग से अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक कार्रवाई शुरू की है। यह अभियान पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 13 जनवरी को जारी आदेश के बाद शुरू किया गया है। कार्रवाई के तहत घरों के सामने बनायी गयी ग्रीन बेल्ट, फुटपाथों, मार्केट और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किये गये अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। नगर निगम की टीम सरकारी जमीन पर बनायी गयी हेज, क्यारियां, अवैध पार्किंग और निजी गेट भी बुलडोजर से हटाने में जुटी है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, अतिक्रमण हटाने को लेकर पहले ही लोगों को नोटिस और चेतावनी दी जा चुकी थी। बावजूद इसके कई स्थानों पर अवैध कब्जे नहीं हटाये गये, जिसके कारण अब सख्त कार्रवाई की जा रही है। निगम ने स्पष्ट किया है कि किसी भी कीमत पर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। यह कार्रवाई फ़ेज-7 से शुरू की गयी है, जहां लंबे समय से अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। पूरे अभियान के दौरान वीडियोग्राफी करवायी जा रही है, ताकि कार्रवाई की पारदर्शिता बनी रहे। मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है, जिससे किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटा जा सके। अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण आम लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़कों और फुटपाथों के संकरे होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसे रेस्क्यू वाहन भी समय पर मौके पर नहीं पहुंच पाते थे, जिससे जनहानि का खतरा बढ़ जाता था।

# मुख्य सचिव ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की 'डेडलाइन' की तय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सोमवार को राज्य की तीन परियोजनाओं– नार्थ कोयल जलाशय, मंडई वीयर और ताजपुर-बख्तियारपुर ग्रीनफील्ड पथ की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि ये परियोजनाएं केवल बुनियादी ढांचा नहीं, बल्कि बिहार की कृषि और कनेक्टिविटी की जीवनरेखा हैं।

उत्तर कोयल जलाशय परियोजना को लेकर मुख्य सचिव ने गया के जिलाधिकारी द्वारा दी गई विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर इस परियोजना के महत्व पर चर्चा की । जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि 28 जनवरी तक परियोजना में व्यापक प्रगति सुनिश्चित की जाएगी। यह दशकों पुरानी परियोजना गया और औरंगाबाद जिलों के सूखाग्रस्त इलाकों के लिए वरदान है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि नहरों के नेटवर्क को इस तरह तैयार किया जाए कि खरीफ और रबी, दोनों फसलों के लिए सिंचाई सुनिश्चित हो सके। जिन क्षेत्रों में कार्य की गति धीमी है, वहां कार्य बल बढ़ाने और साप्ताहिक रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। मंडई वीयर परियोजना की सुस्त रफ्तार पर मुख्य सचिव ने औचक निरीक्षण की चेतावनी देते हुए इसके व्यापक लाभों को रेखांकित किया। यह परियोजना फल्गु नदी की सहायक नदियों पर आधारित है, जिसका उद्देश्य जल संचयन और भू-जल स्तर में सुधार करना है। इसके पूर्ण होने से जहानाबाद और आसपास के क्षेत्रों में पारंपरिक आहर-पईन प्रणाली को मजबूती मिलेगी। कार्य की वर्तमान प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव ने इसके रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 51.2 किमी का यह कॉरिडोर समस्तीपुर (ताजपुर) को पटना (बख्तियारपुर) से सीधे जोड़ेगा, जिससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच की दूरी लगभग 2 घंटे कम हो जाएगी। इस पथ के दोनों ओर औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। यह मार्ग न केवल यातायात को सुगम बनाएगा बल्कि वैशाली और समस्तीपुर के कृषि उत्पादों को पटना के बाजारों तक तेजी से पहुँचाने में मदद करेगा। मुख्य सचिव ने पथ निर्माण विभाग को इस सड़क के किनारे सघन पौधारोपण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों और सचिवों को निर्देश दिया कि इन परियोजनाओं के रास्ते में आने वाली भू-अर्जन या वन विभाग की एनओसी जैसी समस्याओं का निपटारा अंतर-विभागीय समन्वय के माध्यम से तुरंत करें। रैयतों को भुगतान भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।




# चंडीगढ़ में ठंड बढ़ने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब, चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार से घने कोहरे और बढ़ी ठंड का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। सुबह के समय इन इलाकों में दृश्यता बेहद कम होने के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

पंजाब के अमृतसर, लुधियाना, फाजिल्का और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ सहित कई इलाकों में सुबह के समय दृश्यता काफी कम दर्ज की गयी। लुधियाना के हलवारा क्षेत्र में दृश्यता शून्य तक पहुंच गयी, जिससे सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर धीमी गति से वाहन चलाने को मजबूर होना पड़ा।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, डीजे और अश्लील गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध

भागलपुर। बिहार में भागलपुर जिले के सनोखर थाना परिसर में सोमवार को थानाध्यक्ष पंकज किशोर की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती पूजा आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। साथ ही पूजा पंडालों में भोजपुरी के अश्लील गाना पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। थानाध्यक्ष पंकज किशोर ने विशेष रूप से सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने पर सख्त रोक लगाने की बात कही। साथ ही डीजे संचालकों को भी आगाह करते हुए कहा कि यदि विसर्जन के दौरान डीजे बजाते हुए पकड़े गए तो डीजे संचालक एवं प्रतिमा स्थापित करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संस्कृति, परंपराओं का जीवंत प्रतीक है माघ मेला: सजवाण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। पौराणिक माघ मेला ( बाड़ाहाट कु थौलू) में आयोजित पत्रकार गोष्ठी में मेले के स्वरूप को बरकरार रखने पर जोर दिया गया है। सोमवार को माघ मेले के उपलक्ष्य में जिला पंचायत उत्तरकाशी की ओर से भव्य पत्रकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित रहे। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि माघ मेला हमारी संस्कृति, परंपरा एवं लोक आस्था का जीवंत प्रतीक है। इस ऐतिहासिक मेले के सफल आयोजन में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पत्रकारों से संवाद करते हुए उनके सुझावों एवं विचारों को महत्वपूर्ण बताया तथा कहा कि ऐसे संवाद आयोजन को और अधिक प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। हर वर्ष की भाँति माघ मेले में आयोजित यह पत्रकार गोष्ठी अत्यंत सार्थक एवं उपयोगी रही। पत्रकार गोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने जिले भर से आये पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर माघ मेला की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बाजारीकरण के दौर में इसके पौराणिक स्वरूप को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जिला पंचायत, प्रशासन और स्थानीय लोगों को मिलजुल कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की ओर से आए सुझावों पर अमल कर भविष्य में माघ मेले को और बेहतर तरीके से आयोजित करने की कोशिश रहेगी। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष उत्तरकाशी चिरंजीव सेमवाल ने ओर साथियों ने माघ मेला के पौराणिक व सांस्कृतिक स्वरूप को बरकरार रखने पर जोर देते हुए मेले के विभिन्न आयामों विस्तार से विचार विमर्श कर लिखित रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष को सौंपा। पत्रकार ने बताया कि जनपद के काश्तकारों का मुख्य व्यवसाय कृषि बागवानी और पशुपालन है आगामी माघ मेला में कृषि,उद्यान पशुपालन की विशाल प्रदर्शनी लगाने का सुझाव दिया है। पत्रकार गोष्ठी में पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, जिला पंचायत सदस्य विजय बंधानी, दीपेन्द्र कोहली, श्रीमती कविता शाह, भाजपा जिला महामंत्री परशुराम जगुडी, शरत सिंह चौहान, प्रताप पंवार प्रेस क्लब उत्तरकाशी के अध्यक्ष चिरंजीव सेमवाल, जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष विवेक सजवाण, वरिष्ठ पत्रकार विजेंद्र सिंह रावत, सचिव दिगवीर बिष्ट, जिला पत्रकार उपाध्यक्ष शंकर दत्त घिल्डियाल आदि पत्रकारों ने संबंधित किया, मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चंद्र रमोला ने किया।




# गिग श्रमिकों की हकीकत जानने को पूरी रात डिलीवरी बॉय बने राघव चड्ढा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गिग श्रमिकों के मुद्दे को लेकर एक अनोखी पहल की है। उन्होंने दिल्ली की कड़ाके की ठंड में ब्लिंकिट के एक डिलीवरी बॉय के साथ पूरी रात डिलीवरी कर गिग श्रमिकों की चुनौतियों को नजदीक से समझने की कोशिश की। राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियों में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि संसद में भाषण देने और गिग श्रमिकों के साथ कई बैठकों के बावजूद उन्हें लगा कि इससे काम नहीं चलने वाला इसलिए उन्होंने कहा कि गिग श्रमिकों की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए इसे जीना जरूरी था। ताकि उनकी परेशानियों को अच्छे से समझा जा सकें। सांसद ने बताया कि दिल्ली की सर्द रात में ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय के साथ दोपहिया वाहन पर ट्रैफिक और ठंड का सामना करते हुए पूरी रात ऑर्डर डिलीवर किए। चड्ढा ने कहा कि यह अनुभव गिग श्रमिकों की मेहनत, असुरक्षा और कठिन परिस्थितियों को समझने में बेहद अहम रहा। उन्होंने कहा कि गिग श्रमिकों की ड्यूटी के समय में महज 5 मिनट की कमी होने पर भी पूरे दिन का इंसेंटिव काट लिया जाता है। गिग श्रमिकों को रोजाना 12 से 15 घंटे की कड़ी ड्यूटी करनी पड़ती है। फिर भी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी एक बड़ा मुद्दा है। जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि, त्वरित-वाणिज्य कंपनियों से ''10-मिनट डिलीवरी'' की ब्रांडिंग हटाने का फैसला लिया गया है, ताकि गिग श्रमिकों पर अनावश्यक दबाव कम हो और उनकी सुरक्षा व काम करने की स्थिति सुधरे, क्योंकि यह ब्रांडिंग तेज गति से डिलीवरी के लिए भारी दबाव डालती थी, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता था, अब कंपनियां अनुमानित समय बताएंगी और सुरक्षा पर जोर देंगी।

# नालंदा जिले में लंबित कार्यों की निवारण के लिए बनायी गई कार्यक्रम नियमावली


कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत डीएम ने आज सोमवार को कार्यक्रम नियमावली लागु की है। इस संबंध में डीएम ने बताया कि कई बार ऐसा देखा गया है कि आम लोग जब अपनी समस्याओं को लेकर सरकारी कार्यालय पहुंचते हैं तो अधिकारी उपस्थित नहीं रहते हैं जिसके कारण उन्हें असुविधा होती है। इसके लिए आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी किया गया है जिसमें मुख्यतः प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस (सोमवार एवं शुक्रवार) को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, एवं जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोग अपनी शिकायतों का निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को उनके निर्धारित कार्यस्थल पर में मिलना अनिवार्य होगा। साथ ही निर्धारित दोनों दिवसों पर सभी संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित होकर लोगों से मिलेंगे और उनकी शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका त्वरित निराकरण भी करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि सम्बन्धित पदाधिकारी सोमवार एवं शुक्रवार को किसी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं तो उनके स्थान पर उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी लोगों से मिलने के लिए कार्यालय में उपस्थित रहेंगे और लंबित कार्य को समय पर निवारण करेंगें वहीं वैसे पदाधिकारी जो एक से अधिक विभाग कार्यालय के प्रभार में है वे सोमवार शुक्रवार को सुविधानुसार समय निर्धारित कर सभी कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों का कार्य करेंगे साथ हीं सभी आगंतुकों के लिए पेयजल शौचालय आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगे वहीं आगंतुकों से प्राप्त शिकायतों की पंजी का सधारण भी किया जाएगा एवं शिकायतों के सतत अनुश्रवण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएंगी। इन सभी कार्यक्रम के लिए नियंत्री पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि अधीनस्थ पदाधिकारीगण उपरोक्त निदेशों का अक्षरशः पालन कर रहे हैं या नहीं साथ ही सभी नियन्त्री पदाधिकारी अपने अधीनस्थ पदाधिकारी के कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के लिए अनुश्रवण की व्यवस्था करेंगे। डीएम ने निर्देश देते हुए यह भी कहा कि एग्री स्टैक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में प्रगति लाने हेतु मिशन मोड में जमाबंदी के बकेट क्लेम एवं सत्यापन करेंगे वहीं कृषि विभाग राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कैंप लगाकर फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति लायेंगे।



# पटना में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत के मामले में मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर

मुजफ्फरपुर। पटना में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत के मामले में राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग में दो अलग-अलग याचिका दायर की गई है। यह याचिका मुजफ्फरपुर जिले के मानवाधिकार मामलों के जानकार मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा ने दर्ज कराई है। पटना के मुन्नाचक, कंकड़बाग स्थित शम्भू गर्ल्स हॉस्टल में नीट की तैयारी करने वाली छात्रा गायत्री कुमारी बिहार के जहानाबाद जिले की निवासी थी। जो पटना में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। छात्रा की मौत के बाद प्रारंभिक जांच में पुलिस ने घटना को आत्महत्या से जोड़ने का प्रयास किया लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जो तथ्य सामने आए, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि यह मामला काफी गंभीर आपराधिक कृत्यों से जुड़ा हुआ है। मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा ने बातचीत में कहा कि शरीर पर चोटों के निशान और अन्य परिस्थितियां यह सवाल खड़े करती है कि शुरुआत में इस आपराधिक घटना को दबाने का प्रयास किया गया और इसे जानबूझकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। इस प्रकार के जघन्य मामले में जांच में कहीं भी लापरवाही या सच्चाई को छुपाने का प्रयास जिस स्तर से भी हुआ है, वह एक दंडनीय अपराध है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063